विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार Sunday
# दैनिक जागरण
वर्ष 72 अंक 139 पृष्ठ 12
रीवा, रविवार 16 फरवरी, 2025
फाल्गुन कृष्ण पक्ष 04, विक्रम संवत् 2081
नगर मूल्य 5 रुपए
www.dainikjagranmpcg.com

### प्रयागराज जाने के लिए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर उमड़ी भीड़

# अफरा-तफरी के बीच मची भगदड़, 17 लोगों की मौत

**नई दिल्ली, जेएनएन।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार को रात करीब 9.26 बजे भगदड़ से 17 लोगों की मौत हो गई, इनमें 3 बच्चे भी शामिल हैं। 10 से ज्यादा लोग घायल हैं, इसलिए मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, शनिवार रात प्लेटफार्म नंबर 14 पर प्रयागराज ट्रेन खड़ी थी। इसमें सवार होने के लिए काफी संख्या में लोग पहुंचे थे। स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस और भुवनेश्वर राजधानी विलंब से चलने के कारण इसके यात्री भी प्लेटफार्म पर नंबर 12,13 और 14 पर थे। इसी दौरान प्रयागराज ट्रेन के और यात्री आने लगे। इससे प्लेटफार्म नंबर 16 के एस्केलेटर के पास और प्लेटफार्म नंबर 14 व 15 पर भगदड़ मच गई। इसमें महिलाएं और बच्चों समेत कई लोग गिर गए। लोग उनके ऊपर से चढ़कर निकलने लगे।

रेलवे ने हादसे की जांच के आदेश दिए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घटना पर दुख व्यक्त किया है। ■ शेष पृष्ठ 7 पर



### शुरुआत में रेलवे ने भगदड़ को अफवाह बताया

शुरुआत में रेलवे ने कहा कि भगदड़ की सिर्फ अफवाह फैला दी गई है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक्स पर पोस्ट किया, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर स्थिति नियंत्रण में है। दिल्ली पुलिस और आरपीएफ पहुंच गई। घायलों को अस्पताल ले जाया गया। अचानक भीड़ को हटाने के लिए विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं। इसके फौरन बाद दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने एक्स पर पोस्ट कर घटना पर दुख जताया और मृतकों को श्रद्धांजलि दी। बाद में लोक नायक जय प्रकाश नारायण अस्पताल (एलएनजेपी) ने मौत की पुष्टि की। घायलों को इसी अस्पताल ले जाया गया था। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि यहां कई शव कतार में रखे हुए हैं। उधर घटना के बाद रेलवे स्टेशन को खाली करा लिया गया।

### नई शराब नीतिः प्रदेश में एक अप्रैल से एफडी के बजाय ई-बैंक गारंटी से मिलेगा लाइसेंस

# 25 फीसदी महंगी होगी शराब

मुख्य संवाददाता, भोपाल

एक अप्रैल से लागू होने वाली प्रदेश की नई आबकारी नीति में कुछ बड़े बदलाव कर दिए गए हैं। प्रदेश में शराब दुकानों के लाइसेंस अब सिर्फ ई-बैंक गारंटी के जरिए ही मिलेंगे। सरकार ने लाइसेंस के लिए एफडी जमा करने की शर्त में यह बदलाव किया है। नई नीति के अनुसार 1 अप्रैल से 13 पवित्र शहरों और 6 पवित्र गांवों की शराब दुकानें बंद कर दी जाएंगी। हालांकि सरकार ने इन दुकानों के बंद होने से होने वाले नुकसान की भरपाई का नया तरीका निकाला है। इसके तहत पवित्र शहरों और गावों की शराब दुकानें बंद करने पर अन्य जिलों में शराब ठेके की दर 25 फीसदी तक की बढ़ाई जाएगी।

इसका सीधा अर्थ है, शराब की कीमत बढ़ेगी। आबकारी विभाग अब पॉइंट ऑफ सेल (पीओएस) मशीनों के जरिए ही शराब बिक्री के निर्देश जारी करेगा। नई नीति के तहत अब कमर्शियल आयोजनों के दौरान तय लाइसेंस फीस देकर आसानी से शराब परोसी जा सकेगी। नई आबकारी नीति में कुछ पुरानी शर्तें यतावत रखी गई हैं। नई नीति के अनुसार 26 जनवरी, ■ शेष पृष्ठ 7 पर



### बोतल पर लगे लेबिल को स्कैन कर ही होगी बिक्री

नई नीति में सभी शराब दुकानों पर पीओएस मशीन लगने के बाद बोतल पर लगे एक्साइज लेबिल को स्कैन कर ही शराब की बिलिंग और बिक्री होगी। शराब की स्कैनिंग और बिलिंग न करने वाले वाले वाइन शॉप संचालकों पर पहली बार 25 हजार और इसके बाद हर केस पर पांच हजार रुपए पेनल्टी में इजाफा होगा। उदाहरण के लिए अगर कोई शराब दुकान संचालक पहली बार यह गलती करता है तो उसे 25 हजार का जुर्माना लगेगा और अगली बार यही गलती करेगा तो उसे 30 हजार रुपए जुर्माना देना होगा। इस तरह हर बार पेनल्टी बढ़ती जाएगी।

### आयोजनों में शराब पिलाना होगा आसान, लेना होगा लाइसेंस

नई नीति के तहत आयोजनों में शराब परोसने के लिए आयोजकों को लाइसेंस लेना होगा। कमर्शियल आयोजनों के लिए लोगों की संख्या के आधार पर लाइसेंस फीस तय की गई है। नई नीति के तहत 500 लोगों के लिए 25 हजार, 1000 मेहमानों तक 50 हजार, 2 हजार मेहमानों तक 75 हजार और 5 हजार व्यक्तियों के लिए 1 लाख रुपए लाइसेंस फीस देनी होगी। अगर किसी समारोह या आयोजन में पांच हजार से अधिक व्यक्ति शामिल होंगे तो उसके लिए दो लाख रुपए लाइसेंस फीस तय की गई है। नई नीति के अनुसार एरिया को देखते हुए अधिकतम 4 शराब दुकानों को मिलाकर एकल समूह बनाया जाएगा। अगर इससे अधिक दुकानों का समूह बनाकर नीलामी करनी हो तो इसका फैसला आबकारी आयुक्त करेंगे।

### रेस्टोरेंट को बढ़ाना होगा ओपन एरिया

नई नीति में रेस्तरां और बार को ओपन एरिया बढ़ाना होगा। पहले छोटे-छोटे रेस्तरां भी शराब परोसने के लिए लाइसेंस ले लेते थे। अब केवल उन्हीं रेस्टोरेंट में शराब परोसी जाएगी जिनके पास कम से कम 1000 वर्गफीट स्पेस हो। अभी यह लिमिट 500 वर्गफीट की है। नई नीति के तहत अब रेस्टोरेंट एक्स्ट्रा फ्लोर और खुली छत के साथ रेस्तरां के फ्लोर पर बने ओपन स्पेस में भी शराब और लो एल्कोहलिक बेवरेज (बीयर आदि) परोस सकेंगे।

## श्योपुर में बारात लेकर पहुंचे दूल्हे की द्वारचार के बाद घोड़ी पर बैठे-बैठे मौत

**जागरण, श्योपुर।** हंसते-खेलते और नाचते-गाते हार्ट अटैक से हो रही मौत का सिलसिला लगातार बढ़ता जा रहा है। अभी तक लोग विदिशा में अपनी चचेरी बहन की शादी में नाचते हुई लड़की की मौत के मामले को भूले भी नहीं थे कि शनिवार को श्योपुर में बारात लेकर आया दूल्हा घोड़ी से उतर भी नहीं पाया और उसकी जान चली गई। झकझोर देने वाला यह हादसा श्योपुर में बायपास पर स्थित छात्रावास में सजे मंडप में हुआ। जब बायपास से जाट छात्रावास बारात लेकर पहुंचे 27 वर्षीय प्रदीप जाट की घोड़ी पर बैठे-बैठे ही मौत हो गई। बारात आने पर प्रदीप को द्वारचार किया गया, मगर जब तोरण मारने के लिए घोड़ी पर बैठकर मंडप तक पहुंचा तो उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। जैसे ही लोग दूल्हे को घोड़ी से उतारने लगे, वह बेसुध होकर घोड़ी पर ही गिर गया। लोगों ने तत्काल घोड़ी से उतारकर सीपीआर देने की कोशिश की, लेकिन कोई सुधार न होने पर प्रदीप को अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि जनमासे से निकलने के बाद प्रदीप ने रास्ते में डीजे की धुन पर डांस किया था। डांस के बाद वह दोबारा घोड़ी पर बैठा। उसकी तबीयत बिगड़ने पर शुरुआत में लोगों को लगा कि दूल्हा डांस करने से थक गया है, लेकिन घोड़ी पर बैठे-बैठे उसकी हालत गंभीर हो गई। इस पूरी घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। प्रदीप की मौत हार्ट अटैक के कारण होने की आशंका जताई जा रही है। जब प्रदीप को अपनी दुल्हन को विदाकर घर लेकर पहुंचना था, लगभग उसी समय शनिवार दोपहर प्रदीप का उसका संस्कार किया गया। जिन घर आंगन में रात तक शादी की खुशियां झूम रहीं थी, आज वहां मातम पसरा हुआ है।



प्रदीप जाट, दूल्हा

## नप का पूर्व दैनिक वेतनभोगी करोड़ों का आसामी

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) की जबलपुर यूनिट ने मंडला जिले के बिछिया नगर परिषद में पूर्व दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी शिव कुमार झारिया के ठिकानों पर छापे मारे। शनिवार को हुई इस कार्रवाई में उसके पास से 3 करोड़ से अधिक की संपत्ति मिली है। जांच में सामने आया कि वह एक फाइनेंस कंपनी का संचालक होने के साथ एक ट्रेवल एजेंसी भी चला रहा था। छापे के बाद बैंक खातों की डिटेल और जब्त प्रॉपर्टी की जांच चल रही है। ईओडब्ल्यू की दो टीमों ने आय से अधिक संपत्ति की शिकायत मिलने के बाद शनिवार सुबह 6 बजे झारिया के घर और ऑफिस में छापा मारा। ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### 37 लाख के गबन का आरोपी है झारिया

शिव कुमार झारिया इससे पहले मंडला जिले के मोहगांव जनपद (मनरेगा) में दैनिक वेतन भोगी के रूप में कैशियर के पद पर काम करता था। 2024 में हुए 37 लाख के गबन के आरोप में उसे नौकरी छोड़नी पड़ी थी। बिछिया थाने में दर्ज इस केस में फिलहाल झारिया जमानत पर है।

## श्री टेक डेटा लिमिटेड करेगी मप्र में 9100 करोड़ का निवेश




**जागरण, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से शुक्रवार को श्री टेक डेटा लिमिटेड कंपनी के सीईओ विजय आनंद ने मुलाकात की। उन्होंने प्रदेश में डेटा सेंटर, ग्रीन हाइड्रोजन, सौर ऊर्जा और ट्रांसमिशन सेक्टर में निवेश की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत कर 9100 करोड़ रुपए के निवेश का प्रस्ताव दिया। मुख्यमंत्री से प्रदेश में उन्नत बुनियादी ढांचे और तकनीकी विस्तार पर चर्चा हुई। कंपनी ने इंदौर में 4 हजार करोड़ की लागत से डेटा सेंटर स्थापित करने, बीना में 3 हजार करोड़ की लागत से ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट विकसित करने, उज्जैन में 600 करोड़ रुपए के निवेश से सोलर पॉवर यूनिट स्थापित करने और उज्जैन में ही बिजली ट्रांसमिशन एवं वितरण अवसंरचना के लिए 1500 करोड़ के निवेश प्रस्ताव दिए। बैठक में जिला उद्योग केंद्र भोपाल के जीएम कैलाश मानेकर भी उपस्थित रहे।

**कंपनी के सीईओ ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात**

उधर, मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश निवेशकों के लिए देश के सबसे अनुकूल स्थलों में से एक बन चुका है। यहां वैश्विक कंपनियां निवेश के लिए आकर्षित हो रही हैं। कंपनी के सीईओ आनंद ने कहा कि यह निवेश प्रदेश में डिजिटल और हरित ऊर्जा क्रांति को गति देगा, जिससे बुनियादी ढांचे का विकास होगा और हजारों नए रोजगार के अवसर बनेंगे। उन्होंने परियोजनाओं के शीघ्र कार्यान्वयन के लिए राज्य सरकार से नीति समर्थन, भूमि आवंटन और अन्य आवश्यक सहयोग का अनुरोध किया।





डब्ल्यूपीएल : दिल्ली कैपिटल्स ने रोमांचक मैच में आखिरी गेंद पर मुंबई को हराया (पेज 11)



# महिलाओं का सम्मान करने से उनका रुतबा अपने आप बढ़ जाएगा

## महिला संबंधित अपराध रोकने पुलिस और अभियोजन अधिकारियों की हुई कार्यशाला

**जागरण,रीवा।** अनुसूचित जाति जनजाति और महिला संबंधित अपराधों को रोकने और उन्हें उचित न्याय दिलाने के उद्देश्य से कलेक्टर कार्यालय के मोहन सभागार में संभाग स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यालय का आयोजन अनुसूचित जाति जनजाति एवं महिला संबंधित अपराधों पर सही न्याय दिलाने के उद्देश्य से किया गया। कार्यशाला में डीआईजी साकेत प्रकाश पांडे सहित कई पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया। इसके अलावा अभियोजन अधिकारी, योजना अधिकारी सहित कई वरिष्ठ अधिवक्ता उपस्थित रहे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए डीआईजी साकेत प्रकाश पांडे ने कहा कि इसके लिए पहले हमें संवेदनशील बनना होगा। संवेदनशीलता आ जाने के बाद इस तरह के सेमिनार की आवश्यकता नहीं होगी। सभी को इसकी शुरुआत अपने घर से करनी होगी। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अपने घर के महिलाओं का सम्मान करने और समाज में उनके स्तर को अपने बराबर रखना ही उद्देश्य होना चाहिए। इसके बाद महिलाओं का रुतबा अपने आप बढ़ जाएगा। डीआईजी साकेत पांडे ने कहा कि एसटी, एससी और महिला, बुजुर्ग लोगों को हमारी जरूरत है और उन्हें भी न्याय और सम्मान का समान अधिकार है। यदि हम जागरूक हो जाएंगे तो इस सेमिनार में आने की आवश्यकता नहीं होगी। अभियोजन अधिकारी ने कहा कि सेमिनार का मुख्य उद्देश्य पुलिस के द्वारा की गई विवेचना ही किसी भी मामले की नींव होती है। इसमें आने वाली दिक्कतों को दूर करने के उद्देश्य से पुलिस और अभियोजन के बीच इस सेमिनार का बड़ा महत्व है। किसी प्रकरण में यदि विवेचना सही होगी तो अभियोजन सच्चाई को न्यायालय तक सही अर्थ में पहुंचा पाएगा और लोगों को सही न्याय उपलब्ध करा पाएगा। इस अवसर पर एसडीओपी सिरमौर उमेश प्रजापति, सीएसपी रितु उपाध्याय, टीआई हितेंद्र नाथ शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।




# 12 मीटर रीडरों का 50 किमी दूर तक हुआ स्थानांतरण

## एसपी को संगठन ने सौंपा ज्ञापन, हड़ताल पर जाने की दी विंध्य आउटसोर्स ने चेतावनी

**रीवा।** नौकरी से बाहर किए गए 56 मीटर रीडरों ने न्याय पाने पांच दिनों तक आमरण अनशन किया। तब जाकर विभाग ने जांच बैठाने के आदेश जारी किए। एक मामला सुलझा ही था कि अब दूसरा मामला सामने आ गया है। पश्चिम संभाग के 12 मीटर रीडरों का 50 किमी दूर तबादला कर दिया गया। इसके विरोध में आउटसोर्स कर्मचारी संगठन खड़ा हो गया है। एसई को ज्ञापन सौंप कर आंदोलन की चेतावनी दी गयी है।

ज्ञात हो कि विद्युत विभाग में मीटर रीडिंग का काम आउटसोर्स कर्मचारियों से कराया जाता है। इन मीटर रीडरों को इस काम के एवज में मामूली राशि मानदेय के रूप में मिलती है। इसके बाद भी इन मीटर रीडरों को विभाग की कार्रवाई और प्रताड़ना का सामना करना पड़ता है। मीटर रीडरों को ब्लैक लिस्टेड कर बाहर करने के अलावा स्थानांतरण की कार्रवाई कर नौकरी छोड़ने के लिए मजबूर किया जाता है। ऐसे ही 12 मीटर रीडरों का तबादला पश्चिम संभाग में किया गया है। इन मीटर रीडरों को सेमरिया से बैकुंठपुर, इंजीनियरिंग कॉलेज से लौआ लक्ष्मणपुर, चोरहटा से इंजीयरिंग कॉलेज कर दिया गया है। ऐसे में इन मीटर रीडरों के सामने इतनी दूर जाकर रीडिंग का काम करना मानदेय मिलने से ज्यादा खर्चीला साबित होगा। यही वजह है कि इन मीटर रीडरों के समर्थन में आउटसोर्स कर्मचारी संगठन सामने आ गया है। विंध्य आउटसोर्स कर्मचारी संगठन ने शनिवार को अधीक्षण अभियंता बीके शुक्ला से मुलाकात की। उन्हें समस्याओं से अवगत कराया और पश्चिम संभाग के जारी आदेश को निरस्त किए जाने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि ऐसा नहीं किया गया तो सभी कर्मचारी हड़ताल पर चले जाएंगे। बड़े स्तर पर उग्र आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में विंध्य आउटसोर्स कर्मचारी संगठन के प्रदेश सचिव सतीश चौबे और स्थानांतरित मीटर रीडर मौजूद रहे।

### इन मीटर रीडरों का किया गया है स्थानांतरण

पश्चिम संभाग में 12 मीटर रीडरों का स्थानांतरण किया गया है। इसमें विवेक कुमार मिश्रा और रोहित तिवारी को इंजीनियरिंग कॉलेज डीसी से लौआ लक्ष्मणपुर, विपिन कुमार पटेल और पुष्पेन्द्र मिश्रा को इंजीनियरिंग कॉलेज से चोरहटा, शशांक शुक्ला और आनंद सेन को चोरहटा से इंजीनियरिंग कॉलेज डीसी, प्रदीप तिवारी और विकास पाण्डेय को लौआ लक्ष्मणपुर से इंजीनियरिंग कॉलेज, अंकित कुमार पटेल और अनिल मिश्रा को बैकुंठपुर से सेमरिया, अनूप मिश्रा और राहुल नामदेव को सेमरिया से बैकुंठपुर स्थानांतरित किया गया है।

# सिंगल यूज प्लास्टिक बेचना बंद नहीं किया तो की जाएगी सख्त कार्रवाई

**रीवा।** शहर में सिंगल यूज प्लास्टिक पर बिक्री एवं उपयोग पर रोक लगाने के लिए निगमायुक्त के निर्देश पर नगर निगम द्वारा अभियान की शुरुआत की गई है। शहर के थोक विक्रेताओं और दुकानदारों को निगमायुक्त डॉ.सौरभ सोनवणे अल्टीमेटम दिया गया है कि अगर समझाइश के बाद भी व्यापरी नहीं माने तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक का निरंतर हो रहे उपयोग पर अंकुश लगाने के लिए लगातार मुहिम चलाई जा रही है। निगम कर्मचारियों एवं अधिकारियों के द्वारा उन दुकानदारों को विशेष तौर पर समझाइश दी जा रही है जो पॉलीथिन का व्यापार करते हैं। उल्लेखनीय है कि शादी ब्याह के सीजन में खाना खाने के बर्तन से लेकर विभिन्न प्रकार के समान सिंगल यूज प्लास्टिक के बनाए जा रहे हैं। इस पर रोक लगाने के लिए नगर निगमायुक्त के द्वारा टीम का गठन किया गया है। नगर निगम आयुक्त ने कहा कि जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है और दुकानदारों को बताया जा चुका है यदि उनके द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक की बिक्री एवं उपयोग किया जाता है तो ऐसे दुकानदारों पर कार्रवाई की जाएगी।

# शीघ्र ही लोकार्पित होगा नया सर्किट हाउस : उप मुख्यमंत्री



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने सर्किट हाउस निर्माण कार्य एवं परिसर सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण करते हुए कहा कि सर्किट हाउस का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है, इसको शीघ्र ही लोकार्पित कराया जायेगा। उन्होंने परिसर में सौंदर्यीकरण कार्य व सड़क निर्माण के शेष कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने सर्किट हाउस में बैठक लेकर कलेक्ट्रेट से ढेकहा तिराहे तक सड़क के किनारे व डिवाइडर में पौधारोपण कार्य की अद्यतन स्थिति की जानकारी संबंधित अधिकारियों से प्राप्त की। इस दौरान प्रभारी कलेक्टर सौरभ सोनवणे तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## बोर्ड परीक्षा में अब केन्द्रों में दो सहायक केन्द्राध्यक्ष रहेंगे तैनात

# 10वीं, 12वीं बोर्ड परीक्षा के प्रश्न पत्र पहुंचे रीवा, समन्वयक संस्था में हुए लॉक

## रेंडमाइजेशन से तय हुए केन्द्राध्यक्ष, ट्रेनिंग में मिलेगा लिफाफा, तब पता चलेगा केन्द्र का नाम

जागरण, रीवा

मप्र बोर्ड परीक्षा के प्रश्न पत्र रीवा पहुंच गए हैं। शुक्रवार की सुबह भोपाल से ट्रक में बंद प्रश्न पत्र समन्वयक संस्था पहुंचे। अनकोडिंग के बाद ट्रक खोला गया। कलेक्टर प्रतिनिधि, डीईओ प्रतिनिधि, सीईओ और माशिमं के अधिकारियों की मौजूदगी में प्रश्न पत्रों को समन्वयक संस्था के लॉकर में लॉक किया गया। यह लॉकर अब 21 और 22 फरवरी को खुलेगा। मप्र बोर्ड परीक्षा की तैयारियां अब अंतिम पड़ाव पर है। 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा के प्रश्न पत्र भी रीवा पहुंच गए हैं। शुक्रवार को भोपाल से जीपीएस लैस ट्रक से प्रश्न पत्र रीवा पहुंचे। मार्तण्ड स्कूल क्रमांक एक समन्वयक संस्था में अधिकारियों की मौजूदगी में ट्रक से प्रश्न पत्र उतार कर लॉकर में लॉक कर दिया गया है। प्रश्न पत्रों का वितरण 21 और 22 फरवरी को समन्वयक संस्था से ही किया जाएगा। प्रश्न पत्रों का वितरण 21 फरवरी को ग्रामीण क्षेत्रों के केन्द्राध्यक्षों को किया जाएगा। 22 फरवरी को शहरी क्षेत्र के केन्द्रों को वितरित किया जाएगा। इसमें केन्द्राध्यक्ष और सहायक केन्द्राध्यक्षों की मौजूदगी अनिवार्य रहेगी। 10वीं और 12वीं के प्रश्न पत्र दोनों ही एक साथ वितरित किए जाएंगे। प्रश्न पत्रों को केन्द्राध्यक्ष समन्वयक संस्था से ले जाने के बाद केन्द्र के करीबी थाना में सुरक्षित रखवाएंगे।

**दो सहायक केन्द्राध्यक्ष किए जाएंगे तैनात :** बोर्ड परीक्षा को लेकर इस मर्तबा सख्त नियम और व्यवस्थाएं बनाई गई हैं। बोर्ड परीक्षा में केन्द्रों में इस मर्तबा दो सहायक केन्द्राध्यक्ष तैनात रहेंगे। एक परीक्षा केन्द्र परीक्षा प्रभारी को बनाया गया है। वहीं दूसरा सहायक केन्द्राध्यक्ष माशिमं की तरफ से तैनात किया जाएगा। रेंडमाइजेशन से उच्च माध्यमिक शिक्षकों को माशिमं की तरफ से तैनात किया जाएगा। दोनों ही सहायक केन्द्राध्यक्ष परीक्षा की तैयारियों में सहायता करेंगे। इतना ही नहीं, प्राइवेट स्कूल जिन्हें परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। वहां के स्टाफ की ड्यूटी नहीं लगाई जाएगी। ऐसे में इन केन्द्रों में भी सरकारी शिक्षकों को ही सहायक केन्द्राध्यक्ष तैनात किया जाएगा।



### ट्रेनिंग के दिन मिलेगा केन्द्रों के नाम का लिफाफा

बोर्ड परीक्षा के लिए केन्द्राध्यक्ष तय कर दिए गए हैं। रेंडमाइजेशन से केन्द्रों के केन्द्राध्यक्षों का नाम भी फाइनल कर लिया गया है। एनआईसी में रेंडमाइजेशन से केन्द्राध्यक्ष तय किए गए हैं लेकिन किस प्राचार्य को किस केन्द्र का केन्द्राध्यक्ष बनाया गया है, इसका खुलासा नहीं हुआ है। 17 और 18 फरवरी को केन्द्राध्यक्षों की ट्रेनिंग होनी है। इसी दिन इन सभी केन्द्राध्यक्षों को लिफाफा मिलेगा। इस लिफाफे में ही केन्द्रों के नाम दर्ज रहेंगे।

### कक्ष में सीधे खुलेगा प्रश्न पत्र का लिफाफा

इस मर्तबा प्रश्न पत्र भी भोपाल से केन्द्रवार और कक्षवार सेट होकर आए हैं। अब केन्द्रों में पहुंचने के बाद कक्षवार प्रश्न पत्रों को सेट करने की जरूरत नहीं होगी। भोपाल से ही कक्षवार और छात्रसंख्या के अनुसार ही सेट तैयार कर भेजा गया है। थानों से कलेक्टर प्रतिनिधि की मौजूदगी में प्रश्न पत्र उठाए जाएंगे। निर्धारित रूट से ही प्रश्न पत्र केन्द्रों तक पहुंचेगा। इसके बाद कक्ष में पहुंचने के बाद ही प्रश्न पत्रों का लिफाफा छात्रों के सामने ही खोला जाएगा। इतना ही नहीं, इस मर्तबा केन्द्राध्यक्षों के मोबाइल रखने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। सिर्फ कलेक्टर प्रतिनिधि के पास ही मोबाइल फोन रहेगा। प्रश्न पत्र थाना से उठाते समय कलेक्टर प्रतिनिधि को सेल्फी भी लेनी होगी।

### रेग्युलर प्राचार्यों की ही ड्यूटी लगाई गई है

बोर्ड परीक्षा में इस मर्तबा सख्ती कुछ ज्यादा ही बरती गई है। इस मर्तबा रेग्युलर प्राचार्यों को ही केन्द्राध्यक्ष बनाया गया है। अब ऐसे में सबसे ज्यादा परेशानी महिला प्राचार्यों को होगी। रीवा जिला में 50 फीसदी प्राचार्य के पदों पर महिलाएं पदस्थ हैं। इन महिलाओं को यदि दूर दराज में रेंडमाइजेशन से केन्द्र मिले तो उन्हें वहां समय पर पहुंचने में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। मऊगंज जिला के केन्द्राध्यक्षों की ड्यूटी मऊगंज जिला में ही लगाई जाएगी लेकिन रीवा का क्षेत्र व्यापक है। ऐसे में यदि रीवा के प्राचार्यों की ड्यूटी जवा और त्योंथर में लगी तो उन्हें समय पर पहुंचने में परेशानियां उठानी होगी। सुबह 6 बजे थानों में प्रश्न पत्र लेने पहुंचना अनिवार्य किया गया है।

# निगम कर्मचारियों ने आवारा मवेशियों को पकड़ा

**जागरण, रीवा।** मैदानी क्षेत्र से शनिवार रात करीब 8 बजे नगर निगम के कर्मचारियों ने सड़क पर विचर रहे दर्जन भर से अधिक आवारा मवेशियों को पकड़ा। हालांकि कुछ मवेशी पालकों ने इसका विरोध भी किया, लेकिन कर्मचारी मवेशियों को हांककर अपने साथ ले गए। ज्ञातव्य है कि सड़क पर छोड़े गए मवेशियों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं घट रही हैं। वहीं सड़कों पर खुलेआम विचरण कर रहे आवारा मवेशी आने-जाने वाले लोगों पर भी झपटते हैं, साथ ही खेतों में घुसकर फसलों को भी चौपट करने में कोई कसर नहीं छोड़ते। पिछले दिनों प्रदेश सरकार ने शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों को आवारा मवेशियों से मुक्ति दिलवाने कमेटी बनाने के निर्देश दिए थे, कमेटी का तो पता नहीं, लेकिन निगम कर्मचारियों ने लंबे समय बाद आवारा मवेशियों की धरपकड़ करने की शुरुआत की, जिससे मवेशियों से परेशान लोगों ने राहत की सांस ली है।


फाइल फोटो

# वैध की गई कॉलोनियों में शिविर लगाकर की जाएगी कम्पाउंडिंग

## शिविर में ही विकास शुल्क की राशि जमा कर लिये जाएंगे भवन अनुज्ञा के आवेदन

### नागरिकों को राहत प्रदान करने 17 फरवरी से प्रारंभ होगा शिविरों का सिलसिला

**जागरण, रीवा।** शहर में वैध की गई अवैध कॉलोनियों के नागरिकों को राहत प्रदान के लिए नगर निगम द्वारा आगामी 17 फरवरी से शिविरों का आयोजन प्रारंभ किया जाएगा। शासन के कॉलोनी डेवलपमेंट रूल 2021 के तहत पात्र अनाधिकृत कॉलोनियों में शिविरों के माध्यम से रहवासियों को सीधा लाभ प्रदान किया जाएगा। शिविरों में ही विकास शुल्क की राशि जमा कर भवन अनुज्ञा के आवेदन लिये जाएंगे। इस सबंध में निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने बताया कि अनाधिकृत पात्र कॉलोनियों में रहने वाले नागरिकों को राहत प्रदान करने हेतु विकास शुल्क जमा करने व भवन अनुज्ञा प्राप्त करने के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। मध्यप्रदेश शासन के कॉलोनी डेवलपमेंट रूल 2021 के तहत वर्ष 2016 के पूर्व अस्तित्व आयी कॉलोनियों को वैधता प्रदान करने एवं नागरिकों को सुविधाएँ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह शिविर 17 फरवरी से प्रारंभ किया जाएगा। निगमायुक्त ने बताया कि सोमवार से शिविर का आयोजन प्रातः 10:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक किया जाएगा। यह शिविर जोन क्रमांक 01 से प्रारंभ होकर अन्य जोनों की कॉलोनियों में भी आयोजित किए जाएँगे, जिससे लगभग 500 परिवारों को लाभ मिलेगा। नगर निगम जोन क्रमांक 01 के कार्यपालन यंत्री ने बताया कि शिविर निपनिया, पड़रा क्षेत्र में आयोजित किया जा रहा है, जहाँ निम्नलिखित कॉलोनियों के रहवासियों को लाभ मिलेगा जिसमें 17 फरवरी को कीर्ति क्रांति प्रेस मोड़ के पास आरएन शर्मा के घर के सामने, वार्ड 02 शारदा कॉलोनी, कौशल्या कॉलोनी, मौर्या कॉलोनी, एवं वार्ड 03 के कमलेश्वर कॉलोनी हेतु शिविर लगाया जाएगा। 18 फरवरी को दीनदयाल धाम में वार्ड 03 संतोष कॉलोनी, बृजमोहन कॉलोनी, वंश गोपाल कॉलोनी, पड़रा हेतु शिविर लगाया जाएगा। इसी प्रकार अलग अलग दिन अन्य कॉलोनी हेतु शिविर लगाए जाएंगे जिसकी सूचना निरन्तर मुनादी करा कर रहवासियों को दी जाएगी। शिविर का उद्देश्य निम्न लाभ प्रदान किए जाना है जिनमें वैधीकरण की जा रही कॉलोनियों में अधिभोगियों से डिमांड सुधार सुझाव अनुरूप त्वरित सुधार कर राशि जमा करने का कार्य किया जाएगा। अधोसंरचना विकास प्रस्ताव (सड़क/नाली/पुलिया) का स्थानीय जन एवं प्रतिनिधियों के सहभागिता से स्थलीय परीक्षण एवं प्रस्ताव तैयार कर कॉलोनियों में जल प्रदाय एवं सीवर कार्य से संबंधित आवश्यक कार्यों का आंकलन किया जाएगा। अवैध कॉलोनियों के बाधित भवन अनुज्ञा आवेदन पर अनुज्ञा जारी किये जाएगे।

# सब्जी मंडी, गुड़हाई बाजार की सड़क से कब्जा हटाने में निगम नाकाम

## खुलेआम दुकान लगाने वालों से शासकीय संपत्ति का वसूल रहे किराया

**जागरण, रीवा।** स्टेच्यू चौराहे के समीप स्थित सब्जी बाजार व इसी से लगे गुड़हाई बाजार की सड़कों पर व्यापारियों का कब्जा है। जिसे हटा पाने में निगम नाकारा साबित हो रहा है। सब्जी मंडी की लगभग 10-15 फीट चौड़ी सड़क में अवैध कब्जे के चलते बामुश्किल तीन-चार फीट ही सड़क बचती है, जिसमें एक दोपहिया वाहन निकाला जाए तो पैदल चलने वालों की भी फजीहत हो जाती है। गुड़हाई बाजार में तो दुकानदारों ने अपना सामान जमाते कब्जा कर रखा है, लेकिन सब्जी मंडी के व्यापारी तो सड़क पर कब्जा करके इसका किराया भी खुलेआम वसूल रहे हैं।

**कई गुना किराया वसूल रहे :** आसपास के रहवासियों ने बताया कि सब्जी मंडी की ये दुर्दशा आज से नहीं बल्कि पिछले कई वर्षों से है। जिन व्यापारियों को यहां दुकानें आवंटित की गई हैं वे अपनी दुकानों के सामने की सड़क ग्रामीण अंचलों से सब्जी का व्यापार करने आने वाले व्यापारियों को किराए पर देते हैं। जिसका प्रतिदिन 300 से 500 रुपया किराया है, यदि कोई मासिक लेना चाहे तो उससे हजार से 12 सौ रुपए तक किराया वसूला जा रहा है। जबकि इन व्यापारियों को निगम ने नाममात्र किराए पर मंडी में दुकानें आवंटित की हैं, शासकीय सड़क को किराए पर देकर ये व्यापारी न सिर्फ नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं अपितु उनकी दुकान के किराए से कई गुना किराया सड़क किराए पर देकर वसूल रहे हैं।



# टेम्पो टैक्सी स्टैण्ड फीस वसूली के लिए तैनात किये नगर निगम के 4 कर्मचारी

## शहर में कहीं पर भी चलते वाहनों से नहीं की जाएगी वसूली

**जागरण, रीवा।** शहर में टेम्पो टैक्सी स्टैण्ड फीस वसूली के लिए नगर निगम द्वारा चार कर्मचारियों को तैनात किया गया है। वसूली के लिए बनाई गई गाइड लाइन के मुताबिक शहर में चार स्थान निधारित किये गये हैं। इसके अलावा कहीं पर भी वसूली नहीं की जाएगी। वसूली के लिए तैनात कर्मचारी परिचय पत्र के साथ निर्धारित स्थलों पर मौजूद रहेंगे। गौरतलब है कि नगर निगम रीवा क्षेत्रान्तर्गत टेम्पो टैक्सी स्टैण्ड फीस वसूली का ठेकेदार को दिया गया अधिकार विगत 13 फरवरी को सायंकाल 06:00 बजे से उच्च न्यायालय के आदेशानुसार समाप्त किया जा चुका है। इसके बाद 14 फरवरी से नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा विभागीय रूप से टैम्पो-टैक्सी स्टैण्ड फीस एवं व्यावसायिक वाहनों से शुल्क वसूली के लिए तैनात किया गया है। ढेकहा, निपनिया, बड़ी पुल पर विनोद तिवारी (माली), रतहरा में इनामी लाल बंसल (सिपाही), धोबिया टंकी मे पुष्पेन्द्र तिवारी (विनियमित कर्मचारी) एवं सिरमौर चौराहा में द्वारिका यादव (सुरक्षा गार्ड) की ड्यूटी लगाई गई है। वसूली कर्मचारियों को निर्देश दिये गये है कि शासन के आदेशानुसार चलते वाहनों से वसूली नहीं की जावेगी। सभी वसूली कर्मचारी अपना आदेश एवं परिचय-पत्र साथ में रखें। टैम्पो-टैक्सी स्टैण्ड फीस 5रु. प्रति वाहन, व्यावसायिक वाहनों मिनी ट्रक आदि से 10रु. प्रति वाहन, ट्रक से 20रु. प्रति वाहन शुल्क निर्धारित किया गया है। यह शुल्क नगर निगम के परिचय पत्र लगाये हुऐ कर्मचारी को देय होगा। उपरोक्त स्थानों में पदस्थ चार कर्मचारियों के अतिरिक्त अन्य कोई कर्मचारी नगर निगम रीवा द्वारा नहीं लगाये गये हैं। शहर के गड्डी रोड, चिरहुला मंदिर रोड, कुठुलिया, बनकुइयां रोड, विश्वविद्यालय रोड, बोदा रोड पर किसी भी प्रकार की टेम्पो टैक्सी एवं व्यवसायिक वाहनों से वसूली हेतु किसी कर्मचारी को नहीं लगाया गया है।




### अवैध वसूली की करें शिकायत

नगर निगम प्रशासन द्वारा टेम्पो टैक्सी एवं व्यवसायिक वाहन चालकों से अपील की गई है कि उपरोक्त निर्धारित स्थानों पर नगर निगम कर्मचारियों को ही शुल्क देकर रसीद प्राप्त करें। अन्य किसी को भी कोई शुल्क देने की जरूरत नहीं है। शहर में कहीं पर भी यदि किसी प्रकार की अवैध वसूली होती है तो उसकी सूचना पुलिस कन्ट्रोल रुम, 100 डायल तथा नगर निगम रीवा के सहायक राजस्व अधिकारी रावेन्द्र सिंह के मो.नं. 9893633318, नीलेश चतुर्वेदी के मो.नं.9827237020 और रविप्रकाश मिश्रा के मो.नं. 9827040572 पर सूचना दी जा सकती है।












वर्ष 72 ▸ अंक 139 ▸ पृष्ठ 12
रीवा, रविवार 16 फरवरी, 2025
फाल्गुन कृष्ण पक्ष 04, विक्रम संवत् 2081
नगर ▸ मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

> कभी भी ऐसे लोगों से दोस्ती न करें जो हैसियत में आपसे ऊपर या नीचे हों। ऐसी दोस्ती आपको कभी खुशी नहीं देगी।
>
> - स्वेट मार्डेन

## न्यूज कार्नर

### इम्पलाई प्रोफाइल का समग्र आईडी से सत्यापन के निर्देश

**रीवा।** प्रदेश के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का वेतन कोष एवं लेखा के आईएफएमआईएस पोर्टल के माध्यम से तैयार होता है। पोर्टल में प्रत्येक शासकीय सेवक की इम्पलाई प्रोफाइल बनी हुई है जिसमे समस्त विवरण दर्ज हैं। संचालक कोष एवं लेखा में इम्पलाई प्रोफाइल को समग्र आईडी से सत्यापित करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में जिला कोषालय अधिकारी पुष्पेन्द्र शुक्ला ने बताया कि सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारी तथा कार्यालय प्रमुख उनके अधीन पदस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों की इम्पलाई प्रोफाइल का समग्र आईडी से सत्यापन करके आधार संख्या से लिंक कराएं। सभी शासकीय कर्मचारी इम्पलाई सेल्फ सर्विस प्रोफाइल के माध्यम से अपनी समग्र आईडी को दर्ज कर सत्यापित कर सकते हैं। शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा 28 फरवरी 2025 तक सभी कर्मचारियों की इम्पलाई प्रोफाइल का समग्र आईडी से सत्यापन कराने का अनुरोध किया गया है।

### एएमसीए प्रोजेक्ट पर काम शुरू, 2-3 साल में बनकर तैयार हो जाएगा विमान

# भारत खुद बना रहा है 5वीं पीढ़ी का फाइटर जेट

**बेंगलुरु, जेएनएन।** भारत खुद के 5वीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान एएमसीए प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है, जो 2-3 साल में पूरा हो जाएगा। रूस भी भारत को इसी तरह का फाइटर जेट बेचने का ऑफर दे चुका है। यह विमान वैसे भी रूस के सहयोग से बनाया जा रहा है। वहीं अमेरिका ने भारत को एफ-35 विमान देने की पेशकश की है। इस तरह रूस और अमेरिका, दोनों देशों की कोशिश भारत को अपने लड़ाकू विमान बेचने की है।

रूस की सरकारी हथियार कंपनी ने बेंगलुरु एयर शो में कहा कि विमान की सप्लाई के अलावा हम भारत में इसका जॉइंट प्रोडक्शन भी करेंगे। यह भारत को दिया गया बड़ा प्रस्ताव है, लेकिन भारत न तो रूस से विमान खरीदेगा और न ही अमेरिका से। दरअसल, भारत की योजना आत्मनिर्भर बनने की है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तो संसद में यह तक बताया था कि भारत इन विमानों को दूसरे देशों को बेचेगा भी। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया था कि यह



विमान कब तक तैयार हो जाएगा, लेकिन रक्षा मामलों के जानकार मानकर चल रहे हैं कि दो से तीन साल तो इसके बनने में लगेंगे, जबकि परीक्षण और उत्पादन में इससे ज्यादा वक्त लगेगा। तब कहीं भारत इन विमानों के उत्पादन में सक्षम होगा। यानी यह एक दीर्घकालीन योजना है, लेकिन यह अच्छी बात है कि इस पर काम प्रारंभ हो चुका है।

### अप्रैल-2024 में मिली थी परियोजना को मंजूरी

गौरतलब कि अप्रैल 2024 में सुरक्षा पर कैबिनेट समिति (सीसीएस) ने पांचवीं पीढ़ी के स्वदेशी फाइटर जेट के डिजाइन और विकास के लिए 15 हजार करोड़ की परियोजना को मंजूरी दी थी। इस फाइटर जेट का नाम एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) है। इसका निर्माण हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) द्वारा किया जा रहा है। एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए) इस कार्यक्रम को क्रियान्वित और विमान को डिजाइन करने के लिए नोडल एजेंसी है। एडीए रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के अंतर्गत आता है। यह विमान भारतीय वायु सेना के अन्य लड़ाकू विमानों से बड़ा होगा। इसमें दुश्मन के रडार से बचने के लिए उन्नत स्टील्थ विशेषताएं होंगी। यह वैश्विक स्तर पर उपयोग में आने वाले पांचवीं पीढ़ी के अन्य स्टील्थ लड़ाकू विमानों से बेहतर होगा। इस समय अमेरिका का एफ-16 और चीन के फाइटर जेट चेंगड़-जे को सबसे उन्नत माना जाता है। भारत का एएमसीए इन दोनों से उन्नत होगा।

## 2 हजार से ऊपर के बकायादारों को जारी होगा नोटिस

**रीवा।** शहर संभाग को फरवरी में 18 करोड़ के राजस्व वसूली का लक्ष्य दिया गया है। 5 हजार से ऊपर के बकायादारों के खिलाफ विभाग ने कनेक्शन काटना शुरू कर दिया है। अब 2 हजार तक के बकायादारों की बारी है। हालांकि पहले इन उपभोक्ताओं को विभाग नोटिस जारी कर अल्टीमेटम जारी करेगा। बिल भरने का समय देगा। इसके बाद ही कनेक्शन काटने की कार्रवाई शुरू की जाएगी। 2 हजार से ऊपर के बकायादारों की संख्या 10 हजार से भी अधिक है। ज्ञात हो कि मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने रीवा जिला के शहर संभाग को जनवरी पेड फरवरी का टारगेट जारी कर दिया है। फरवरी में शहर संभाग को 18 करोड़ का एरियर सहित कैश डिमांड की वसूली करनी है। अभी तक शहर संभाग के खाते में सिर्फ 5 करोड़ ही पहुंचे हैं। राजस्व पहुंचने का सिलसिला काफी धीमा है। सभी उपभोक्ताओं को बिल जारी कर दिया गया है लेकिन बिल की राशि नहीं आ रही है। यही वजह है कि विभाग ने बड़े उपभोक्ताओं के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। 5 हजार से ऊपर के उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे जा रहे हैं। फिलहाल ऑफ लाइन कनेक्शन काटे जा रहे हैं। टीम ने अलग अलग मोहल्लों में पहुंच कर कार्रवाई करना शुरू कर दी है। शनिवार को भी कई मोहल्लों में विभाग ने कार्रवाई की। अब विभाग का लक्ष्य 2 हजार तक के बकायादारों के खिलाफ कार्रवाई करने का है। इसके लिए भी लिस्ट तैयार की जा रही है। इन सभी उपभोक्ताओं को विभाग पहले नोटिस जारी करेगा। इसके बाद सभी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### महाकुंभ जाने वालों की भीड़ है कि खत्म ही नहीं हो रही

# 31 दिन में सोहागी टोल से पार हुए 10 लाख वाहन

### हर दिन 25 से 30 हजार वाहन गुजर रहे, वाहनों को मैनेज करना मुश्किल हुआ

### शाही स्नान में बढ़ जाते थे वाहन, आंकड़ा 35 से 40 हजार तक पहुंच जाता था

जागरण, रीवा

महाकुंभ के कारण टोल नाकों पर वाहनों के गुजरने का सारा रिकॉर्ड टूट गया। एक महीने में यानि 31 दिन में 10 लाख से अधिक वाहनों ने सोहागी टोल नाका पार किया। सामान्य दिनों में 25 से 30 हजार वाहन गुजरे। वहीं शाही स्नान के दौरान यह आंकड़ा 40 हजार तक पहुंच गया। अब इन वाहनों की संख्या से ही प्रयागराज जाने वालों की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है।

प्रयागराज महाकुंभ जाने के लिए देशभर से लोग उमड़ पड़े हैं। भले ही शाही स्नान का दौर खत्म हो गया हो लेकिन लोगों का जुनून थम नहीं रहा है। वाहनों की आवक पहले जैसी ही बनी हुई है। सड़कों पर वाहनों का जाम लग रहा है। टोल नाकों पर लंबी लाइनें लग रही हैं। भले ही शाही स्नान और शुभ योग में स्नान का दौर थम गया हो लेकिन लोग अभी भी प्रयागराज पहुंचने के लिए टूट रहे हैं। देशभर के अलग अलग राज्यों और जिलों से वाहनों का रेला निकल रहा है। प्रशासन और पुलिस इनके लिए व्यवस्थाएं बनाने में जुटी हुई है। रीवा जिला में दो टोल नाके पड़ते हैं। इसमें जोगिनहाई और सोहागी टोल नाका शामिल हैं। इन टोल नाकों में पहुंच रही वाहनों की भीड़ जाम जैसी स्थिति निर्मित कर रही है। 24 घंटे वाहनों की आवाजाही बनी हुई है। प्रयागराज की तरफ जाने वाले वाहनों की संख्या अधिक है। सोहागी टोल नाका से मिली जानकारी के अनुसार पिछले एक महीनों में इतने वाहन गुजरे, जितने पहले कभी नहीं गुजरें होंगे। इन वाहनों की भीड़ ने सिर्फ कमाई ही नहीं, वाहनों के गुजरने के सारे आंकड़े भी तोड़ दिए हैं।

#### वाहनों को मैनेज करना पड़ रहा मुश्किल

टोल नाकों को मानव रहित करने के लिए सभी जगह फास्टैग अनिवार्य कर दिया गया है। ऐसे में टोल नाकों में कर्मचारियों की संख्या भी कम हो गई है। ऐसे में अचानक आई इस भीड़ को सम्हालने में ही टोल नाका संचालकों के पसीने छूट रहे हैं। दिन भर में 25 से 30 हजार वाहन पहुंच रहे हैं। टोल टैक्स वसूलने के लिए भी टोल बूथ कम पड़ गए हैं। ऐसे में कई फास्टटैग वाहन आ रहे तो कई कैश वाले भी पहुंच रहे हैं। इसमें समय लग रहा है। इसके कारण टोल नाकों में वाहनों की लंबी लाइनें भी लग रही हैं।

#### टोल नाकों की कमाई कई गुना ज्यादा बढ़ गई

महाकुंभ में यूपी में तो टोल फ्री कर दिया गया है लेकिन एमपी के टोल चालू हैं। इसके कारण एमपी के टोल नाकों की कमाई कई गुना अधिक बढ़ गई है। सालों की कमाई टोल नाकों ने एक महीने में ही कर ली है। वैसे तो इन नाकों से एक दिन में 2 से 3 हजार वाहन ही गुजरते थे लेकिन अब हालात बदल गए हैं। अब यह आंकड़ा 10 से 15 गुना ज्यादा बढ़ गया है। ऐसे में सड़कों पर भी दबाव बढ़ गया है। तीन से चार साल की कमाई टोल नाकों ने एक ही महीने में पूरी कर ली है।

#### महाकुंभ के चलते यातायात व्यवस्था का लिया जायजा



**रीवा।** कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद तथा प्रभारी आईजी साकेत पांडेय द्वारा महाकुंभ के चलते यातायात व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा पुलिस अधिकारियों तथा पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को यातायात व्यवस्था में सुधार तथा साइन बोर्ड आदि लगाने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। साथ ही श्रद्धालुओं के लिए भोजन, पानी, नाश्ता, दवाइयां आदि व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

#### वाहनों की भीड़ ने धीमी कर दी रफ्तार

प्रयागराज महाकुंभ जाने वाले वाहनों की संख्या फिर बढ़ गई है। भारी भीड़ पहुंच रही है। इस भीड़ के कारण यूपी में इंट्री तो बंद नहीं की गई लेकिन सड़कों पर वाहनों की भीड़ बढ़ने से ट्रैफिक पर दबाव जरूर बढ़ गया है। इसके कारण शहर के अंदर और बायपास में वाहनों की लंबी लाइनें लग रही है। ट्रैफिक की रफ्तार भी धीमी पड़ गई है। वाहन रुक-रुक कर आगे बढ़ रहे हैं। शनिवार को शहर और बायपास में वाहनों की आवक ज्यादा देखने को मिली। शाम को कई जगह पर रुक-रुक कर जाम जैसे हालात बनते रहे। वहीं यदि बात जोगिनहाई टोल प्लाजा की करें तो यहां 1 किमी तक वाहनों का लंबा जाम लगा रहा।

#### इन टोल नाकों में भी भारी भीड़ उमड़ रही है

रीवा के रास्ते कनार्टक, बंगाल, दिल्ली, भोपाल, इंदौर, जबलपुर, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, तेलंगाना से लोग आ रहे हैं। इसके कारण रीवा की तरफ रास्ते में पड़ने वाले टोल नाकों की चांदी हो गई है। सिर्फ जोगिनहाई और सोहागी टोल नाका ही नहीं, सतना, अमरपाटन, कटनी, रीवा बायपास में पड़ने वाले नाकों की भी खूब इंकम हो रही है। इन टोल नाकों से भी हजारों की संख्या में वाहन निकल रहे हैं। दिन की जगह रात में वाहनों का दबाव ज्यादा रहता है।

## चाकघाट मंडी से चोरी गये सरसों के साथ 3 आरोपी पकड़ाए

**जागरण, रीवा।** जिले के चाकघाट कृषि उपज मंडी से चोरी गये सरसों को पुलिस ने चौबीस घंटे के भीतर न केवल बरामद कर लिया बल्कि इसमें शामिल 3 आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किये गये आरोपियों में दो आरोपी चंदई के रहने वाले हैं जबकि एक आरोपी स्थानीय है। चाकघाट थाना प्रभारी उप निरीक्षक घनश्याम मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि फरियादी जय कुमार केसरवानी पिता स्व. महेश प्रसाद केसरवानी उम्र 35 वर्ष निवासी वार्ड क्र.08 चाकघाट द्वारा 14 फरवरी को थाना में उपस्थित होकर सूचना दी गई कि कृषि उपज मण्डी चाकघाट बघेड़ी से सरसों से भरी बोरियां चोरी कर ली गई हैं। इस सूचना पर थाने में अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान संदेहियों को अभिरक्षा में लेकर बारीकी से पूछताछ की गई। जिसमें आरोपियों द्वारा चोरी की घटना कारित करना स्वीकार करते हुए बताया गया कि चोरी की गई सरसों को अपने घरों में छिपाया गया है। आरोपियों की शिनाख्तगी पर उनके घरों से चोरी की सरसों बरामद कर लिया गया। इसके पश्चात प्रावधानों के अनुरूप कार्यवाही उपरान्त सरसों जब्त कर थाना में एचसीएम सुपुर्द कर सुरक्षार्थ रखवाया गया है। पुलिस द्वारा इस मामले में रविशंकर साकेत पिता अजय साकेत उम्र 24 वर्ष निवासी चंदई थाना सोहागी, करण साकेत उर्फ छोटू पिता दयालाल हरिजन उम्र 22 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 15 हरिजन बस्ती चाकघाट एवं आदित्य हरिजन उर्फ गुण्डा पिता कामता प्रसाद हरिजन उम्र 22 वर्ष निवासी चंदई हरिजन बस्ती थाना सोहागी को गिरफ्तार किया गया है।

## केंद्रीय बजट ने सरकार के आमजन का विश्वास बढ़ाया: उप मुख्यमंत्री

### सरकार का मुख्य लक्ष्य देश के लोगों को आर्थिक रूप सशक्त व समृद्ध बनाना है



**जागरण, रीवा।** देश की जनता को जिस तरह के बजट की जरूरत थी आम बजट उसी तरह से तैयार किया गया है। इस बजट ने देश की आमजनता का विश्वास बढ़ाया है। किसी देश को सशक्त करने के लिए वहां लोगों को सशक्त करना होगा। केंद्र की भाजपा सरकार इसी दिशा में काम कर रही है। उक्त वक्तव्य मप्र शासन के उप मुख्यमंत्री व चिकित्सा व स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने भाजपा के संभागीय कार्यालय अटल कुंज में आयोजित पत्रकार वार्ता में कही। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अनिल पटेल, जिला मीडिया प्रभारी विवेक पांडेय छोटू मौजूद रहे। पत्रकारों से चर्चा दौरान उपमुख्यमंत्री ने मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के बजट की विश्लेषणात्मक आंकड़ों के साथ जानकारी साझा किया। आपने कहा कि बजट में सरकार ने हर तबके की उन्नति का ख्याल रखा गया है। श्री शुक्ल ने कहा कि पिछले 10 सालों में जब से केन्द्र में भाजपा की सरकार बनी है देश आर्थिक रूप से सुदृढ़ हुआ है। पहले हम 11वें स्थान पर थे लेकिन आज भारत दुनियां का पांचवी आर्थिक महाशक्ति बन चुका है। आने वाले समय में जापान-जर्मनी को पीछे छोड़कर हम तीसरे स्थान पर पहुंच जायेंगे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले सरकारों के समय भारत का बजट 10 लाख करोड़ था जो अब बढ़कर 50 लाख करोड़ का हो गया है। उन्होंने कहा कि अब विकास के लिए धन की कमी नहीं है। हर क्षेत्र में काम हो रहे हैं। आप ने कहा कि बजट में मध्यम वर्ग को बड़ी राहत दी गई है। हर माह एक लाख कमाने वाले व्यक्ति को करमुक्त करना ऐतिहासिक कदम है। इससे आम आदमी की बचत, खपत व निवेश बढ़ेगा जिससे व्यापार बढ़ेगा। श्री शुक्ल ने पीएम आवास, नलजल, उद्योग, स्वास्थ्य क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम आयुष्मान योजना सहित केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को गिनाया। आपने कहा कि प्रदेश के साथ रीवा में विकास की गंगा बहेगी।

# रात भर जलती रहीं गाड़ियां, सुबह भी बंद रही कोल माइंस, पुलिस को उपद्रवियों की तलाश

### परिजनों को नौकरी देगी कंपनी

**जागरण, सिंगरौली।** सिंगरौली में कोल माइंस के ट्रेलर की टक्कर से दो युवकों की मौत के बाद बिगड़े हालात शनिवार सुबह सामान्य हो सके। मगर पॉवर प्लांट में माइंस में रात की शिफ्ट के बाद काम शुरू नहीं हो सका। टक्कर मारने वाला ट्रक पुलिस ने जब्त कर लिया है, लेकिन ड्राइवर फरार है। कोल ट्रांसपोर्ट कंपनी और कर्मकार मंडल ने दोनों मृतकों के परिजनों को 8-8 लाख रुपए की सहायता और एक-एक परिजन को नौकरी देने का ऐलान किया है।

सिंगरौली के अमिलिया के जंगल में कोल माइंस के ट्राले की टक्कर से सुहरा गांव के 40 वर्षीय रामसागर प्रजापति और अमिलिया गांव के 45 वर्षीय राम लालू यादव की मौत के बाद हिंसा भड़क गई थी। लोगों ने पॉवर और कोल प्लांट्स के बस व ट्रकों में आग लगाना शुरू कर दिया था। गुस्साई भीड़ ने मौके पर पहुंचे 10-12 पुलिस कर्मियों को भी बंधक बनाकर जमकर मारपीट की थी। देर रात कलेक्टर-एसपी के साथ पहुंचे सुरक्षा बलों ने इन पुलिसकर्मियों को भीड़ के चंगुल से मुक्त कराया था। घटना में बरगवां टीआई राकेश साहू सहित कई पुलिस जवान घायल हुए हैं। हाथ में फ्रैक्चर होने के कारण उन्हें ट्रामा सेंटर में भर्ती किया गया है। शनिवार सुबह पुलिस ने घटना स्थल से सभी जले हुए वाहन हटाकर यातायाता बहाल कर दिया। फरार ट्रक ड्राइवर की तलाश के लिए टीम गठित की गई है। वहीं पुलिस अब उपद्रव करने वालों को भी तलाश रही है। मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम 20 घंटे बाद हो सका।

**इसलिए भड़क गए लोग:** दोनों युवक तीन बजे ही घर से निकले। पांच बजे घटना की सूचना पहुंच गई, लेकिन जब परिजन व ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचे तो वहां शव नहीं थे। पुलिस बिना बताए ही पुलिस दोनों शवों को लेकर चली गई। दो टुकड़ों में पड़ी बाइक से शिनाख्त हुई। पुलिस के रवैये से लोग भड़क गए। देखते ही देखते 200 से अधिक लोग जमा हो गए। गुस्साई भीड़ कंपनी में घुसकर तोड़फोड़ करना चाहती थी। मगर बसें व ट्रक आते देख लोगों ने उन्हीं पर पथराव शुरू कर दिया। उसके बाद आगजनी होने लगी।




#### सुबह की शिफ्ट में नहीं आए कर्मचारी

आगजनी की यह घटना बधोरा गांव में एसआर पावर कंपनी के गेट के पास हुई थी। जिन वाहनों में आग लगाई वो अडानी की कोलमाइंस और पावर कंपनी के हैं। इससे पॉवर प्लांट में रात भर काम बंद रहा। बसें जलने से रात की शिफ्ट के कर्मचारी नहीं आए। इस कारण शनिवार को भी दोनों प्लांट में काम बंद रहा।

#### पहले जमीन ली, अब जान ले रही कंपनी

दोनों युवकों के परिवार में मातम छाया हुआ है। ग्रामीणों की नाराजगी अभी भी कम नहीं हुई है। दोनों के बच्चे अभी पढ़ाई कर रहे हैं। मृतकों के परिजनों का आरोप है कि कंपनी प्रबंधन ने पहले उनकी जमीन ले रखी है। अब उनकी जान भी ले रही है। कोयला परिवहन के लिए कंपनी को अलग से अपनी सड़क बना लेना चाहिए, वरना ऐसे ही हादसे होते रहेंगे और लोगों की जान जाती रहेंगी।



## यूरिया की किल्लत से किसान परेशान : मंगू

**रीवा।** प्रदेश कांग्रेस महासचिव गुरमीत सिंह मंगू ने जारी विज्ञप्ति में कहा है कि यूरिया नहीं मिलने से प्रदेश व जिले के किसान परेशान हैं और खाद की उपलब्धता को लेकर सुबह से शाम तक खाद दुकानों के चक्कर लगा रहे हैं। हर जगह इन दिनों यूरिया खाद की भारी किल्लत है। लेकिन उन्हें कहीं भी खाद नहीं मिल पा रही है। समय पर यूरिया नहीं मिलने से खेतों में लगी गेहूं की फसल प्रभावित हो रही है। कांग्रेस नेता ने कहा कि जब से डबल इंजन की सरकार बनी तब से किसान प्रत्येक वर्ष खाद बीज के लिए परेशान रहते हैं और उनकी पीड़ा कोई नहीं सुनता। उन्होंने आगे कहा कि ऐसा नहीं कि किसान की समस्या प्रशासन को पता नहीं फिर भी खाद का स्टॉक न कर खाद कि किल्लत की जाती है। जबकि प्रशासन को सीजन के पूर्व ही स्टॉक पर्याप्त रखना चाहिए। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री से मांग की है कि किसानों की पीड़ा को सुनें और शीघ्र हर जिले में मांग अनुसार यूरिया खाद की पूर्ति कराएं, अन्यथा किसानों के साथ कांग्रेस का कार्यकर्ता सड़कों से लेकर शासकीय कार्यालयों में आंदोलन करने मजबूर होंगे।


**किराए से देना है**

आफिस/व्यवसायिक उपयोग हेतु मेन रोड से लगा हुआ खुटेही रीवा में भू-तल पर स्थित फ्लैट किराये पर देना है।
संपर्क करें:- 9200086777
9993331740
(17/2)


**सूचना**

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।


**लोन**

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क - 8962086944


# लंदन गजट में नैकहाई नाम, रख दिया संग्राम स्थल



### ढाई-तीन सौ वर्षों से रखे नैकहाई नाम को बदलने, यशवंतराव पेशवा की छतरी किसी अन्य की बताने का आरोप

**जागरण, रीवा।** नैकहाई का नाम संग्राम तीर्थ करने व यहां स्थित पं. यशवंतराव पेशवा की छतरी किसी अन्य की बताने पर नायक पं. यशवंत राव पेशवा के प्रपौत्र प्रभाकर नारायण राव पेशवा ने विरोध किया है। उन्होंने बताया कि लंदन के गजट में इस क्षेत्र को नैकहाई नाम दिया गया था, किन्तु कुछ लोग निजी स्वार्थ के चलते इसका नाम बदलने में लगे हुए हैं। करीब ढाई-तीन सौ वर्ष से उक्त क्षेत्र का नाम नैकहाई है। अंग्रेज सेना के पांच हजार सैनिक पुणे की ओर जा रहे थे, जिन्हें रोकने के लिए नायक पं. यशवंत राव पेशवा ने यहां मोर्चा खोला था, और यहां खाई खोदकर अंग्रेजी सेना को रोकने का प्रयास किया था। नायक की खाई यानी नैकहाई नाम इसी कारण पड़ा।

### यहां 27 छतरियां बनी थीं

प्रभाकर नारायण राव पेशवा ने बताया कि इस क्षेत्र में लगभग हर समाज की करीब 27 छतरियां बनी थीं। नैकहाई की भूमि करीब साढ़े 8 एकड़ भूमि थी, जिसमें से काफी भूमि पर कब्जा हो चुका है। यहां बनी एक छतरी नायक पं. यशवंत राव पेशवा की है, जिसे मुड़कटा कहते हैं। यहां पर नायक पं. यशवंत राव पेशवा का सिर विच्छेद किया गया था, इसलिए इस छतरी में गुंबद नहीं बना। इस छतरी को भी किसी और की छतरी बताई जा रही है। जबकि नैकहाई इस युद्ध की शुरूआत है तो भीमा कोरे गांव इस युद्ध का अंत है। उन्होंने रीवा राज्य पर आक्रांता नहीं अपितु देश भक्तकरार देते हुए अंग्रेजी सेना से लड़ने के लिए आने की बात कही। यहां सवाल यह है कि क्या रीवा महाराज के दस्तावेज झूठे हैं जिसमें यशवंत राव ने रीवा राज्य को अपने कब्जे में करने के लिए 10 हजार सेना के साथ चढ़ाई की थी। यदि नायक को अंग्रेजों से लड़ना था तो रीवा राज्य की सेना पर क्यों टूट पड़े। सवा दो सौ साल बाद जब नैकहई युद्ध स्थल का स्मारक स्थल के रूप में संरक्षण किया जाने लगा तब पेशवा व नायक के परिवार अलग दावा ठोंकने लगे। निःसंदेह यशवंत राव नायक को जाबाज बताया जाता है। उन्होंने अपने राजा के लिए अपना बलिदान दिया था उन्हें वहां सम्मान मिलना चाहिए लेकिन जिस राज्य को मिटाने के लिए हमला बोला था वहां यह सब कैसे हो पायेगा विचारणीय प्रश्न है।

### मप्र सरकार को कमेटी बनाना चाहिए

प्रभाकर नारायण राव पेशवा के साथ दिल्ली से आए जितेन्द्र खुराना (नचिकेता) ने कहा कि सरकार के पास कोई कमी है तो वे अपने ढंग से इसे बनाने का काम करेंगे। वे लंदन गजट, रीवा राजा के पत्र के साथ ही तहरीक-ए-बुन्देलखंड का प्रमाण लेकर आए हैं।

# राज्य लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा आज

### 12 केन्द्रों में होगी परीक्षा

**जागरण, रीवा।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की वर्ष 2025 की प्रारंभिक परीक्षा 16 फरवरी को आयोजित की गयी है। परीक्षा दो पालियों में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं दोपहर 2.15 बजे से शाम 4.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। इस संबंध में परीक्षा प्रभारी एवं संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय ने बताया कि रीवा जिले में प्रारंभिक परीक्षा के लिए 12 परीक्षा केन्द्र राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा निर्धारित किए गए हैं। इनमें गवर्मेंट हायर सेकण्डरी स्कूल नम्बर एक एवं दो धोबिया टंकी, टीआरएस कॉलेज, शासकीय कन्या हाईस्कूल पाण्डेन टोला, शासकीय पीके कन्या हायर सेकण्डरी सीएम राइज स्कूल, शासकीय एसके कन्या हायर सेकण्डरी स्कूल फोर्ट रोड शामिल हैं। शासकीय मार्तण्ड हायर सेकण्डरी स्कूल क्रमांक तीन, शासकीय मार्तण्ड स्कूल क्रमांक दो यूनिवर्सिटी रोड, शासकीय कन्या महाविद्यालय, शासकीय माडल साइंस कॉलेज, शासकीय मार्तण्ड उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक एक तथा शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज रीवा शामिल हैं। इन संस्थाओं के प्राचार्यों को प्रारंभिक परीक्षा संपन्न कराने के लिए केन्द्राध्यक्ष बनाया गया है। संयुक्त कलेक्टर ने बताया कि सभी केन्द्रों में परीक्षार्थियों की निर्धारित संख्या के अनुसार परीक्षार्थियों के बैठने की समुचित व्यवस्था की गयी है। परीक्षा केन्द्र में पेयजल, साफ-सफाई तथा बिजली की नियमित आपूर्ति की भी व्यवस्था रहेगी। परीक्षा केन्द्र में कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक पुलिस बल तैनात किया गया है। प्रारंभिक परीक्षा को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किये गये हैं।

**जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित :** लोक सेवा आयोग की परीक्षा आयोजन में किसी भी प्रकार की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कलेक्टर कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम का दूरभाष क्रमांक 07662-255143 है। यह कंट्रोल रूम 16 फरवरी को प्रातः 8 बजे से शाम 7 बजे तक प्रभावशील रहेगा। कंट्रोल रूम में प्रफुल्ल मिश्रा डाटा इंट्री ऑपरेटर, दीपक गुप्ता कार्यालय सहायक, शिवपूजन सिंह डाटा इंट्री ऑपरेटर, लक्ष्मीनारायण श्रीवास्तव सहायक वर्ग दो, नरेन्द्र कुमार तिवारी सहायक वर्ग-2 तथा मनोज कुमार वर्मा भृत्य की ड्यूटी लगायी गयी है।

# घर बैठे बना सकते हैं बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड

### मोबाइल फोन उठाइए, अपना आयुष्मान कार्ड बनाइए

**जागरण, रीवा।** आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र व्यक्तियों को आयुष्मान कार्ड जारी किए गए हैं। इसकी सहायता से एक वर्ष की अवधि में पाँच लाख रुपए तक के उपचार की सहायता दी जाती है। शासन द्वारा 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। इसके लिए आधार कार्ड में अंकित जन्मतिथि को आधार माना गया है। इस संबंध में आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे ने बताया कि जिले में 70 साल से अधिक आयु के एक लाख 45 हजार व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए शहरी क्षेत्र के सभी वार्डों, ग्राम पंचायतों तथा सभी अस्पतालों एवं संजीवनी केन्द्रों में शिविर लगाए जा रहे हैं। आशा कार्यकर्ता, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, एएनएम तथा सीएचओ द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं।

आयुक्त नगर निगम ने बताया कि घर बैठे भी आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा है। इसके लिए बस एन्ड्रायॅड फोन की आवश्यकता होगी। अपने फोन पर आयुष्मान एप डाउनलोड कर लें। इसमें निर्धारित विवरण दर्ज कर दें। आधार कार्ड और समग्र आईडी की जानकारी दर्ज करने के बाद दर्ज किए गए मोबाइल नम्बर पर ओटीपी आएगा। इसे दर्ज करने पर आयुष्मान कार्ड डाउनलोड हो जाएगा। यदि ओटीपी दर्ज करने के बाद किसी तरह का एरर दिखाई देता है तो पुनः क्लिक करके ओटीपी प्राप्त करें। इसमें पंजीयन होने के बाद आयुष्मान कार्ड जनरेट हो जाएगा। इसे आसानी से डाउनलोड किया जा सकता है।

# रंगकर्मी आलोक शुक्ला के नये नाट्य संग्रह का एनएसडी में हुआ लोकार्पण



**जागरण, रीवा।** जाने - माने रंगकर्मी आलोक शुक्ला के नये नाट्य संग्रह 'अजीब दास्तां' का भव्य लोकार्पण राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय नई दिल्ली के परिसर में भारत रंग महोत्सव के अंतर्गत श्रुति कार्यक्रम में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के डायरेक्टर और प्रसिद्ध अभिनेता चितरंजन त्रिपाठी, प्रसिद्ध रंग समीक्षक संगम पाण्डेय और एनएसडी के प्रकाशन प्रमुख डॉक्टर प्रकाश झा के द्वारा सम्पन्न हुआ। इस मौके पर नाट्य संग्रह पर चर्चा करते हुए रंग समीक्षक संगम पाण्डेय ने आलोक शुक्ला की गंभीर बीमारी से उबरने के क्रम में उनके नाट्य लेखन और रंगकर्म की प्रशंसा करते हुए अजीब दास्तां को आज के जमाने का 'आधे-अधूरे' करार दिया और कहा कि आधे अधूरे में सब किसी चीज की तलाश में रहते हैं तो अजीब दास्तां में सब कुछ होते हुए भी लोग टूटे हुए हैं। आलोक ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि ये नाटक महानगर मुंबई के दो परिवारों के दाम्पत्य जीवन के टूटते-बिगड़ते रिश्तों पर है जबकि दूसरा नाटक एक हास्य नाटक है । बता दें कि आलोक शुक्ला बीते चार साल से जीबीएस पैरलीसिस से पीड़ित हैं और अभी भी पूरी तरह से ठीक नहीं हुए हैं लेकिन इसी दौरान उन्होंने अपने नाट्य लेखन को जारी रखा और उनके तीन नाट्य संग्रह, एक रंग संस्मरण और एक काव्य संग्रह प्रकाशित होकर आये, इसी के साथ पिछले साल मंच पर भी अपने लिखे नाटकों का निर्देशन और अभिनय करते हुए उन्होंने वापसी की। लोकार्पण के दौरान विशेष रूप से प्रयाग शुक्ल, राजेश कुमार, हेमंत मिश्रा,शिवकेश मिश्रा, महेन्द्र प्रसाद सिंह, सुनील रावत, प्रताप सिंह, नीतू शुक्ला, अर्जुन राजपूत समेत कई रंगकर्मी और लेखक उपस्थिति रहे । इस नाट्य संग्रह को इंडिया नेटबुक्स वेबसाइट अमेजन और फ्लिपकार्ट से प्राप्त किया जा सकता है।

### प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सहयोजना के तहत लगाये जा रहे हैं शिविर

**रीवा।** प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सहयोजना के व्यापक प्रचार प्रसार तथा योजना में अधिक से अधिक लोगों को पंजीकृत करने के उद्देश्य से शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। उप संचालक मत्स्य डॉ. अंजना सिंह से प्राप्त जानकारी के अनुसार 22 फरवरी तक शिविरों में ऋण सुविधा, जलीय कृषि बीमा और निष्पादन अनुदान के लाभ हेतु आवेदन स्वीकृत किये जायेंगे। उन्होंने मछुआरों, मत्स्य पालकों, सूक्ष्म और लघु उद्यामों के हितग्राहियों से शिविर में पहुंचकर लाभ लेने का अनुरोध किया है।

**गुमशुदा की तलाश**



नरेन्द्र साकेत पिता प्रेमलाल साकेत उम्र 15 वर्ष दिनांक 13.02.2025 को सुबह (तिलक आदर्श स्कूल, रतहरा रीवा में कक्षा 8वीं में पढ़ता है) स्कूल के लिए घर से निकला था। लेकिन स्कूल नहीं पहुंचा, बीच में ही कहीं चला गया है, जिसका होलिया रंग- सांवला, कद 5 फिट, कलर सफेद लाल चौकडी लाइन शर्ट कत्था पैंट और वैग हल्का लाल लिया था, उक्त होलिये का लड़का जिस किसी भी सज्जन व्यक्ति को दिखे कृपया दिये पते व नम्बर पर पहुंचाने एवं सूचना देने का कष्ट करें।

सूचना देने व पहुंचाने वाले को उचित ईनाम दिया जायेगा।

प्रेमलाल साकेत: वर्तमान पता- खाम्हा बिछिया रीवा (म.प्र.)
मो.: 8982407618, 8962541597

RN-80752

**सैनिक स्कूल रीवा (मध्यप्रदेश), रक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित**
**-वार्षिक निविदा आमंत्रण सूचना-**
**(SECOND CALL/RE-TENDER)**

सैनिक स्कूल रीवा 01 मई 2025 से 30 अप्रैल 2026 की अवधि के लिए निम्नलिखित वस्तुओं और सेवाओं की आपूर्ति हेतु वार्षिक दर अनुबंधों के लिए पंजीकृत एजेंसियों से निविदाएं आमंत्रित कर रहा है:-

| क्र. | श्रेणी | |
|---|---|---|
| 1. | विभिन्न प्रकार के अध्ययन सामग्री के आपूर्ति के लिए वार्षिक अनुबंध। | (CATEGORY- I) |
| 2. | विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थ के आपूर्ति के लिए वार्षिक अनुबंध। | (CATEGORY-II) |
| 3. | विभिन्न प्रकार के सेवाओं की आपूर्ति के लिए वार्षिक अनुबंध। | (CATEGORY-III) |
| 4. | स्कूल परिसर में विभिन्न प्रकार के दुकान संचालन के लिए वार्षिक अनुबंध | (CATEGORY-IV) |
| 5. | घोड़ों के खाद्य सामग्री की आपूर्ति के लिए वार्षिक अनुबंध। | (CATEGORY-V) |
| 6. | सामान्य दवाओं और घोड़े की दवाओं की आपूर्ति के लिए वार्षिक अनुबंध। | (CATEGORY-VI) |
| 7. | तरणताल संबंधित सामग्रियों की आपूर्ति के लिए वार्षिक अनुबंध। | (CATEGORY-VII) |

निविदाओं की विस्तृत जानकारी, निविदा प्रपत्र एवं निविदा हेतु जरूरी दस्तावेजों की जानकारी सैनिक स्कूल रीवा की वेबसाइट www.sainikschoolrewa.ac.in देखें।

प्राचार्य
सैनिक स्कूल रीवा (मध्यप्रदेश)

### रीवा-सतना रोड पर बना गड्ढा बन सकता है दुर्घटना का सबब



**रीवा।** रीवा से सतना जाने वाले मार्ग चोरहटा थाना के पहले पड़ने वाले पुल के किनारे बड़ा सा गड्ढा कभी भी बड़ी दुर्घटना का सबब बन सकता है। पुल से सटा यह गड्ढा वाहन चालकों को दिन में दिखाई दे जाता है, लेकिन रात्रि के समय यह गड्ढा वाहन चालकों को दिखाई नहीं देता। बिल्कुल समीप जाने पर गड्ढा दिखाई देता है। जहां पुल बना है वहां तो साइड दीवार बनी है लेकिन पुल के पहले हुए इस गड्ढे में जाने से रोकने के लिए न तो दीवार बनी है न ही यहां रैलिंग वगैरह लगाई गई है। कई शहर, जिलों को जोड़ता है मार्ग : रीवा से सतना जाने वाला यह मार्ग सतना के साथ ही अमरपाटन होते हुए मैहर, पन्ना, छतरपुर, सागर आदि मार्ग से जुड़ा है। जिसमें 24 घंटे आवागमन बहाल रहता है। समीपस्थ राज्य प्रयागराज में महाकुंभ के चलते यह मार्ग इन दिनों वाहनों से पटा रहता है। सुरक्षा की दृष्टि से इस जानलेवा गड्ढे का न तो भराव किया गया न ही यहां रैलिंग वगैरह लगवाई गई। लोगों की मानें तो इस गड्ढे के कारण यहां पूर्व में भी दुर्घटना घट चुकी है, इसके बाद भी जिमेदारों ने इसे दुरुस्त करवाने की सुध नहीं ली।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग सिगरौली (म.प्र.)**
**निविदा आमत्रण ई-टेन्डरिंग**
**म.प्र.शासन**

निविदा सूचना क्रमांक 21/ई-टेन्डरिंग/2024-25 — सिंगरौली, दिनांक 13.02.2025

निम्नलिखित कार्यो की निविदा ऑनलाईन के माध्यम से पंजीकृत संविदाकारों एवं कम्पनियों पूर्ण पंजीकरण मापदण्ड से आमंत्रित किये जाते है।

| स.क्र | जिला | ऑनलाईन टेंडर क्रमांक | निविदा आमंत्रण का काल | कार्य का नाम | पी.ए.सी. (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने का समय | भौतिक रूप से एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | सिगरौली | 2025_PWDRB_401855 | प्रथम आमंत्रण | विशेष मरम्मत के अंतर्गत उपसंभाग देवसर अंतर्गत स्थित शासकीय आवास गृह कमांक R/90 (A), (B), (C), (D), (E) का मरम्मत कार्य। | 4.23 | 8460 | 2000 | 03 माह | भौतिक रूप से एनवलप इस कार्यालय में स्वीकार नही किये जावेंगें, केवल ऑनलाईन ही मान्य होंगे। |
| 2 | सिगरौली | 2025_PWDRB_401857 | प्रथम आमंत्रण | विशेष मरम्मत के अंतर्गत उपसंभाग देवसर अंतर्गत स्थित शासकीय आवास गृह कमांक R/91 (A), (B), (C), (D), (E) का मरम्मत कार्य। | 4.23 | 8460 | 2000 | 03 माह | भौतिक रूप से एनवलप इस कार्यालय में स्वीकार नही किये जावेंगें, केवल ऑनलाईन ही मान्य होंगे। |
| 3 | सिगरौली | 2025_PWDRB_401858 | प्रथम आमंत्रण | विशेष मरम्मत के अंतर्गत उपसंभाग देवसर अंतर्गत स्थित शासकीय आवास गृह कमांक R/97 का मरम्मत कार्य। | 4.03 | 8060 | 2000 | 03 माह | भौतिक रूप से एनवलप इस कार्यालय में स्वीकार नही किये जावेंगें, केवल ऑनलाईन ही मान्य होंगे। |
| 4 | सिगरौली | 2025_PWDRB_401860 | प्रथम आमंत्रण | विशेष मरम्मत के अंतर्गत उपसंभाग बैढ़न अंतर्गत स्थित शासकीय आवास गृह कमांक 24 A का मरम्मत कार्य। | 2.96 | 5920 | 2000 | 03 माह | भौतिक रूप से एनवलप इस कार्यालय में स्वीकार नही किये जावेंगें, केवल ऑनलाईन ही मान्य होंगे। |
| 5 | सिगरौली | 2025_PWDRB_401863 | द्वितीय आमंत्रण | उपसंभाग बैढ़न अंतर्गत ग्राम हटका राजेन्द्र पाण्डेय के घर से प्रधानमंत्री पहुंच मार्ग लं. 5.00 कि.मी. में बी.टी. रेन्युवल का कार्य। | 40.90 | 50000 | 5000 | 03 माह | भौतिक रूप से एनवलप इस कार्यालय में स्वीकार नही किये जावेंगें, केवल ऑनलाईन ही मान्य होंगे। निविदा मुख्य अभियंता कार्यालय रीवा में खोली जावेगी। |
| 6 | सिगरौली | 2025_PWDRB_401866 | द्वितीय आमंत्रण | उपसंभाग बैढ़न अंतर्गत मयार नदी भमौरा से गहिडार पहुंच मार्ग लं. 2.70 कि.मी. में बी.टी. रेन्युवल का कार्य। | 22.59 | 45180 | 5000 | 03 माह | भौतिक रूप से एनवलप इस कार्यालय में स्वीकार नही किये जावेंगें, केवल ऑनलाईन ही मान्य होंगे। निविदा मुख्य अभियंता कार्यालय रीवा में खोली जावेगी। |
| 7 | सिगरौली | 2025_PWDRB_401867 | द्वितीय आमंत्रण | उपसंभाग चितरंगी अंतर्गत पिपरा बरहटी से भौडार छान्दा पहुंच मार्ग लं. 4.10 क.मी. में बी.टी. रेन्युवल का कार्य। | 33.73 | 50000 | 5000 | 03 माह | भौतिक रूप से एनवलप इस कार्यालय में स्वीकार नही किये जावेंगें, केवल ऑनलाईन ही मान्य होंगे। निविदा मुख्य अभियंता कार्यालय रीवा में खोली जावेगी। |
| 8 | सिगरौली | 2025_PWDRB_401868 | द्वितीय आमंत्रण | उपसंभाग चितरंगी अंतर्गत धौरहवा से सिरगुड़ी पहुंच मार्ग लं. 3.80 कि.मी. में बी.टी. रेन्युवल का कार्य। | 31.35 | 50000 | 5000 | 03 माह | भौतिक रूप से एनवलप इस कार्यालय में स्वीकार नही किये जावेंगें, केवल ऑनलाईन ही मान्य होंगे। निविदा मुख्य अभियंता कार्यालय रीवा में खोली जावेगी। |
| 9 | सिगरौली | 2025_PWDRB_401869 | तृतीय आमंत्रण | उपसंभाग चितरंगी अंतर्गत पोड़ी बरगवां से बरहवा टोला मार्ग लं. 3.00 कि.मी. में बी.टी. रेन्युवल का कार्य। | 24.98 | 49960 | 5000 | 03 माह | भौतिक रूप से एनवलप इस कार्यालय में स्वीकार नही किये जावेंगें, केवल ऑनलाईन ही मान्य होंगे। निविदा मुख्य अभियंता कार्यालय रीवा में खोली जावेगी। |
| 10 | सिगरौली | 2025_PWDRB_401871 | द्वितीय आमंत्रण | उपसंभाग बैढन अंतर्गत छतौली से बुधरिया टोला मार्ग लं. 3.00 कि.मी., रौंदी से बेतरिया मार्ग लं. 1.00 कि.मी. कुल लम्बाई 4.00 कि.मी. में बी.टी. रेन्युवल का कार्य। | 28.17 | 50000 | 5000 | 03 माह | भौतिक रूप से एनवलप इस कार्यालय में स्वीकार नही किये जावेंगें, केवल ऑनलाईन ही मान्य होंगे। निविदा मुख्य अभियंता कार्यालय रीवा में खोली जावेगी। |
| 11 | सिगरौली | 2025_PWDRB_401872 | द्वितीय आमंत्रण | उपसंभाग देवसर अंतर्गत देवसर टाउन मार्ग लम्बाई 3.00 कि.मी. एवं सुपेला पहुंच मार्ग लं0 1.00 कि.मी., कुल लं. 4.00 कि.मी. में बी.टी. रेन्युवल का कार्य। | 38.67 | 50000 | 5000 | 03 माह | भौतिक रूप से एनवलप इस कार्यालय में स्वीकार नही किये जावेंगें, केवल ऑनलाईन ही मान्य होंगे। निविदा मुख्य अभियंता कार्यालय रीवा में खोली जावेगी। |
| | | | | योग- | 235.84 | | | | |

1. ऑनलाईन पोर्टल https:mpetenders.gov.in/nicgep/app के माध्यम से निविदा प्रपत्र क्रय करने तथा ऑनलाईन बिड सबमिशन की प्रारम्भिक तिथि दिनांक 18.02.2025 से अंतिम तिथि दिनांक 07.03.2025 सांय 17:30 तक निर्धारित है। निविदा दिनांक 10.03.2025 को खोली जावेगी।
2. निविदा संबंधी दस्तावेज केवल आनलाईन ही मान्य किये जायेंगे।
3. निविदा से संबंधित संशोधित समय परिवर्तन आदि की सूचना केवल बेबसाईट के माध्यम से दी जावेगी।
4. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारियाँ उपरोक्त बेबसाईट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग
संभाग सिंगरौली (म0प्र0)

जी-23075/24

**कार्यालय नगर परिषद हनुमना, जिला-मऊगंज (म0प्र0)**
*Email ID:- cmohanumana@mpurban.gov.in*

क्रमांक/1683 /राजस्व/घोष.विक्रय.नीलामी/न.परि./2025 — हनुमना दिनांक 15.02.2025

**-: घोष विक्रय नीलामी की विज्ञप्ति :-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अनुसूची-एक में दर्शित बकायादारों की परिसम्पत्तियों नगरपालिका को देय सम्पत्तिकर, समेकितकर, नगरीय विकास उपकर, शिक्षा उपकर, कचरा संग्रहण की बकाया करों की राशि के विरूद्ध नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 164 एवं 167 के अंतर्गत कार्यवाही की जाकर आसेधित की गई है, जिन्हे धारा 168 एवं उसके अंतर्गत बनाये गये मध्यप्रदेश नगरपालिका समाभिहित अचल सम्पत्ति विक्रय नियम 1963 के अंतर्गत सार्वजनिक घोष विक्रय किया जाना है। निम्न भवन स्वामियों की सम्पत्ति आसेधित की गई है, और सार्वजनिक घोष द्वारा विक्रय किया जाना है, उसका विवरण निम्नानुसार है:-

**अनुसूची-एक**

| क्रं. | वार्ड क्रं. एवं पता | नाम एवं बकाया राशि का विवरण | बकाया के विरूद्ध आसेधित की गई सम्पत्ति का विवरण (भवन/भूमि) | आसेधित की गई सम्पत्ति का अनुमानित मूल्य | सार्वजनिक नीलामी द्वारा विक्रय का स्थल | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड क्रं.-04 मिर्जापुर रोड हनुमना | श्रीमती लीलावती गुप्ता पति श्री जगदीश प्रसाद गुप्ता, सम्पत्तिकर की बकाया राशि 43434=00 | 15X20=300 वर्गफीट भवन का आगे का कमरा | 2.50 लाख | कार्यालय नगर परिषद हनुमना | 10,000=00 |
| 2. | वार्ड क्रं.-04 HDFC बैंक के बगल में मिर्जापुर रोड हनुमना | श्री शंकरलाल गुप्ता पिता तुलसीदास गुप्ता, सम्पत्तिकर की बकाया राशि रू. 13346=00 | 10X12=120 वर्गफीट भवन का आगे का कमरा | 2.00 लाख | कार्यालय नगर परिषद हनुमना | 10,000=00 |
| 3. | वार्ड क्रं.-04 मिर्जापुर रोड हनुमना | श्री दिनेश गुप्ता पिता गोविन्ददास गुप्ता, सम्पत्तिकर की बकाया राशि रू. 17249=00 | 12X15=180 वर्गफीट भवन का आगे का कमरा | 2.00 लाख | कार्यालय नगर परिषद हनुमना | 10,000=00 |
| 4. | वार्ड क्रं.-04 मिर्जापुर रोड हनुमना | श्री माताशरण गुप्ता पिता हनुमान दास गुप्ता, सम्पत्तिकर की बकाया राशि रू. 10070=00 | 12X15=180 वर्गफीट भवन का आगे का कमरा | 2.00 लाख | कार्यालय नगर परिषद हनुमना | 10,000=00 |
| 5. | वार्ड क्रं.-04 मिर्जापुर रोड हनुमना | श्रीमती जगदेईया देवी गुप्ता पति माताशरण गुप्ता, सम्पत्तिकर की बकाया राशि रू. 6182=00 एवं जलकर की बकाया राशि रू. 1380=00 | 12X15=180 वर्गफीट भवन का आगे का कमरा | 2.00 लाख | कार्यालय नगर परिषद हनुमना | 10,000=00 |
| 6. | वार्ड क्रं.-04 मिर्जापुर रोड हनुमना | श्री लक्ष्मणदास गुप्ता पिता पुरूषोत्तमदास गुप्ता, सम्पत्तिकर की बकाया राशि रू. 6887=00 | 12X15=180 वर्गफीट भवन का आगे का कमरा | 2.00 लाख | कार्यालय नगर परिषद हनुमना | 10,000=00 |
| 7. | वार्ड क्रं.-04 मिर्जापुर रोड हनुमना | श्री कृष्णलाल उर्फ मानसिंह पिता केदारनाथ गुप्ता, सम्पत्तिकर की बकाया राशि रू. 6143=00 | 12X15=180 वर्गफीट भवन का आगे का कमरा | 2.00 लाख | कार्यालय नगर परिषद हनुमना | 10,000=00 |
| 8. | वार्ड क्रं.-04 मिर्जापुर रोड हनुमना | श्री राकेश कुमार गुप्ता पिता पुरूषोत्तमदास गुप्ता, सम्पत्तिकर की बकाया राशि रू. 11917=00 एवं जलकर की बकाया राशि रू. 2220=00 | 15X20=300 वर्गफीट भवन का आगे का कमरा | 2.00 लाख | कार्यालय नगर परिषद हनुमना | 10,000=00 |
| 9. | वार्ड क्रं.-04 मिर्जापुर रोड हनुमना | श्री बाला प्रसाद गुप्ता पिता माताभीष गुप्ता, सम्पत्तिकर की बकाया राशि रू. 15152=00 एवं जलकर की बकाया राशि रू. 1716=00 | 10X10=100 वर्गफीट भवन का आगे का कमरा | 2.00 लाख | कार्यालय नगर परिषद हनुमना | 10,000=00 |
| 10. | वार्ड क्रं.-04 मिर्जापुर रोड हनुमना | श्री बनवारीलाल गुप्ता पिता माताभीष गुप्ता, सम्पत्तिकर की बकाया राशि रू. 6187=00 एवं जलकर की बकाया राशि रू. 2220=00 | 10X10=100 वर्गफीट भवन का आगे का कमरा | 2.00 लाख | कार्यालय नगर परिषद हनुमना | 10,000=00 |
| 11. | वार्ड क्रं.-04 रीवा रोड हनुमना | श्री श्रीनारायणदास गुप्ता पिता शंकरलाल गुप्ता, सम्पत्तिकर की बकाया राशि रू. 9916=00 | 10X20=200 वर्गफीट भवन का आगे का कमरा | 2.00 लाख | कार्यालय नगर परिषद हनुमना | 10,000=00 |
| 12. | वार्ड क्रं.-04 रीवा रोड हनुमना | श्रीधर गुप्ता पिता शंकरलाल गुप्ता, सम्पत्तिकर की बकाया राशि रू. 7896=00 एवं जलकर की बकाया राशि रू. 3524=00 | 10X20=200 वर्गफीट भवन का आगे का कमरा | 2.00 लाख | कार्यालय नगर परिषद हनुमना | 10,000=00 |
| 13. | वार्ड क्रं.-04 रीवा रोड हनुमना | श्री सुदामालाल गुप्ता पिता बद्रीप्रसाद गुप्ता, सम्पत्तिकर की बकाया राशि रू. 4899=00 एवं जलकर की बकाया राशि रू. 2678=00 | 10X20=200 वर्गफीट भवन का आगे का कमरा | 2.00 लाख | कार्यालय नगर परिषद हनुमना | 10,000=00 |
| 14. | वार्ड क्रं.-04 रीवा रोड हनुमना | श्री जगन्नाथ गुप्ता पिता गंगा प्रसाद गुप्ता, सम्पत्तिकर की बकाया राशि रू. 11898=00 एवं जलकर की बकाया राशि रू. 2220=00 | 10X20=200 वर्गफीट की दुकान पक्की | 2.00 लाख | कार्यालय नगर परिषद हनुमना | 10,000=00 |
| 15. | वार्ड क्रं.-04 रीवा रोड हनुमना | श्री त्रिलोकी प्रसाद गुप्ता पिता गंगाप्रसाद गुप्ता, सम्पत्तिकर की बकाया राशि रू. 5436=00 एवं जलकर की बकाया राशि रू. 2678=00 | 10X20=200 वर्गफीट की दुकान पक्की | 2.00 लाख | कार्यालय नगर परिषद हनुमना | 10,000=00 |
| 16. | वार्ड क्रं.-04 रीवा रोड हनुमना | श्री देवी प्रसाद गुप्ता पिता गंगा प्रसाद गुप्ता, सम्पत्तिकर की बकाया राशि रू. 6600=00 | 20X10=200 वर्गफीट की दुकान पक्की | 2.00 लाख | कार्यालय नगर परिषद हनुमना | 10,000=00 |
| 17. | वार्ड क्रं.-04 रीवा रोड हनुमना | श्री नारायणदास गुप्ता पिता रामसहाय गुप्ता, सम्पत्तिकर की बकाया राशि रू. 7629=00 | 10X10=100 वर्गफीट की दुकान पक्की | 2.00 लाख | कार्यालय नगर परिषद हनुमना | 10,000=00 |
| 18. | वार्ड क्रं.-04 रीवा रोड हनुमना | श्रीमती गरीबन पति रमजान खाँ, सम्पत्तिकर की बकाया राशि रू. 8903=00 एवं जलकर की बकाया राशि रू. 1668=00 | 20X20=400 वर्गफीट की दुकान पक्की | 2.00 लाख | कार्यालय नगर परिषद हनुमना | 10,000=00 |

**मुख्य शर्ते निम्नानुसार है:-**

उपरोक्त सम्पत्ति की नीलामी दिनांक-07 मार्च 2025 को समय दोपहर 12.00 बजे से 5.00 बजे तक की जावेगी।

1. सार्वजनिक नीलामी में भाग लेने से पूर्व बोलीकर्ता को प्रत्येक सम्पत्ति के लिये पृथक-पृथक निर्धारित अमानत राशि नगद/बैंक ड्राफ्ट जो मुख्य नगरपालिका अधिकारी के नाम से देय हो स्थल पर जमा करना अनिवार्य होगा।
2. अचल सम्पत्ति के प्रत्येक विक्रय पर क्रेता के रूप में घोषित व्यक्ति ऐसी घोषणा के तुरंत पश्चात उसकी विक्रय राशि का 25 प्रतिशत विक्रय करने वाले अधिकारी के पास जमा कर देगा और यदि राशि इस प्रकार जमा न की जावें तो सम्पत्ति पुनः बेची जावेगी, एवं अमानत राशि जप्त कर ली जावेगी।
3. सम्पूर्ण क्रय राशि क्रेता द्वारा नगरपालिका कार्यालय में सम्पत्ति के विक्रय के 15 दिवस के भीतर किसी भी दिन चुकाई जा सकेगी।
4. अंतिम पूर्ववर्ती नियम में उल्लेखित अवधि के भीतर भुगतान न किये जाने पर जमा रकम यदि मुख्य नगर पालिका अधिकारी उचित समझे तो विक्रय सम्बन्धी खर्च चुकाने के पश्चात निकाय के पक्ष में राजसात कर ली जावेगी और सम्पत्ति को पुनः बेचा जावेगा और त्रुटिकर्ता क्रेता सम्पत्ति के या उस धन राशि जिस पर वह बाद में बेची जाये किसी भाग सम्बन्धी दावों से वंचित हो जावेगी।

क्रय राशि का भुगतान ऐसे भुगतान के लिये अनुज्ञात अवधि के भीतर न किये जाने की स्थिति में अचल सम्पत्ति का प्रत्येक पुनः विक्रय नियमानुसार किया जावेगा। शेष शर्ते नगरपालिका कार्यालय में कार्यालयीन समय में अवकाश के दिनों को छोड़कर कभी भी देखी व पढ़ी जा सकती है और नीलामी में भाग लेने पर यह माना जावेगा कि बोलीदाता को नगरपालिका की शर्ते मान्य है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद हनुमना
जिला-मऊगंज (म0प्र0)

वार्षिक परीक्षाओं का आगाज

# 1379 केंद्रों में होगी 5वीं की परीक्षा, 8वीं के लिए बने 1334

## जिले से करीब 45 हजार छात्र परीक्षा देने हुए पंजीकृत

जागरण, रीवा

जिले के प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालयों में 5वीं, 8वीं की मुख्य परीक्षा 24 फरवरी से आरम्भ होगी। राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा विगत माह घोषित समय-सारिणी के अनुसार यह परीक्षा होने जा रही है। विगत वर्ष की तरह इस बार भी यह परीक्षा बोर्ड पैटर्न पर होगी। इस परीक्षा के लिए केंद्र का निर्धारण हो गया है। जिले में कक्षा 5वीं के छात्रों के लिए 1379 केंद्र बनाए गए हैं। जबकि कक्षा 8वीं के छात्रों हेतु 1334 केंद्रों का निर्धारण हुआ है। इन केंद्रों में सरकारी, निजी विद्यालयों व मदरसों के मिलाकर करीब 45 हजार छात्र परीक्षा देने पंजीकृत हुए हैं। बताया गया कि दोनों कक्षाओं का पहला पेपर हिंदी विषय का होगा। यह परीक्षा एक पाली में दोपहर 2 से साढ़े 4 बजे के बीच होगी। परीक्षा आरम्भ होने के 1 घंटे पहले छात्रों को केंद्र में पहुँचना होगा। इस परीक्षा के लिए प्रत्येक जन शिक्षा केंद्र में 3 केंद्र बनाए गए हैं। साथ ही, केंद्राध्यक्षों के लिए भी संबंधित शिक्षकों की तैनाती की जा रही है।

**इस तरह चलेगा कार्यक्रम :** जारी कार्यक्रम के अनुसार 5वीं की परीक्षा 24 फरवरी से 1 मार्च के बीच होगी। पहले दिन 24 फरवरी को हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, मराठी की परीक्षा होगी। फिर 25 को गणित अथवा संगीत, 27 को अतिरिक्त भाषा हिंदी, संस्कृत, उर्दू, पंजाबी, 28 को पर्यावरण अध्ययन और 1 मार्च को द्वितीय भाषा अंग्रेजी की परीक्षा होगी। इसी तरह 8वीं के छात्रों की परीक्षा 24 फरवरी से 5 मार्च के मध्य सम्पन्न कराई जायेगी। आठवीं के छात्र 24 फरवरी को प्रथम भाषा हिंदी, अंग्रेजी की परीक्षा देंगे। फिर 25 को गणित अथवा संगीत, 28 को विज्ञान, 1 को सामाजिक विज्ञान, 4 को द्वितीय भाषा अंग्रेजी एवं 5 को तृतीय भाषा विषय का प्रश्न पत्र हल करने दिया जायेगा।

### आईटी पोर्टल पर दर्ज होगा ब्यौरा

बताया गया कि उक्त परीक्षा संबंधी प्रत्येक जिले के प्रश्न-पत्र अलग-अलग होंगे। बच्चों के लिए एनसीईआरटी पाठ्यक्रम के अनुसार पृथक से भाषा विषय के प्रश्न-पत्र तैयार किए गए हैं। बताया गया कि परीक्षाओं के सुचारू संचालन के लिए विभाग ने एक आईटी पोर्टल तैयार किया है, जिसके माध्यम से परीक्षा संचालन की व्यवस्थाएं पूरी ऑनलाइन की गई हैं। इसी पोर्टल में विद्यार्थियों का सत्यापन, परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण, केन्द्राध्यक्षों की मैपिंग, सामग्री वितरण आदि कार्यों के संपादन के साथ ही परीक्षार्थियों के रोल नंबर और प्रवेश पत्र जारी करने की सुविधा भी प्रदान की गई है। इस पोर्टल के माध्यम से विद्यार्थियों की परीक्षा में उपस्थिति दर्ज होगी। परीक्षा उपरांत होने वाले मूल्यांकन कार्यों और अंक सूची प्रदान करने की सुविधा भी इसी पोर्टल के द्वारा प्रदान की जायेगी।

## सीबीएसई 10वीं, 12वीं के छात्रों की परीक्षा शुरू



**शहर के 6 केंद्रों में हुआ आयोजन, करीब 25सौ छात्र हुए सम्मलित**

जागरण, रीवा। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित 10वीं, 12वीं की मुख्य परीक्षा शनिवार से आरम्भ हो गई। इस परीक्षा के लिए शहर में 6 केंद्र बनाए गए। इन केंद्रों में सीबीएसई से सम्बद्ध शहर के 23 विद्यालयों के छात्रों की परीक्षा हुई। पहले दिन 10वीं के छात्रों ने अंग्रेजी विषय की परीक्षा दी। जबकि 12वीं के छात्रों हेतु उद्यमिता विकास विषय की परीक्षा कराई गई। इस परीक्षा में तकरीबन 25सौ छात्र सम्मलित हुए। परीक्षा का आयोजन एक पाली में सुबह 10.30 बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक हुआ। छात्रों को सुबह 9 से 10 बजे तक केंद्रों में प्रवेश दिया गया। इसके उपरांत प्रारम्भिक जांच कार्यवाही करते हुए छात्रों को परीक्षा कक्ष में बैठाया गया। इस परीक्षा को लेकर छात्रों में उत्साह देखा गया। परीक्षा आरम्भ के समय छात्र केंद्रों के बाहर विषय पर चर्चा करते रहे। जबकि परीक्षा समाप्त होने के बाद केंद्रों के बाहर छात्र अपने पर्चे हल प्रश्नों का मिलान करने में व्यस्त रहे। बहरहाल, सीबीएसई द्वारा तय समय-सारिणी के अनुसार 10वीं की परीक्षा 18 मार्च को समाप्त होगी। जबकि 12वीं कक्षाओं की परीक्षा का समापन 4 अप्रैल को होगा।

# सार्थक एप में दर्ज उपस्थिति के आधार पर मिलेगा अप्रैल का वेतन

## उच्च शिक्षा विभाग ने महाविद्यालयीन लोकसेवकों पर लगाया अंकुश

जागरण, रीवा। सरकारी महाविद्यालयों में पदस्थ नियमित शिक्षकों व अतिथि विद्वानों को सार्थक एप में नियमित हाजिरी दर्ज करानी है। नॉन परफार्मिंग शैक्षणिक संवर्ग को चिन्हित करने शासन ने जो पैमाने तय किए हैं, उनमें से एक सार्थक एप भी है। उक्त जानकारी पूर्व में आयुक्त, उच्च शिक्षा द्वारा दी जा चुकी है। अब गत दिवस विभाग ने एक और आदेश जारी किया है। इस आदेश में कहा गया है कि सभी महाविद्यालयीन लोकसेवकों का मार्च पेड अप्रैल माह का वेतन सार्थक एप में दर्ज उपस्थिति के आधार पर किया जाए। प्राचार्यों को इस बावत उक्त आदेशानुसार वेतन भुगतान कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया है।

गौरतलब है कि अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, क्षेत्रीय कार्यालय रीवा अंतर्गत रीवा व शहडोल सम्भाग के जिले आते हैं। इन दोनों सम्भाग में 9 जिले हैं, जिसमें 88 सरकारी महाविद्यालय हैं। सत्र 2024-25 के आरम्भ से विभाग ने इन सभी सरकारी महाविद्यालयों में सार्थक एप की व्यवस्था लागू की है। जिसके तहत महाविद्यालय के समस्त नियमित शिक्षकों, अतिथि विद्वानों, जनभागीदारी शिक्षकों, प्राचार्य, क्रीड़ाधिकारी, ग्रंथपाल की उपस्थिति अब सार्थक एप में दर्ज कराई जा रही है। इसके अलावा, गैर शैक्षणिक वर्ग के अधिकारी, कर्मचारियों की भी इस एप के जरिये ही नियमित हाजिरी दर्ज कराने के निर्देश हैं। उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त ने व्यवस्था लागू करते हुए महाविद्यालय प्राचार्यों को उक्त आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए पहले ही कहा है।

### प्राचार्य अपनी आइडी से करेंगे परीक्षण

आयुक्त उच्च शिक्षा द्वारा पूर्व में जारी पत्र में उल्लेखित है कि इस एप के जरिये दैनंदिनी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित होनी है। सभी को अपने मोबाइल पर सार्थक एप्लीकेशन डाउनलोड करना है। यह आदेश पीएम उत्कृष्ट महाविद्यालयों व संस्कृत महाविद्यालयों पर भी लागू है। महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा अपनी आइडी से प्रतिमाह सभी शिक्षकों व अधिकारियों की उपस्थिति का परीक्षण किया जायेगा। इस एप के संचालन हेतु जिला अग्रणी प्राचार्य जिला नोडल व एडी रीवा पर्यवेक्षक अधिकारी की भूमिका में हैं, जो ऑनलाइन उपस्थिति का मैदानी परीक्षण करेंगे।

## प्री-प्रायमरी विंग ने छात्रों ने सीनियर के.जी के छात्रों का किया फेयरवेल

रीवा। ज्ञानस्थली सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में शनिवार को दीक्षान्त समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्री-प्रायमरी विंग के छात्रों ने सीनियर के.जी के छात्रों को विदाई देते हुए उनका स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। नन्हे मुन्हे छात्रों तथा सीनियर के.जी के छात्रों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियाँ दी गईं। तत्पश्चात ज्ञानस्थली सीनियर सेकेण्डरी स्कूल की प्राचार्य एवं उप प्राचार्य द्वारा सीनियर के.जी. छात्रों को बलून तथा काउन देकर छात्र-छात्राओं को अगली कक्षा में आने का स्वागत किया।



# छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं किया जाए: खरे


**जागरण, रीवा। समता सम्पर्क** अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे ने कहा है कि भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के सैनिक स्कूल रीवा में स्कूल प्रबंधन के द्वारा कक्षा बारहवीं के 72 में से 71 छात्रों को बोर्ड परीक्षा के समय निलंबित कर घर भेजने की बात बेहद चिंताजनक और आपत्तिजनक है। इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ। श्री खरे ने इस संबंध में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को ई-मेल ज्ञापन भेजकर उनसे तत्काल न्यायोचित हस्तक्षेप की अपेक्षा की है।

लोकतंत्र सेनानी अजय खरे ने कहा है कि बड़ी संख्या में छात्रों का इस तरह से निकाले जाने से व्यवस्था संबंधी कई सवाल उठ खड़े हुए हैं। ऐसे समय जब 12वीं बोर्ड की परीक्षाएं शुरू होने वाली हैं तब इन छात्रों को निलंबित करके घर भेजने की बात उनके भविष्य के साथ क्रूर खिलवाड़ है। सैनिक स्कूल से निलंबन एवं घर भेजने की प्रक्रिया के बाद सभी छात्र गहरे तनाव और सदमे में हैं। ऐसी स्थिति में स्कूल प्रबंधन के द्वारा यह दलील दिया जाना कि इसका असर छात्रों की परीक्षा में नहीं पड़ेगा, अत्यंत गैर जिम्मेदाराना संवेदनहीन बात है। श्री खरे ने कहा कि यह अलग बात है कि छात्रों को परीक्षा में बैठने से वंचित नहीं किया गया है लेकिन इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि उनकी परीक्षा तैयारी पर इसका काफी बुरा असर हुआ है। अनुशासन के नाम पर ज्यादती को सही नहीं ठहराया जा सकता। सुनने में यह आया है कि सैनिक स्कूल परिसर में एक शिक्षक की गाड़ी का कांच टूटने से मामला बिगड़ा है। इसी वजह से सारे छात्रों को शक के दायरे में लेते हुए प्रताड़ित किया गया। खेल के दौरान गेंद लगने से शिक्षक की गाड़ी का कांच टूटने पर 71 छात्रों का भविष्य चौपट नहीं किया जा सकता।

# कुलगुरु ने विवि में एआई पाठ्यक्रमों को शुरू करने पर दिया जोर

## विश्व कम्प्यूटर दिवस पर राष्ट्रीय वेबिनार का हुआ आयोजन

**जागरण, रीवा।** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में शनिवार को विश्व कम्प्यूटर दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एआई एंड ड्राइवेन रिसर्चः ट्रांसफार्मिंग विथ फ्यूचर ऑफ इनोवेशन विषय में राष्ट्रीय वेबिनार हुआ। साथ ही, ऑनलाइन क्विज का भी आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम कम्प्यूटर विज्ञान विभाग, आईक्यूएसी एवं शोध निदेशालय के सहयोग से आयोजित किये गये। इस कार्यक्रम में लगभग 480 से अधिक प्रतिभागी ऑनलाइन जुड़े। ऑनलाइन वेबिनार के मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. राजेंद्र कुमार कुड़रिया ने कहा कि एआई आज की दुनिया की आवश्यकता है। उन्होंने कम्प्यूटर विज्ञान एवं भौतिकी विभागों के सहयोग से एआई पाठ्यक्रमों की शुरुआत पर जोर दिया ताकि आस-पास के छात्रों को इस तकनीक का लाभ मिल सके। विशिष्ट अतिथि प्रो. सुरेंद्र सिंह परिहार ने भी अपने विचार रखे। प्रो. राकेश कटारे ने कुलगुरु के आह्वान पर विभाग अध्यक्ष की बैठक में दिए गए निर्देश के आधार पर आगामी एम. टेक कार्यक्रमों की घोषणा की, जिसमें एआई एवं मशीन लर्निंग से संबंधित पाठ्यक्रम शामिल होंगे।




प्रो. अतुल पांडेय ने मौलिक शोध के गिरते स्तर पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हमें एआई का उपयोग एक उपकरण के रूप में करना चाहिए, ताकि हम इसके गुलाम न बन जाएँ, बल्कि अपनी रचनात्मकता और नैतिकता को कायम रख सकें। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. निकिता बंजारे, नोयडा द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से संबंधित उपकरणों के व्यावहारिक उपयोग पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने सरकार के वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन योजना का भी जानकारी छात्रों को दी। कार्यक्रम की शुरुआत में प्रो. नविता श्रीवास्तव, निदेशक, शोध प्रकोष्ठ ने वेबिनार का विषय परिवर्तन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रितु मिश्रा एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. आरती पाण्डेय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कम्प्यूटर विज्ञान विभाग, आईक्यूएसी एवं शोध संचालनालय, से जुड़े शिक्षक एवं छात्र सम्मलित हुए।

# समय पर परीक्षा कराने व परिणाम जारी करने के दिए निर्देश

**रीवा।** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के शैक्षिक विभागों के विभागाध्यक्षों और प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक शुक्रवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता कुलगुरु प्रो. राजेंद्र कुमार कुड़रिया ने की।

**कुलपति ने भौतिक विभाग का निरीक्षण भी किया**

बैठक में प्रो कुड़रिया ने समस्त विभाग अध्यक्षों से आह्वान किया कि सभी शिक्षक अतिरिक्त समय का दान करें, जिससे विश्वविद्यालय नई ऊंचाइयों को छुए। उन्होंने नई शिक्षा नीति के अनुरूप सही क्रियान्वयन पर ध्यान देने के लिए शिक्षकों को निर्देशित किया। साथ ही, कहा कि नई शिक्षा नीति में निर्देशित भारतीय ज्ञान परंपरा पर केंद्रित कार्य प्रारंभ होने चाहिए। इसके अलावा, उन्होंने विभाग अध्यक्षों से नए पाठ्यक्रमों को प्रारंभ करने और विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं को ग्रामीण परिवेश में जाकर अध्ययन करने की कार्ययोजना बनान के लिए कहा। कुलपति ने प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा परिणाम और अकादमिक गतिविधियों का समय पर एकेडमिक कैलेंडर के अनुसार पालन किया जाये। कुलपति ने शनिवार को भौतिक विभाग का औचक निरीक्षण भी किया, जिसमें उन्होंने समय पर कक्षाओं के संचालन और विभाग की अकादमिक गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की।



## अंडर-14 क्रिकेट टीम के गठन हेतु सलेक्शन ट्रायल आज

**जागरण, रीवा।** आगामी 22 फरवरी से प्रस्तावित 14 वर्ष से कम आयु के खिलाड़ियों की स्व.असद खान स्मृति अंतरजिला क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने वाली रीवा जिले की अंडर 14 क्रिकेट टीम के चयन हेतु ट्रायल आज 16 फरवरी को प्रातः 8:30 बजे से अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय स्टेडियम में आयोजित किया गया है । उक्त जानकारी देते हुये एसोसिएशन के मानसेवी सह सचिव अनुराग सेठी के द्वारा बताया कि यह प्रतियोगिता 14 वर्ष से कम आयु के खिलाड़ियों के बीच खेली जाती है अतः मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के दिशा निर्देशानुसार इस ट्रायल में केवल वे ही खिलाड़ी शामिल हो सकते हैं जिनकी जन्मतिथि 1 सितंबर 2011 से 31 अगस्त 2014 के बीच की हो । ट्रायल में भाग लेने हेतु प्रत्येक खिलाड़ी को पंजीयन शुल्क 100 रुपये जमा करना होगा । साथ ही भाग लेने वाले सभी पात्र खिलाड़ियों से निर्धारित तिथि व समय पर ट्रायल स्थल पर मूल जन्म प्रमाण पत्र, पिछले 3 वर्षों की मूल अंकसूची एवं आधार कार्ड सहित उपस्थित होने का अनुरोध है । यह ट्रायल रीवा जिले की चयन समिति के सदस्य संतोष सिंह, उमेश मिश्रा काकू एवं तारिक खान के मार्गदर्शन में आयोजित होगा ।

# अपराध से समाज दूषित होता है, नशे के त्याग में ही भलाई: राठौड़




## विधिक जागरुकता शिविर का हुआ आयोजन

**जागरण, रीवा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश मोहन प्रधान के मार्गदर्शन में एवं जिला न्यायाधीश सुधीर सिंह राठौड़ के नेतृत्व में दिव्य ज्योति पब्लिक स्कूल महाजन टोला में नशा उन्मूलन एवं पाक्सो विषय पर विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया । शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि सुधीर सिंह राठौड़ एवं जिला न्यायाधीश देवेन्द्र सिंह पाल के द्वारा किया गया । सुधीर सिंह राठौड़ ने नशा उन्मूलन, पाक्सो, मौलिक कर्तव्य एवं मोटर व्हीकल एक्ट के संबंध में उद्बोधन देते हुए कहा कि अपराध से समाज दूषित होता है, हमें अपराध से दूर रहना है। उन्होंने कहा कि नशा अपराध और बीमारियों की जड़ है। इस कारण नशे के त्याग में ही भलाई है। मोटर यान के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि वाहन 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर और ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त कर हेलमेट पहन कर चलाएं और वाहन का बीमा अवश्य होना चाहिए जिससे आप विधिक रूप से सुरक्षित रहें । विशिष्ट अतिथि देवेंद्र सिंह पाल ने मौलिक अधिकार व पाक्सो अधिनियम के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि 18 वर्ष के बच्चों के साथ यौन अपराधों हेतु पाक्सो अधिनियम में कड़े दंड के प्रावधान किए गए हैं । जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय मिश्रा ने निःशुल्क विधिक सहायता योजना के बारे में जानकारी दी । समाजसेवी ममता नरेंद्र सिंह ने बालिकाओं के संबंध में प्रकाश डाला। लीगल एड असिस्टेंट अनीश कुमार पाण्डेय ने बाल श्रम अधिनियम पर प्रकाश डाला। स्वागत उद्बोधन विद्यालय की प्राचार्य कल्पना त्रिपाठी एवं आभार विद्यालय के संचालक राजेश त्रिपाठी ने किया । इस दौरान विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा विधिक जागरुकता के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका एवं छात्र उपस्थित रहे।

# बालकों के प्रति कानूनों की अहमियत से कराया अवगत

## टीआरएस महाविद्यालय में विशेष व्याख्यान का हुआ आयोजन

**जागरण, रीवा।** शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को विशेष व्याख्यान हुआ। महाविद्यालय के समाज कार्य विभाग द्वारा बाल अधिकार विषय पर आईक्यूएसी की फ्लैगशिप चेतना के अन्तर्गत यह आयोजन कराया गया। इस व्याख्यान कार्यक्रम के मुख्य वक्ता महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी जीवेंद्र सिंह रहे। बाल अधिकारों के विशेषज्ञ जीवेन्द्र सिंह ने बच्चों के अधिकारों और उनकी सुरक्षा पर महत्वपूर्ण उद्बोधन दिया। इस अवसर पर उन्होंने बालकों के प्रति समाज की जिम्मेदारी और कानूनों की अहमियत पर गहरी चर्चा की। जीवेन्द्र सिंह ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में बाल अधिकार दिवस की उपादेयता को व्याख्यांकित किया। उन्होंने बताया कि बच्चों को जीवन की प्रारंभिक अवस्था में ही शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और सम्मान के अधिकार मिलते हैं। उन्होंने विशेष रूप से भारतीय संविधान में दिए गए बाल अधिकारों का उल्लेख किया, जिनमें बच्चों को बाल श्रम से बचाने, उन्हें शिक्षा देने, और उनकी शारीरिक और मानसिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की बात की गई है। जीवेन्द्र सिंह ने बच्चों के लिए बनाए गए कानूनी ढांचे में शामिल बाल संरक्षण आयोग और बाल अधिकारों की राष्ट्रीय नीति के बारे में बताया कि ये सभी कदम बच्चों को एक सुरक्षित और समृद्ध भविष्य देने के लिए आवश्यक हैं।




### बाल अधिकार हमारे समाज की नींव

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्राचार्य डॉ. अर्पिता अवस्थी ने कहा कि बाल अधिकारः हमारे समाज की नींव हैं। उन्होंने बताया कि बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए केवल कानूनी प्रावधान ही पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि समाज में एक बदलाव की आवश्यकता है। समाज को बच्चों के अधिकारों के प्रति संवेदनशील बनाना और उन्हें हर स्तर पर सुरक्षा देना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे बाल अधिकारों की रक्षा के लिए समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य करें और बच्चों के लिए एक सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करें। कार्यक्रम के संयोजक एवं विभागाध्यक्ष प्रो. अखिलेश शुक्ल ने विद्यार्थियों को इस मुद्दे पर और अधिक जागरूक होने के लिए प्रेरित किया। समाज कार्य विभाग की डॉ प्रियंका तिवारी ने इस व्याख्यान का संचालन किया और कहा कि बाल अधिकारों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए ऐसे आयोजन बेहद जरूरी हैं, ताकि हम एक बेहतर और सुरक्षित भविष्य की दिशा में कदम बढ़ा सकें। आभार प्रदर्शन डॉ गुंजन सिंह के द्वारा किया गया। इस दौरान राजराखन पटेल, ब्लाक समन्वयक कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन्स फाउन्डेशन, उमा दुबे, शुभी सोनी, अंकित पाण्डेय, सुरभी गुप्ता आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में डॉ. एस.पी. शुक्ल, डॉ. भूपेन्द्र सिंह, डॉ. नागेश त्रिपाठी, डॉ. एस.पी. सिंह, डॉ. मुकेश शाह, डॉ. अर्चना गुप्ता, डॉ. वन्दना त्रिपाठी, समाजसेवी चक्रपाल मिश्रा, योगेश निगम आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## नई टाटा टियागो का रीवा में अनावरण



**रीवा।** टाटा मोटर्स की अधिकृत डीलरशिप फ्रंटलीफ मोटर्स रीवा में नई टियागो का यूनियन बैंक जी.एम. विराजा प्रसाद दास (मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़) एवं यूनियन बैंक रीजनल हेड अजय खरे रीवा एवं डीलरशिप डायरेक्टर मनीष खिलवानी, जी.एम. सेल्स शकील खान द्वारा एक भव्य समारोह के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर पधारे हुए सभी फाइनेंसर एवं आगुन्तको का स्वागत एवं आभार प्रदर्शित करते हुए जी.एम. सेल्स ने बताया कि टियागो टाटा की इंट्री लेवल की सेफ्टी फीचर्स से सुसज्जित गाड़ी नए कलर एवं नए आकर्षक कलर्स में आपके शहर मे उपलब्ध है। प्रारंभिक कीमत एक्स शोरूम 4.99 लाख रूपये से एवं टियागो ई.व्ही. 7.99 लाख से है। फाइनेंस एवं एक्सचेंज सुविधा भी उपलब्ध है। जी.एम. सर्विस श्री भट्ट ने बताया कि सम्पूर्ण रेंज की सर्विस सुविधा प्रशिक्षित टीम द्वारा उपलब्ध है। इस दौरान नई टियागो गाड़ी की डिलेवरी श्रीकांत मिश्रा एवं दुर्गेश एवं दुर्गेश गौतम को सौंपी गई। टेस्ट ड्राइव के लिए टियागो ईवीएस गाड़ी भी उपलब्ध रही एवं सभी आगुन्तकों ने इसका अवलोकन किया।

## 'आओ दीन सीखे' मुकाबला आज


**रीवा।** कुदरत जामा मस्जिद के अध्यक्ष मोहम्मद फिरोज अंसारी ने बताया है कि आज 16 फरवरी इतवार को सुबह 10 बजे से बाणसागर स्थित कुदरत जामा मस्जिद मे 'आओ दीन सीखे' मुकाबला 2025 का आयोजन किया गया है, यह कॉम्पटीशन कार्यक्रम बच्चों-बच्चियों मे दीनी तालीम का रूझान बढ़ाने के लिये आयोजित किया जा रहा है।

**प्रख्यात कैंसर सर्जन डॉ विनीत तिवारी के द्वारा OPD प्रतिदिन रीवा में**




रीवा। विंध्य क्षेत्र के प्रथम मान्यता प्राप्त प्रख्यात कैंसर सर्जन एवं कैंसर रोग सुपर स्पेशलिस्ट डॉ विनीत कुमार तिवारी MBBS, MS (Surgery) मेडिकल कालेज जबलपुर, FALS, FIAGES, Dr NB सुपर स्पेशलिटी (सर्जिकल ऑन्कोलॉजी) नई दिल्ली, रोबोटिक एवं मिनिमल सर्जरी में फेलोशिप, इंडियन एसोशिएशन ऑफ गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल सर्जन की फेलोशिप कंसल्टेंट सर्जन के द्वारा प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 02 बजे तक एवं शाम 05 बजे साल से 07 बजे तक, कामता मल्टीस्पेशलिटी क्लीनिक/डाइग्नोस्टिक×विज़न हार्ट सेंटर, ब्लॉक समदड़िया कॉम्प्लेक्स न्यू बस स्टैंड रीवा (कामता मेडिकल) में , कैंसर से सम्बंधित सभी प्रकार की बीमारियां जैसे स्तन कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, मुँह का कैंसर, स्वांस की नली का कैंसर, खाने की नली का कैंसर,अग्नाशय का कैसर, पित्त की थैली (गालब्लैडर)का कैंसर,किडनी का कैंसर, पेशाब की थैली का कैंसर, छोटी बड़ी आँत का कैंसर, आमाशय का कैंसर, थायराइड कैंसर, मांसपेशियों का कैंसर, व अन्य सभी प्रकार के कैंसर का परामर्श देकर प्रतिदिन इलाज किया जाता है, अधिक जानकारी, पंजीयन व परामर्श हेतु कामता मेडिकल रीवा में संपर्क करें। -ADVT

**प्रख्यात ब्रेन,स्पाइन एवं न्यूरो रोग विशेषज्ञ डॉ सचिन सिंह 16 फरवरी रविवार को रीवा में**



रीवा। राष्ट्रपति पदक से सम्मानित प्रख्यात ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो रोग सुपर स्पेशलिस्ट एंडोस्कोपिक सर्जन डॉ सचिन सिंह MBBS, MS, MCh (न्यूरो) PGI नई दिल्ली, निर्देशक-लाइफ लाइन हॉस्पिटल प्रयागराज, के द्वारा, दिनांक 16 फरवरी 2025 को (प्रत्येक माह के पहले एवं तीसरे रविवार ) सुबह 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक, कामता मेडिकल (कामता मल्टीस्पेशलिटी क्लीनिक/ डाइग्नोस्टिक & विज़न हार्ट सेंटर)-, ब्लॉक समदड़िया कॉम्प्लेक्स न्यू बस स्टैंड रीवा में, ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो से सम्बंधित सभी प्रकार की बीमारियां जैसे रीढ़ की हड्डी की चोट/ दर्द, गर्दन, कमर व घुटने का दर्द, लकवा, सिर का दर्द(माइग्रेन की समस्या), मिर्गी रोग, बेहोसी व चक्कर आना, अंगों में कंपन-झुनझुनी-शून्यता, मांसपेशियों/ नसों में कमजोरी, मस्तिष्क ज्वर, ब्रेन हैमरेज, सर्वाइकल स्पोंडलाइटिस, स्नायु रोग, साइटिका, रीढ़ की हड्डी की टी.बी., एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी आदि न्यूरो से संबंधित सभी प्रकार के रोगों का परामर्श देकर इलाज किया जाएगा, डॉ सचिन सिंह लगभग 15000 (पंद्रह हजार) से ज्यादा ब्रेन, सर्वाइकल एवं स्पाइन से संबंधित सर्जरी सफलता पूर्वक कर चुके है, डॉ सचिन को न्यूरो से सम्बंधित सभी प्रकार की सर्जरी में महारथ हासिल है, डॉ सचिन के द्वारा प्रत्येक माह के पहले एवं तीसरे रविवार को विगत सात (07) वर्षों से कमाता क्लीनिक में मरींजों को OPD परामर्श दिया जा रहा है। क्लीनिक में इकोकार्डियोग्राफी, TMT, ECG, हेल्टर, ABPM ,पैथोलॉजी, डिजिटल एक्सरे, यूरोफ्लोमेट्री आदि जांचों की सुविधा उपलब्ध है। अधिक जानकारी हेतु कामता मेडिकल रीवा संपर्क करें। -ADVT

**भोपाल के प्रख्यात हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ पवन मिश्रा 16 फरवरी रविवार को रीवा में**



रीवा। भोपाल के प्रख्यात हड्डी व जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ पवन कुमार मिश्रा , MBBS, DNB (ऑर्थोपेडिक) हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ, ऑर्थोस्कोपिक एंड ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन, सहायक प्राध्यापक चिरायु मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल भोपाल, पूर्व सहायक प्राध्यापक शासकीय मेडिकल कालेज बिलासपुर, पूर्व चिकित्सक AIIMS नई दिल्ली के द्वारा दिनाँक 16 फरवरी रविवार ( प्रत्येक रविवार रीवा में ) को सुबह 10 से दोपहर 02 बजे तक हड्डी व जोड़ रोग से सम्बंधित सभी प्रकार के रोगीयों का जैसे घुटनो में दर्द/सूजन, कंधे का जकड़ना/दर्द होना, कमर व कूल्हों के जोड़ों का दर्द, साईटिका/गठियावात, कंधे के मांस का कटना, घुटने का न मुड़ना,चलने में लड़खड़ाना, ज़मीन पर न बैठ पाना, लिगामेंट से सम्बंधित समस्याएं, रीढ़ की हड्डी से सम्बंधित समस्याएं, सामान्य एवं जटिल फैक्चर, आधुनिक तकनीक द्वारा जोड़ प्रत्यारोपण, बच्चों के हाथ व पैरों की विकृतिया, पुराने फैक्चरों का न जुड़ना, हड्डी में पस पड़ना, समस्त प्रकार के जोड़ों से सम्बंधित रोग, घुटने व कंधे का दूरबीन विधि द्वारा इलाज/आपरेशन आदि रोगों का परामर्श देकर इलाज किया जाएगा, डॉ मिश्रा को दुरबीन विधि से सम्बंधित सभी प्रकार के आपरेशन में महारथ हासिल है डॉ मिश्रा अब तक लगभग 05 (पाँच) हजार से ऊपर आपरेशन सफलतापूर्वक कर चुके है, डॉ मिश्रा के द्वारा कामता क्लीनिक रीवा में प्रत्येक रविवार को नियमित OPD परामर्श दिया जाता है।क्लीनिक में इकोकार्डियोग्राफी, TMT, ECG, होल्टर, ABPM, पैथोलॉजी, डिजिटल एक्सरे, यूरोफ्लोमेट्री आदि जांचों की सुविधा उपलब्ध है। अधिक जानकारी हेतु कामता मेडिकल रीवा में संपर्क करें। -ADVT

> जैसे बिना अग्नि भोजन नहीं मिल सकता, वैसे ही बिना ज्ञान के मोक्ष नहीं मिलता। आत्मज्ञान मोक्ष का सर्वोच्च साधन है।
> - जगद्गुरु आद्य शंकराचार्य

*मोनालिसा भोंसले को वापस स्कूल जाना चाहिए, खुद को शिक्षित करना चाहिए*



# मोनालिसा भोंसले- महाकुंभ की ब्राउन ब्यूटी



● शोभा डे ●

क्या यह सिर्फ नाचती हुई तरल अम्बर आँखें हैं? एक खिलती हुई खुली मुस्कान? चमकदार घने बाल? भगवान जाने! लेकिन इंदौर के पास की 16 वर्षीय मोनालिसा भोंसले, प्रयागराज में महाकुंभ मेले के भीड़ भरे घाटों पर साधारण हस्तनिर्मित मोतियों का हार बेचती हुई, रातों-रात इंटरनेट सनसनी बन गई, जब उसका वीडियो वायरल हुआ। अचानक, सोशल मीडिया कंटेंट क्रिएटर उस किशोरी की तलाश में रेत के टीलों पर भागदौड़ करने लगे, जिसकी प्रसिद्धि ने दुनिया भर में प्रशंसकों को आकर्षित किया था।

अपने प्रशंसकों द्वारा 'ब्राउन ब्यूटी' के नाम से मशहूर मोनालिसा की आंखों को देखकर दीवाने हो जाने वाले प्रशंसकों ने उसे 'ब्राउन ब्यूटी' का नाम दिया, लेकिन वह इस बात से बिल्कुल भी प्रभावित नहीं हुई कि लोगों का ध्यान उसकी ओर आकर्षित हो रहा है, कभी-कभी सेल्फी लेने वालों द्वारा उसके समय को बर्बाद करने और उसके व्यवसाय को प्रभावित करने पर वह अपनी निराशा व्यक्त करती है। आश्चर्य की बात नहीं है कि मोनालिसा को घेरने वाले खौफनाक लोग थे, जो उसे पैसे और गेंदे की मालाएं देकर लुभा रहे थे। रिपोर्ट के अनुसार, मोनालिसा को उसके नाराज परिवार ने वापस गांव भेज दिया। मोनालिसा ने कहा, मैं केवल अपने माता-पिता की पसंद के व्यक्ति से ही शादी करूंगी। मोनालिसा के जीवन के बारे में बहुत सी बातें मुझे आकर्षित करती हैं—शुरू में उसके नाम से! क्या उसके माता-पिता को अपनी बेटी के नाम के महत्व का एहसास था? क्या वह खुद 'मोना लिसा' होने के महत्व को जानती थी? लियोनार्डो दा विंची की यह उत्कृष्ट कृति, जिसे 1503 और 1519 के बीच लकड़ी के पैनल पर चित्रित किया गया था, अब पेरिस के लौवर में आने वाले आगंतुकों द्वारा 'तीर्थयात्रा की वस्तु' मानी जाती है, जहाँ लाखों कला प्रेमी महिला की रहस्यमयी मुस्कान को निहारते हैं। हमारी देसी मोनालिसा को जल्द ही वे लोग भूल सकते हैं जो रील पोस्ट कर रहे हैं, क्योंकि वह शर्मीली नज़रों से आँखें मूँद लेती है और सवालों को टाल देती है। जाहिर है कि किसी को भी उसकी निजता के अधिकार यानी प्रायवेसी की परवाह नहीं है!

तुरंत प्रसिद्धि पाने की उनकी अनोखी यात्रा मुझे नीली आँखों वाले पाकिस्तानी चाय विक्रेता अरशद खान की याद दिलाती है, जिनकी छवि 2016 में वायरल हुई थी। उन्होंने अपनी प्रसिद्धि का चतुराई से लाभ उठाया और अपनी असाधारण ब्रांडिंग को 'चायवाला एंड कंपनी' की स्थापना करके एक व्यावसायिक अवसर में बदल दिया, यहाँ तक कि शार्क टैंक पाकिस्तान में 1 करोड़ रुपये प्राप्त करने के बाद लंदन में एक प्रमुख चाय की दुकान भी खोली।

यह उनके पुरुष होने के कारण संभव हुआ – उन्हें हाई मेमोरेबल ब्रांड बनाने के लिए अपने अनोखे रूप का लाभ उठाने से पहले अपने माता-पिता की अनुमति लेने की ज़रूरत नहीं पड़ी। हमारी मोनालिसा एक समानांतर ब्रह्मांड में रहती है, एक पितृसत्तात्मक सामाजिक व्यवस्था, जिसके पास अपने निजी जीवन पर बहुत कम नियंत्रण है। उसने कहा कि वह मॉडलिंग के प्रस्तावों के लिए तैयार है, लेकिन इससे पहले कि कुछ ठोस हो पाता, चिंतित परिवार के सदस्यों ने उसे जल्दबाजी में दूर कर दिया।

आक्रामक सोशल मीडिया के युग में एक वायरल वीडियो पलक झपकते ही किसी व्यक्ति के जीवन को बदल सकता है। मोनालिसा का पहले वीडियो से कोई लेना-देना नहीं था, जिसे 15 मिलियन व्यूज मिले थे। ये वो संख्या हैं, जिसे कई लोग चाहते हैं, और इसे पाने के लिए कई दिनों दूरी तय करते हैं, अक्सर नकली कथाएँ बनाते हैं, सनसनीखेज बनाते हैं।

मोनालिसा के लिए मेरी चिंता एक अलग जगह से उपजी है। यह स्पष्ट है कि वह सीमाओं को जानती है और उनका सम्मान करती है। घुसपैठियों के साथ उसका दृढ़ व्यवहार उल्लेखनीय और सराहनीय था। स्कूल न जाने वाली एक लड़की बदतमीज़ पुरुषों को दृढ़ता से नकारने में माहिर थी, जो उसके बहुत करीब आ जाते थे। हमारे कुछ फिल्मी सितारों को मोनालिसा से सीख लेनी चाहिए। जब उनसे पूछा गया कि पुरुषों की अत्यधिक तवज्जो, के बारे में वह कैसा महसूस करती हैं, तो उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, वे सभी मेरे भाई हैं... बढ़िया!

फिलहाल उसे ग्लैमर की दुनिया में प्रवेश के प्रस्ताव मिलने लगे हैं। फिर भी मेरा अनुमान है कि जल्द ही उसकी शादी कर दी जाएगी और उसे अपने वैवाहिक घर तक सीमित कर दिया जाएगा, क्योंकि वह उस समाज का हिस्सा है, जो युवा महिलाओं को बाहरी दुनिया से बचाता है। आदर्श स्थिति तो यह होगी कि, मोनालिसा को स्कूल वापस जाना चाहिए, खुद को शिक्षित करना चाहिए और दुनिया को दिखाना चाहिए कि उसके पास उन अंबर आँखों से आगे भी कहीं ज़्यादा है।

# ग्रहों के संरेखण ने तीर्थयात्रियों के पर्यटन को बढ़ावा दिया

● देवदत्त पटनायक ●

तारों वाले राजमार्ग पर विभिन्न ग्रहों, सूर्य और चंद्रमा के संरेखण को ब्राह्मणों ने अलग-अलग अर्थ दिए थे। ऐसा कहा जाता है कि उस समय ब्रह्मांडीय कंपन ने जल को पवित्र बना दिया और इसलिए चमत्कारी शक्तियों से भर दिया। इसने तीर्थयात्रियों के पर्यटन को बढ़ावा दिया और अर्थव्यवस्था में धन उत्पन्न किया। सरकारें आज भी ऐसा करती हैं। आस्था विपणन और राजस्व सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

भारत में हज़ारों सालों से लोग नदियों के संगम पर एकत्रित होते रहे हैं। नदियों के संगम को प्रयाग कहते हैं। दूसरे शब्दों में, तीन नदियों का मिलन तीन लोकों के मिलन का प्रतीक है।

आमतौर पर ये मिलन शीतकालीन संक्रांति (नासिक), वसंत विषुव (प्रयागराज), ग्रीष्म संक्रांति (हरिद्वार) और शरद विषुव (उज्जैन) के दौरान होते हैं। जब बृहस्पति (12गुणा12) 144 वर्षों में 12 बार पृथ्वी का चक्कर लगाता है, तब महाकुंभ आयोजित होता है। ये नाम राजाओं द्वारा दिए गए थे जो जानते हैं कि लोग त्योहारों से प्यार करते हैं।

वैदिक ज्योतिष पृथ्वी की परिक्रमा करने वाले तारों वाले राजमार्ग को 27 नक्षत्रों में विभाजित करता है। गुप्त राजाओं (500 ई.) के समय तक यह रोमक सिद्धांत जैसे ज्योतिष ग्रंथों में महत्वपूर्ण हो गया।



## योग का अर्थ है संरेखण

तारों वाले राजमार्ग पर विभिन्न ग्रहों, सूर्य और चंद्रमा के संरेखण को ब्राह्मणों ने अलग-अलग अर्थ दिए थे। ऐसा कहा जाता है कि उस समय ब्रह्मांडीय कंपन ने जल को पवित्र बना दिया और इसलिए चमत्कारी शक्तियों से भर दिया। इसने तीर्थयात्रियों के पर्यटन को बढ़ावा दिया और अर्थव्यवस्था में धन उत्पन्न किया। सरकारें आज भी ऐसा करती हैं।




उदाहरण के लिए, मुसलमानों की वार्षिक हज यात्रा सऊदी अरब के लिए धन सुनिश्चित करती है। 500 ई. के बाद, जैसे-जैसे हिंदू धर्म अधिक मंदिर और तीर्थयात्रा उन्मुख होता गया, पुराण ग्रंथों में देशों के विभिन्न पवित्र स्थलों का उल्लेख किया गया। प्रयाग मेले का उल्लेख 7वीं शताब्दी के चीनी तीर्थयात्रियों के लेखन में किया गया है।

त्र्यंबकेश्वर और महाकाल मंदिरों से जुड़े तपस्वियों के नासिक और उज्जैन मेलों को 17वीं शताब्दी में मराठा सरदारों द्वारा बढ़ावा दिया गया था। योद्धा-तपस्वी व्यायामशालाएँ (अखाड़े) विशेष रूप से 1500 ई. के बाद इस्लाम के योद्धा सू-गाजियों से लड़ने के लिए उभरीं। वे शिव, विष्णु और सिख धर्म से संबंधित हैं। लेकिन किंवदंती के अनुसार, वे आदि शंकराचार्य द्वारा 700 ईस्वी में स्थापित किए गए थे।

# एज रिवर्सिंग- मौत को टालने के लिए बनी एक वैज्ञानिक अवधारणा

**एज रिवर्सिंग के जनक ब्रायन जॉनसन ने पूछा- क्या हम पहली पीढ़ी हो सकते हैं जो यह कहे कि मैं अभी नहीं मरूंगा? मेरा लक्ष्य इतिहास में सबसे अधिक 'जीने वाला' व्यक्ति बनना है। मेरा मानना है कि मैं अभी जो कर रहा हूं, वह मानवता के भविष्य का प्रतिनिधित्व करता है। 2030 तक, पूरी दुनिया वही कर रही होगी जो मैं कर रहा हूं - यह बहुत आसान होगा।**

● मोहुआ दास ●





47 साल की उम्र में, अमेरिकी सॉफ्टवेयर करोड़पति ब्रायन जॉनसन मौत को मात देने के मिशन पर हैं। ब्रायन की अवधारणा- अमरता नहीं, मैं कह रहा हूँ, बस अभी मत मरो। इन दिनों वैज्ञानिकों के बीच चर्चा में है। जॉनसन पिछले दिनों अपनी विवादास्पद एज रिवर्सिंग तकनीकों यानी उम्र को कम करने की कवायद के कारण चर्चा हैं, जिसके तहत उन्होंने अपने किशोर बेटे का खून अपनी नसों में डलवाया (ब्लड ट्रांफ्यूजन)। कहते हैं कि इसके बाद उनके पास 37 साल के व्यक्ति का दिल और 28 साल के व्यक्ति की त्वचा है। वो अपने सिर पर घने, काले बाल (अपने सफ़ेद बालों को उलटे करके) दिखाते हैं, पिछले दिनों मुंबई और बेंगलुरु की अपनी यात्रा से पहले एक इंटरव्यू में इस जुनून के बारे में बात की, ताकि अपने 'डोंट डाई' समुदाय को बढ़ाया जा सके।

'डोंट डाई' समुदाय बनाने का पूरा विचार किसी साइंस-फिक्शन फिल्म जैसा लगता है। जॉनसन कहते हैं- हम एक साइंस-फिक्शन फिल्म में जी रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में सामने आए एआई की प्रगति कुछ ऐसी है जिसे कभी असंभव माना जाता था। 'डोंट डाई' वास्तव में अब तक खेला जाने वाला सबसे पुराना खेल है। दुनिया के महान लोगों बुद्ध, मुहम्मद और जीसस सभी ने अपनी शिक्षाओं के माध्यम से 'ऐसा करो, मत मरो' के संदर्भ में बात की। लोग विरासत, करियर या परिवार के माध्यम से अमरता की तलाश करते हैं। योद्धा अपनी याद में गाए जाने वाले गीतों की उम्मीद में युद्ध में गए। मैं जो प्रस्ताव दे रहा हूँ वह बस एक पुरानी खोज पर एक नया नज़रिया है। हर पीढ़ी बेतुके, असंभव सवाल पूछने की हिम्मत करती है और हमारे समय का सवाल है, 'क्या हम पहली पीढ़ी हैं जो मरेगी नहीं?'

## 'डोंट डाई' के लिए भारत एक महत्वपूर्ण गंतव्य





### अब मैं सबसे स्वस्थ हूं

मैं मानव इतिहास में सबसे अधिक बायोलॉजिकल जांचों से गुजरने वाला व्यक्ति हूँ। 43 अलग-अलग बायोमार्कर, कार्डियोवैस्कुलर, मेटाबॉलिज्म, नींद और रक्त जांच- में मेरे पास यकीनन सबसे अच्छा डेटा है और मैं दुनिया का सबसे स्वस्थ व्यक्ति हूँ। मेरे प्रोटोकॉल में अधिकांश चीजें सभी उम्र के मनुष्यों पर लागू होती हैं। उदाहरण के लिए, यह ज्ञात तथ्य है कि मोटा होना आदर्श नहीं है, इसलिए उचित वजन बनाए रखना फायदेमंद है। हम उन चीज़ों पर ध्यान केंद्रित करते हैं जिन्हें हम पावर लॉ कहते हैं - नींद को प्राथमिकता देना, पौष्टिक भोजन खाना, व्यायाम करना और बुरी आदतों को खत्म करना। यह पृथ्वी पर सभी के लिए एक समान रूप से लागू है।

मुझे लगता है कि 'डोंट डाई' को अपनाने के लिए भारत सबसे आशाजनक जगहों में से एक है। देश का ऐतिहासिक संदर्भ, धार्मिक और आध्यात्मिक मानदंड और इसके सामाजिक दृष्टिकोण इसे इस दर्शन का स्वाभाविक विस्तार के लिए अनुकूल बनाते हैं। मेरे कई भारतीय मित्र हैं और उन्हें 'डोंट डाई' की अवधारणा की सहज समझ है।

इसके विपरीत, अमेरिकी अधिक विरोधाभासी और असहयोगी होते हैं... 'भाड़ में जाओ' रवैये के साथ प्रतिक्रिया करते हैं। सामान्य तौर पर, जब भी कोई नई तकनीक उभरती है, तो यह दबाव-परीक्षण करती है कि मनुष्य कैसे सहयोग करते हैं। जब हम समाज को बदलने की कोई बेहतर अनोखी तकनीक विकसित करते हैं तो हम लोकतंत्र, पूंजीवाद या धर्म की ओर रुख करते हैं और पूछते हैं, क्या आप हमें यह पता लगाने में मदद कर सकते हैं? इसी तरह, मैं 'मत मरो' या 'डोंट डाई' का प्रस्ताव रखता हूँ। हमारा लक्ष्य 2027 तक संभावित रूप से एक अरब लोगों तक एक वैश्विक आंदोलन का निर्माण करना है और मेरा मानना है कि भारत इसका एक आधारभूत हिस्सा हो सकता है, जहाँ हम छात्रों, उद्यमियों, राजनेताओं और मशहूर हस्तियों के साथ जुड़ने की योजना बना रहे हैं।


## वैज्ञानिकों ने डोंट डाई को कहा पाइप ड्रीम

जॉनसन कहते हैं, इतिहास में असंभव चीजों के बारे में विशेषज्ञों ने जो कहा है, उसके ट्रैक रिकॉर्ड को देखें। यह पैटर्न हर बार चलता है। कोई व्यक्ति एक साहसिक विचार प्रस्तुत करता है और अधिकांश विशेषज्ञ तुरंत इसे पागलपन या असंभव के रूप में खारिज कर देते हैं। युवा रहने के लिए आप जिन अत्याधुनिक तकनीकों और सप्लीमेंट्स का उपयोग कर रहे हैं, उसके बाद क्या आप कहेंगे कि अब आप पूरी तरह से रोग मुक्त हैं? अप्रत्याशित हेल्थ रिस्क या इसके मानसिक नुकसान के बारे में क्या? मेरी टीम और मैंने इस पर बहुत विचार किया है। हम अच्छे से जानते हैं कि चीजें किसी भी समय गलत साबित हो सकती हैं। हमारे पास सोने के समय, नींद की गुणवत्ता, व्यायाम और आहार जैसी चीजों पर नियंत्रण है।

## अपने प्रियजनों से ज़्यादा जीना वापस लौटने जैसा

हम में से कोई भी अपने प्रियजन को खोना नहीं चाहता, लेकिन जब ऐसा होता है, तो हम शोक मनाते हैं, इससे बाहर निकलते हैं और वापस लौट आते हैं। और अगर आप वास्तव में मृत्यु को हराने और लंबे समय तक जीने में कामयाब हो जाते हैं, तो आप उस अतिरिक्त समय को कैसे व्यतीत करने की योजना बनाते हैं? यही कारण है कि 'मत मरो' की अवधारणा इतनी महत्वपूर्ण है - अमरता के रूप में नहीं, बल्कि इस नए, परिवर्तनकारी भविष्य का अनुभव करने और उसके अनुकूल होने के लिए खुद को लंबे समय तक जीवित रखने के तरीके के रूप में। इसलिए मैं 'मत मरो' की वकालत करता हूँ। इसका मतलब अमर होना नहीं है। 'मत मरो' मात्रात्मक है। आप आर्गन हेल्थ, सेलुलर मृत्यु और मेटाबॉलिज्म को माप सकते हैं। इसलिए, मैं अमरता के लिए तर्क नहीं दे रहा हूँ। मैं कह रहा हूँ, अभी मत मरो।

# युवाओं में बढ़ते हार्ट अटैक



● कर्म सिंह ठाकुर ●

देश में हृदय रोग, विशेषकर युवाओं में हृदय गति रुकने (हार्ट अटैक) के मामलों में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। जहां एक समय यह समस्या मुख्य रूप से वृद्धावस्था में देखी जाती थी, वहीं अब 30-40 वर्ष की आयु के लोगों में भी यह आम हो गई है। यह स्थिति न केवल नागरिकों के लिए चिंता का विषय बन गई है, बल्कि स्वास्थ्य विशेषज्ञों को भी हैरान कर रही है। युवाओं में इन घटनाओं का बढ़ना एक गंभीर चेतावनी है और इसे समय रहते गंभीरता से समझना और समाधान खोजना अनिवार्य हो गया है। इन घटनाओं में कई ऐसे मामले सामने आए हैं जिन्होंने लोगों को झकझोर कर रख दिया है। पिछले दिनों शादी के संगीत में डांस करती युवती की महज कुछ मिनटों में ही मृत्यु हो गई। इसी तरह बारात में घोड़ी पर बैठे दूल्हे की हार्ट अटैक से जान चली गई। क्रिकेट मैदान पर भी एक दर्दनाक घटना घटी, जब एक युवा खिलाड़ी मैच के दौरान हार्ट अटैक का शिकार हो गया। यह घटना खेल गतिविधियों के दौरान शारीरिक स्वास्थ्य पर पडने वाले प्रभाव को भी दर्शाती है। सुंदरनगर के रड़ा गांव में एक व्यक्ति, जो अपनी गाड़ी में था, अचानक साइलेंट हार्ट अटैक के कारण इस दुनिया को छोड़ गया। यह घटनाएं इस बढ़ते खतरे की गंभीरता को दर्शाती हैं और इशारा करती हैं कि इस समस्या के समाधान के लिए तत्काल ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।

वर्तमान समय में हार्ट अटैक जैसी गंभीर समस्याओं के बढ़ते मामलों के पीछे कई कारण हो सकते हैं। हमारा बदलता खानपान, बढ़ता प्रदूषण, और भागदौड़ भरी जीवनशैली इन घटनाओं को बढ़ावा दे रही है। खास तौर पर युवा वर्ग में जंक फूड और पैकेटबंद खाद्य पदार्थों का अत्यधिक सेवन स्वास्थ्य पर गहरा नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है। इन खाद्य पदार्थों को लंबे समय तक सुरक्षित रखने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले प्रिजर्वेटिव्स और रसायन हृदय पर अतिरिक्त दबाव डालते हैं। इन उत्पादों और इनके प्रभावों की निष्पक्ष और गहन जांच समय की मांग बन चुकी है। इस समस्या का सबसे अधिक असर उन परिवारों पर पड़ता है, जो पहले से ही सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहे होते हैं।

यदि कोई युवा, जो परिवार की उम्मीद और भविष्य का सहारा होता है, इस समस्या का शिकार हो जाता है, तो यह घटना न केवल उस परिवार, बल्कि पूरे समाज को चिंतन करने के लिए मजबूर कर देती है। हाल के वर्षों में, सोशल मीडिया और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म पर यह बहस तेज हो गई है कि कोविड-19 वैक्सीन के बाद हार्ट अटैक की घटनाओं में वृद्धि हुई है। कई लोगों का मानना है कि वैक्सीन के दुष्प्रभाव के कारण हृदय संबंधी समस्याओं में इजाफा हो रहा है।

हालांकि, इस विषय पर कोई ठोस वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है जो सीधे तौर पर कोविड वैक्सीन और हार्ट अटैक के मामलों में वृद्धि के बीच संबंध स्थापित करता हो। विशेषज्ञों का मानना है कि यह संयोग हो सकता है। चिकित्सा विज्ञान के अनुसार, किसी भी वैक्सीन के बाद गंभीर हृदय संबंधी समस्याओं की संभावना बेहद कम होती है। फिर भी इसे नजरअंदाज करना उचित नहीं है। वैज्ञानिक और चिकित्सा विशेषज्ञों को इस मामले पर गहन अध्ययन और शोध करना चाहिए।



# सोन चिड़िया का शिकार करने बलूचिस्तान आते हैं अरब के शाही परिवार

● कर्नल सुशील तंवर ●

**कुछ दिनों पहले पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के दूर-दराज जिले दलबंदीन में स्थित हवाईपट्टी पर दो विशेष हवाईजहाज बड़ी शान-ओ-शौकत के साथ उतरे। उसमें सवार था सऊदी अरबिया के शाही खानदान के सुल्तान बिन अब्दुल अजीज के परिवार का काफिला। वैसे तो इतने पिछड़े हुए गरीब इलाके में इस शाही ठाठ-बाट को देखकर कोई भी अचंभित हो सकता था लेकिन वहां के लोगों के लिए यह कोई नई बात नहीं थी। वो इसलिए क्योंकि पिछले कई सालों से सर्दियों के मौसम में ये शेख परिवार इस इलाके में पूरे बंदोबस्त के साथ एक दो महीना गुजारता है। उनका मकसद होता है केवल शिकार- तलोर यानी हाउब्रा बूस्टरड का शिकार।**



वैसे तो हाउब्रा बूस्टरड मूलरूप से मध्य एशियाई क्षेत्र में पाया जाता है मगर सर्दी के मौसम में ये पक्षी पाकिस्तान के सिंध, बलूचिस्तान और पंजाब में प्रवास करते हैं। ये निराला पक्षी भारत में भी पाया जाता है और यहां इसे सोन चिड़िया के नाम से जाना जाता है। खाड़ी देशों के अरब शेखों के लिए इस तलोर (या तल्लूर) की खासी अहमियत है। वहां के शाही परिवार इसके शिकार को एक मजेदार खेल और शौक के रूप में देखते हैं हालांकि एक आम धारणा यह भी है कि इसका मांस वासनापूर्ण होता है और इसके सेवन से यौन शक्ति में वृद्धि होती है। शेख परिवार इनके शिकार के लिए बंदूक की बजाय पालतू बाज का इस्तेमाल करते हैं। शिकार करने से पहले बाज को प्रशिक्षण देना और शिकार के वक्त उसकी उड़ान को परखना और जब वो तल्लूर को जकड़ कर ले आए तो फिर चैन से तल्लूर का मांस पकाना और उसका सेवन करना। ये शेख परिवार सर्दियों का लुत्फ़ कुछ इस तरह ही उठाते हैं। आजकल तो बाज के पंजों में जी पी एस ट्रैकर और कैमरा जैसे आधुनिक यंत्र लगा कर वो इस लुत्फ को और भी दुगुना कर रहें हैं। बस यही है इन अमीर परिवारों के नवाबी शौक पूरा करने का जरिया। उनका यह शौक पाकिस्तान में मुसलसल पूरा होता है। दरअसल पाकिस्तान हर साल अरब शेख़ों के इस शौक़ को बनाए रखने के लिए सऊदी अरब क़तर बहरीन संयुक्त अरब अमीरात के शाही परिवारों को परमिट प्रदान करता है।



## फायदा या मजबूरी

मजे की बात ये है कि तलोर का शिकार आम पाकिस्तानियों के लिए प्रतिबंधित है। इसके बावजूद अरब के शाही परिवार के सदस्यों को इसकी अनुमति दी जाती है। शेखों को दी जाने वाली इस रियायत के दो मुख्य कारण है जिनमें सबसे पहला है इसके द्वारा आने वाला वित्तीय फायदा। 1970 के दशक के बाद से उनसे अच्छी खासी फीस भी बटोरी जाने लगी। ऐसा अंदाजा है कि टोली के हर सदस्य पर तकरीबन दस हजार डॉलर और हर बाज के लिए एक हजार डॉलर की फीस और परमिट जारी करने का भी अलग से शुल्क लिया जाता है। हर शाही परिवार को तय स्थान आवंटित होता है। कतर के शाही परिवार को बलूचिस्तान और संयुक्त अमीरात के सुल्तान को दक्षिण पंजाब के शिकारगाहों पर हक है। हर साल पच्चीस तीस शाही परिवार के परमिट से सालाना अच्छी खासी मोटी रकम पाकिस्तान सरकार के खाते में पहुंच जाती है।

## शिकार के खिलाफ जन आक्रोश

पिछले हफ्ते बलूचिस्तान लेविस फोर्स (पाकिस्तान का अर्ध सैनिक बल) की एक टुकड़ी की गश्त के दौरान एक शक्तिशाली बम धमाका हुआ जिसमें दो सैनिकों की जान चली गई और चार सिपाही जख्मी हो गए। इस हमले से स्थानीय लोगों में अरब शेखों द्वारा पाकिस्तान में आकर शिकार करने की परंपरा के खिलाफ गुस्सा पनप रहा है। वैसे गुजरे वक्त में भी भी ऐसे कुछ हादसे हो चुके हैं। मसलन अस्सी के दशक में बलोच अलगाववादियों ने अरब शाही परिवार के काफिले पर हमला किया था। नब्बे के दशक में कतर शाही परिवार के आने से पहले उनके कैंप को आग लगा दी गई। लेकिन तीन साल पहले जब सिंध प्रांत में नाज़िम जोखियो नाम के युवा की हत्या का कारण ये था कि उस नौजवान ने तल्लूर के शिकार को लेकर एक वीडियो बनाया अगले दिन एक फॉर्महाउस से उसकी लाश बरामद हुई। नतीजतन लोगों ने बड़ी संख्या में विरोध प्रदर्शन किया और तल्लूर के शिकार पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की।



इसके बावजूद ये लगभग तय है कि पाकिस्तान में कूटनीति की चौखट पर इन बेचारे परिंदों की बलि यूं ही चढ़ती रहेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### क्लीन डेस्टिनेशन के लिए एमपी टूरिज्म को मिला स्कॉच अवॉर्ड

**विस, भोपाल।** एमपी टूरिज्म बोर्ड को उसके सतत पर्यटन पहल 'प्रोजेक्ट क्लीन डेस्टिनेशंस' के लिए प्रतिष्ठित स्कॉच अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति एवं प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि एमपीटीबी सतत और जिम्मेदार पर्यटन के प्रति प्रतिबद्ध है। हम सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से मध्यप्रदेश को स्वच्छ, हरित और सुरक्षित बनाने के सतत प्रयास कर रहे हैं। यह अवॉर्ड परियोजना को क्रियान्वित कर रहे सभी हितधारकों और अधिकारियों का हौसला बढ़ाएगा। अपर प्रबंध संचालक बिदिशा मुखर्जी ने नई दिल्ली में सिल्वर ओक हॉल, इंडिया हैबिटेट सेंटर में 100वें स्कॉच समिट के दौरान अवार्ड ग्रहण किया। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड भोपाल द्वारा प्रोजेक्ट क्लीन डेस्टिनेशन का शुभारंभ फरवरी 2022 में राज्यपाल द्वारा पन्ना जिले से किया गया है। इस परियोजना को कोका-कोला इंडिया लिमिटेड द्वारा वित्त पोषित किया गया है और इसे साहस संगठन द्वारा क्रियान्वित किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य ठोस कचरा प्रबंधन, पर्यावरणीय स्थिरता और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देना है। यह पहल स्वच्छता, आगंतुक जागरूकता और राजस्व-साझाकरण मॉडल को सुनिश्चित करती है, जिससे स्थानीय संस्थानों को सशक्त बनाया जा सके। यह परियोजना पन्ना राष्ट्रीय उद्यान के पास स्थित 30 गांवों में सफलतापूर्वक लागू की गई है।

**फरवरी 2022 में शुरू हुआ था प्रोजेक्ट**

### अस्पतालों की बिगड़ती हालत पर डॉक्टर बनाएंगे रणनीति

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** मप्र के सरकारी अस्पतालों की बिगड़ती हालत को लेकर रविवार को चिकित्सकों की एक बैठक आयोजित की गई है। इस बैठक में मप्र के चिकित्सकों के तमाम संगठनों के पदाधिकारी शामिल होंगे। बैठक में मूल रूप से इन बिंदुओं पर चर्चा होगी कि कैसे सरकारी अस्पतालों को बेहतर बनाया जाए। बैठक के आयोजक चिकित्सक महासंघ के डॉ. राकेश मालवीय ने बताया कि सरकारी अस्पतालों में मरीजों के इलाज में कई स्तर पर कमियां हैं। इसमें सबसे बड़ी कमी अमानक दवाईयों की सप्लाई है। मेडिकल कॉलेज और सभी प्रकार के सरकारी अस्पतालों में दवा की सप्लाई मप्र हेल्थ कॉरपोरेशन द्वारा की जाती है, लेकिन पिछले वर्ष ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जिनमें दवाईयां अमानक पाई गई हैं। हमारी सरकार से हमेशा मांग रहती है कि अस्पतालों में सप्लाई होने वाली दवा की जांच कई स्तर पर की जाना चाहिए। इसके अलावा अमानक दवा की सप्लाई करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई हो। डॉ. मालवीय ने बताया कि अमानक दवा के अलावा सरकारी कॉलेजों में फैकल्टी की कमी भी बड़ा मुद्दा है। सरकार के तमाम प्रयासों के बाद भी सरकारी क्षेत्र में डॉक्टर्स की संख्या नहीं बढ़ रही है। इस विषय पर भी चर्चा की जाएगी।

**चिकित्सक महासंघ ने बुलाई भोपाल में बैठक**

इन्वेस्ट मध्य प्रदेश — ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट — 24 25 फरवरी 2025, भोपाल

# मानव संग्रहालय में एंटी ड्रोन सिस्टम रहेगा एक्टिव, राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगे पीएम

## एयरपोर्ट से लेकर इंदिरा गांधी मानव संग्रहालय तक के सड़क मार्ग को सुरक्षा के लिहाज से नौ सेक्टर में बांटा

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान इंदिरा गांधी मानव संग्रहालय के आसपास के क्षेत्र में एंटी ड्रोन सिस्टम एक्टिव रहेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सुरक्षा में तैनात एसपीजी इसकी मॉनिटरिंग करेगी। जिससे कोई ड्रोन कार्यक्रम स्थल के आसपास उड़ान न भर सके। एमपी पुलिस के अधिकारी एसपीजी के साथ पीएम की सुरक्षा को लेकर लगातार समीक्षा कर रहे हैं। पीएम मोदी 23 फरवरी को बागेश्वर धाम में 100 बिस्तर के कैंसर अस्पताल का भूमिपूजन करने के बाद भोपाल आएंगे। उनका राजभवन में रात्रि विश्राम संभावित है। इसके लिए राजभवन की सुरक्षा-व्यवस्था अलग से की जा रही है। 24 फरवरी को पीएम ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का शुभारंभ करेंगे। दो दिवसीय समिट में करीब 5 हजार डेलीगेट्स शामिल होंगे। मानव संग्रहालय में डेलीगेट्स के घूमने, आने-जाने के लिए ई-कार्ट वाहन की व्यवस्था रहेगी। लेकिन, 24 फरवरी को पीएम के कार्यक्रम पूरा होने तक ई-कार्ट वाहन नहीं चलेंगे। पीएम के संग्रहालय से रवाना होने के बाद ही ई-कार्ट वाहन की सुविधा का अतिथि उपयोग कर सकेंगे। ऐसा निर्णय पीएम की सुरक्षा को लेकर एजेंसियों ने लिया है। समिटि में शामिल होने आ रहे डेलीगेट्स को ई-शटल बस की व्यवस्था भी की गई है। अतिथि जिन होटलों में ठहरेंगे वहां बसें उपलब्ध रहेंगी।

### भीमबेटका, सांची, भोजपुर, सौर्य स्मारक घूमेंगे अथिति

समिट में शामिल होने वाले अतिथियों, डेलीगेट्स को भीमबेटका, सांची, भोजपुर मंदिर, भारत भवन, सौर्य स्मारक का दीदार कराने के लिए प्रशासन ने व्यवस्था की है। अतिथियों की इच्छा के अनुसार उन्हें इन स्पॉट पर घूमने के लिए व्यवस्था की गई है। अतिथियों के ठहरने के लिए होटल ताज, होटल रेडिसन, कोर्टयार्ड मैरियट में व्यवस्था की गई है। ज्यादा से ज्यादा अतिथियों को इन्हीं होटलों में ठहराया जाएगा।

### एयरपोर्ट से संग्रहालय तक सड़क पर कड़ी सुरक्षा

ट्रैफिक पुलिस भी पीएम मोदी समेत अन्य अतिथियों को एयरपोर्ट से कार्यक्रम स्थल तक लाने के लिए तैयारी में जुटी है। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस ने एयरपोर्ट से संग्रहालय तक के मार्ग को 9 सेक्टर में बांटा है। करीब 1500 जवानों की सड़क सुरक्षा पर तैनाती की जाएगी। 9 सेक्टर में 7 राजपत्रित अधिकारी सड़क की सुरक्षा व्यवस्था देखेंगे। पुलिस ने अतिथियों के वाहनों को पार्क करने के लिए 8 पार्किंग स्थल बनाए हैं। इनमें एमवीएम ग्राउंड, इंदिरा गांधी मानव संग्रहालय, रिजनल साइंस सेंटर, रेडियो पुलिस कालोनी, अशोका होटल, टैगोर हास्टल श्यामला हिल्स, सैर सपाटा, टीटी नगर दशहरा मैदान में पार्किंग बनाया है। इनमें सिर्फ अतिथियों के वाहन पार्क होंगे। ट्रैफिक पुलिस के पास वर्तमान में साढ़े 3 सौ बल है। करीब 1200 अतिरिक्त बल मांगा है।



भोपाल में होने वाली जीआईएस को लेकर लालघाटी स्थित चौराहे पर ब्रिज के नीचे आकर्षक फव्वारा लगाया गया है। छाया: एससी



### मेहमानों के स्वागत के लिए शहर में बिछाई जा रही नेचुरल कारपेट ग्रास

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** जीआईएस से पहले पूरे शहर को सुंदर और हराभरा दिखाने के लिए नगर निगम द्वारा विभिन्न सौंदर्यीकरण कार्य कराए जा रहे हैं। इसी के तहत पूरे शहर में कारपेट ग्रास बिछाई जा रही है। शनिवार को एयरपोर्ट रोड, लालघाटी स्थित फ्लाइओवर, वीआईपी रोड और कमला पार्क सहित अन्य स्थानों पर कारपेट ग्रास बिछा दी गई। बता दें कि शहर में मौजूद विभिन्न स्थानों पर सेंट्रल वर्ज को सुंदर बनाने के लिए कारपेट ग्रास का उपयोग किया जा रहा है। बता दें कि नगर निगम द्वारा शहर के सौंदर्यीकरण को लेकर युद्ध स्तर पर काम किया जा रहा है। इसी के तहत कारपेट ग्रास बिछाई गई है।

## मेहमानों के स्वागत के लिए संवारा एयरपोर्ट रोड, एनएचएआई ने खर्च किए 10 करोड़

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** 24 और 25 फरवरी को भोपाल में होने जा रही ग्लोबल इन्वेस्टर समिट (जीआईएस) में आने वाले मेहमानों के स्वागत के लिए नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने दस करोड़ के खर्च से अपने हिस्से की सड़क को संवार दिया है। भोपाल शहर के अंदर एनएचएआई के पास लगभग 5 किलोमीटर की सड़क है, जिसमें लालघाटी पर बना लगभग 800 मीटर का ग्रेड सेपरेटर और लालघाटी से एयरपोर्ट तक जाने वाली 4.2 किलोमीटर लंबी मेन रोड है। विगत दिनों जिला प्रशासन द्वारा जीआईएस की तैयारी के लिए बुलाई गई बैठक में एनएचएआई में इन सड़कों पर काम न शुरू होने के लिए संभागायुक्त संजीव सिंह ने एनएचएआई के अफसरों से नाराजगी व्यक्त की थी। बाद में दिल्ली ऑफिस से मंजूरी मिलते ही काम शुरू कर दिया गया।



### सभी रोड पर डामरीकरण, नई मार्किंग बनाई

एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर देवांश नुवाल के अनुसार एनएचएआई ने सभी सड़कों पर डामर की एक लेयर और बिछा दी है। जरूररत की जगह पर पेच वर्क भी कराया गया है। एयरपोर्ट से लेकर लालघाटी तक की सड़क के किनारे नई ब्लेक एंड व्हाइट पट्टियां डालने के साथ ही सभी जगह ट्रेफिक मार्किंग भी कर दी गई है। इसके अलावा रोड किनारे लगे साइन बोर्ड, डिवाइडर, कर्व साइन और रेलिंग को भी नए सिरे से पेंट किया जा रहा है। गौरतलब है कि जीआईएस के दौरान आने वाले अधिकांश वीआईपी गेस्ट एयरपोर्ट से आयोजन स्थल तक जाने के लिए इसी रोड से गुजरेंगे।

**ब्रिज के नीचे बनाया गार्डन, पेंटिंग भी शुरू :** लालघाटी में बने ग्रेड सेपरेटर के नीचे से ही जीआईएस के सभी वीआईपी मेहमान गुजरेंगे। इसे देखते हुए पूरे ब्रिज पर पेंटिंग की जा रही है। इस ब्रिज के नीचे बने सभी पिलर और छत पर रंगीन पेंटिंग बनाई जा रही हैं। इस ब्रिज के नीचे अब एनएचएआई ने एक गार्डन विकसित किया है, जिसमें फूलों वाले पौधे लगाकर गार्डन ग्रास बिछाई गई है।

# नीट पीजी में 631 सीटें खाली, तीन हजार से ज्यादा उम्मीदवार दावेदार

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।**

नीट पीजी स्टेट लेवल काउंसलिंग में मॉप अप राउंड चल रहा है। शनिवार को चिकित्सा शिक्षा संचालनालय मप्र ने खाली सीटों की संख्या और इनके विरुद्ध उम्मीदवारों का ब्यौरा जारी कर दिया। डीएमई की वेबसाइट पर मौजूद जानकारी के मुताबिक दूसरे राउंड में एमडी-एमएस की कुल रिक्त सीटों की संख्या 631 है। जबकि इन सीटों पर प्रवेश पाने के दावेदार 3179 हैं। पहले राउंड के बाद दूसरे राउंड में उम्मीदवारों की संख्या बढ़ गई थी, लेकिन मॉप अप राउंड में यह फिर भी कम है। संचालनालय के अधिकारियों ने बताया कि रिक्त सीटों की संख्या जारी कर दी है। अब 16 से 18 फरवरी तक रजिस्टर्ड उम्मीदवार च्वाइस फिलिंग और सीट लॉकिंग कर सकेंगे। इसके बाद 19 फरवरी को सीटों का अलॉटमेंट किया जाएगा।

### मॉप अप राउंड में चल रही काउंसलिंग, 19 को होगा सीट अलॉटमेंट



**मॉप अप राउंड फैक्ट फाइल**

| | |
|---|---|
| खाली सीटें | - 631 |
| योग्य उम्मीदवार | - 3179 |
| निजी कॉलेज | - 8 |
| सरकारी कॉलेज | - 12 |
| इन सर्विस के लिए सीटें | - 303 |
| ओपन कैटेगरी | - 318 |
| एनआरआई कोटा | - 10 |

**इनका कहना**

मॉप अप राउंड के लिए रिक्त सीटों की जानकारी सार्वजनिक कर दी गई है। शेड्यूल के मुताबिक सीटों का अलॉटमेंट किया जाएगा।
**- डॉ. एके श्रीवास्तव, डीएमई**

### दूसरे राउंड में मेडिकल कॉलेजों में 963 ने लिया प्रवेश

काउंसलिंग के दूसरे चरण तक प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में 963 अभ्यर्थियों ने प्रवेश लिया है। इनमें से 238 उम्मीदवार ऐसे हैं, जो अपनी च्वाइस और प्रवेश से संतुष्ट हैं। जबकि 725 उम्मीदवारों ने मॉप अप राउंड की काउंसलिंग में सीट या कॉलेज बदलने के लिए अपग्रेडेशन का विकल्प चुना है। आपको बता दें कि काउंसलिंग के पहले चरण में कुल 1668 सीटें थी। दूसरे चरण में यह 1297 बची थीं। दूसरे राउंड में 1067 सीटों का आवंटन किया गया था। इनमें से 963 सीटों पर प्रवेश हुए हैं। शेष सीटें खाली रह गईं। जिन्हें मॉप अप राउंड की सीटों में जोड़कर डीएमई ने शनिवार को जारी किया है।

### सरकारी में 212 और निजी कॉलेजों में 419 सीटें खाली

काउंसलिंग के दूसरे चरण में कुल रिक्त सीटों में निजी मेडिकल कॉलेजों की सीटें अधिक हैं, जबकि सरकारी कॉलेज की कम। प्रदेश के आठ निजी मेडिकल कॉलेजों में कुल 419 सीटें खाली हैं। इनमें ओपन कैटेगरी के लिए 202 और इन सर्विस कोटा के लिए 207 सीटें हैं। जबकि एनआरआई कोटा के लिए 10 सीटें बची हुई हैं। यहां उल्लेखनीय है कि एनआरआई छात्रों के लिए काउंसलिंग की अलग प्रक्रिया चल रही है। अब बात करें मप्र के 12 सरकारी मेडिकल कॉलेजों की तो इनमें रिक्त सीटों की संख्या 212 है।

**परिवहन घोटाले पर सरकार की चुप्पी पर उठाए सवाल**

# उमंग ने मंत्री गोविंद पर साधा निशाना, पूछा दो करोड़ हर माह किस केंद्रीय मंत्री के पास जाते थे

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा है कि पूर्व परिवहन आरक्षक सौरभ शर्मा तो केवल मोहरा है। इस घोटाले को कई बड़े-बड़े महारथियों का संरक्षण है। सिंघार ने कहा-आखिर अब तक सौरभ के मोबाइल की कॉल डिटेल का खुलासा क्यों नहीं किया गया। उन्होंने कुछ दस्तावेज दिखाते हुए आरोप लगाया कि दो करोड़ रुपए हर महीने किस केंद्रीय मंत्री के पास भेजे जाते थे। पत्रकारों से संवाद करते हुए सिंघार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जीरो टॉलरेंस की बात करते हैं, लेकिन मध्य प्रदेश में घोटाले दर घोटाले हो रहे हैं और विधानसभा में इन पर कोई चर्चा नहीं होती। परिवहन घोटाले में मंत्री, अधिकारी और ठेकेदारों की मिलीभगत से हर साल 1500 करोड़ रुपये की अवैध वसूली होती रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार इस घोटाले को दबाने का प्रयास कर रही है और अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

नेता प्रतिपक्ष ने सवाल किए कि आखिर-सौरभ शर्मा के यहां से मिले दस्तावेजों की जांच नहीं हुई और उसकी गिरफ्तारी भी 41 दिन बाद हुई। सौरभ के फोन का सीडीआर जारी नहीं किया गया, जिससे कई बड़े नेताओं और अधिकारियों के नाम उजागर हो सकते हैं। सिंघार ने आरोप लगाते हुए कहा कि मंत्री गोविंद राजपूत इस पूरे रैकेट को संभालते थे, उनके कार्यालय में ही सारी डीलिंग होती थी। राजपूत ने 2019 से 2024 के बीच अपनी पत्नी,



बच्चों और रिश्तेदारों के नाम पर 600 करोड़ से अधिक की संपत्ति अर्जित की। उनके द्वारा 2023 में अपने 134 करोड़ की संपत्ति को शपथ पत्र में छुपाया। इतना ही नहीं-ज्ञान वीर समिति के नाम पर दान की आड़ में जमीनों की हेराफेरी की गई। दिल्ली की डिफेंस कॉलोनी में भी गोविंद सिंह राजपूत और उनके बिजनेस पार्टनर्स ने जमीनें खरीदीं। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाते हुए कहा कि परिवहन विभाग से एक केंद्रीय मंत्री को हर माह 2 करोड़ रुपये दिए जाते थे। उन्होंने कहा कि इस घोटाले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। सिंघार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके भोपाल आगमन के दौरान इस मामले की शिकायत सौंपी जाएगी। सिंघार ने मांग की है कि इस घोटाले की उच्च स्तरीय जांच हो और भ्रष्टाचार में लिप्त सभी नेताओं और अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए। कांग्रेस प्रदेश की जनता के हित में इस लड़ाई को हर स्तर पर लड़ने के लिए प्रतिबद्ध है।

### सिंघार स्वयं पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों पर जवाब दें : अग्रवाल

**विसं, भोपाल।** नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के आरोप पर भाजपा ने पलटवार किया है। इसमें कहा गया है कि सिंघार ने फिर झूठ का झुनझुना बजाने का प्रयास किया है। यह कितना हास्यास्पद और विरोधाभासी है कि जो सिंघार स्वयं विभिन्न आरोपों से घिरे हों, वह आज दूसरों पर आरोप लगा रहे हैं। प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष ऊषा अग्रवाल ने कहा कि ये वही सिंघार हैं, जो 15 महीने की कमलनाथ सरकार के दौरान अपने ही मंत्रालय में खरीद-फरोख्त और ट्रांसफर-पोस्टिंग जैसे अनेकों मामलों में भ्रष्टाचार के आरोप में घिरे रहे हैं। जब सिंघार झारखंड कांग्रेस के प्रभारी सचिव बने, तो वहां पर टिकट बेचने के आरोप स्वयं कांग्रेस नेताओं ने लगाये थे। ये वही उमंग सिंघार हैं, जो कभी अपने पार्टी के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को शराब माफिया, रेत माफिया, ब्लैकमेलर बताते थे और आज उनके साथ मंच साझा करते हैं। उमंग सिंघार भ्रष्टाचार और व्यभिचार के जो आरोप लगे हैं उनका जवाब दें।



#### जो दस्तावेज दिखाए, उनमें एक कांग्रेस नेता का नाम

अग्रवाल ने कहा-कांग्रेस ने जो दस्तावेज दिखाये हैं, उनमें एक कांग्रेस नेता का ही नाम आ रहा है। उमंग सिंघार को यह बताना चाहिए कि कमलेश बघेल से कांग्रेस का क्या नाता है, वह किस गुट से आते हैं? सिर्फ आपसी बैर निकालने के लिए उमंग सिंघार उनका नाम ले रहे हैं। यह देश बाबा साहब के बनाए संविधान से चलता है, कांग्रेस के प्रथम परिवार की लिखी हुई किसी किताब से नहीं चलता। कांग्रेस के पास अगर कोई तथ्य हैं, तर्क हैं, तो उसे जांच एजेंसियों को सौंपना चाहिए और उन्हें न्याय प्रक्रिया में शामिल कराना चाहिए। सिर्फ सुर्खियों में बने रहने के लिए इस तरह की बयानबाजी करना निंदनीय है।

**गणना** | वन विभाग साल में दो बार करता है गणना, सुबह 7 से 8 बजे तक गिने जाएंगे बैठे हुए गिद्ध

# प्रदेश में 12 हजार के पार हो सकती है गिद्धों की संख्या, 17 से होगी गिनती

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** हर वर्ष की तरह इस बार भी गिद्धों की गणना के लिए तैयारी शुरू कर दी गई है। वन विभाग द्वारा साल में दो बार शीतकालीन और ग्रीष्मकालीन गणना की जाती है। इस बार भी शीतकालीन गणना 17 फरवरी से 19 फरवरी के बीच की जाएगी। इसके बाद 29 अप्रैल को ग्रीष्मकालीन गणना की जाएगी। प्रदेश के सभी टाइगर रिजर्व के संचालक, वन मंडल अधिकारियों और वन विहार नेशनल पार्क के लिए जारी निर्देश के अनुसार रोजाना सुबह 7 से 8 बजे तक ही गिद्धों की गणना की जाएगी। जिन इलाकों में ऊंची चट्टानें हैं। केवल वहां ही 9 बजे तक गणना की जा सकती है। गणना केवल जमीन पर बैठे हुए गिद्धों की ही की जाएगी।



शीतकालीन गणना लगातार तीन दिनों तक एक ही स्थान पर, जबकि ग्रीष्मकालीन गणना केवल एक दिन के लिए की जानी है। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार इस साल गिद्धों की संख्या में खासी बढ़ोत्तरी देखने को मिल सकती है और गिद्धों की संख्या 12 हजार के पार हो सकती है। बता दें कि पशुओं के इलाज में प्रतिबंधित डायक्लोफेनिक सोडियम दवा में रोक के बाद प्रदेश में गिद्धों की संख्या में बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। बता दें कि साल 1990-91 में भारत में 4 करोड़ से भी ज्यादा गिद्ध थे। फिर प्रतिबंधित दवाओं के इस्तेमाल के चलते देश में गिद्धों की संख्या तेजी से कम हुई। एक समय पर गिद्ध विलुप्ति की कगार पर पहुंच गए थे, लेकिन लगातार प्रयासों के कारण इनकी संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है।

**इस तरह बढ़ रही गिद्धों की संख्या**

| | |
|---|---|
| वर्ष 2016-17 | 7029 |
| वर्ष 2017-18 | 8397 |
| वर्ष 2018-19 | 9446 |
| वर्ष 2022-23 | 10 हजार से अधिक |

### इस कारण सुबह के समय होती है गणना

दरअसल गिद्ध हवा के गर्म होने के बाद धूप में ही उड़ान भर पाते हैं। अन्यथा वे अपने घौंसले में ही रहते हैं। सुबह के समय मौसम ठंडा होने के कारण गिद्ध अपने घौंसलों के आसपास ही होते हैं और आसानी से इनकी गणना हो जाती है।

> प्रदेश में गिद्धों की संख्या तेजी से बढ़ रही है और हमारे यहां देश के सर्वाधिक गिद्ध हैं। पिछले साल हुई गणना के अनुसार इस साल भी गिद्धों की संख्या में बढ़ोत्तरी की संभावना है।
> ■ **शुभरंजन सेन,** पीसीसीएफ (वाइल्ड लाइफ)

### इस कारण मारे गए गिद्ध

गिद्धों को पर्यावरण का रखवाला माना जाता है और प्रकृति के सफाईकर्मी भी हैं। गिद्ध एकमात्र प्राणी हैं, जो मरे हुए जानवरों का सड़ा हुआ मांस खाते हैं। यही कारण है कि जिन बीमार पशुओं को इलाज के लिए डायक्लोफेनिक सोडियम दी जाती थी। उनके मरने के बाद गिद्ध जैसे ही उनके शव को खाते थे, तो इस दवा के मॉलिक्यूल के कारण उनकी किडनियां खराब हो जाती थीं, जिससे गिद्धों की दर्दनाक मौत हो जाती थी। यही कारण है कि एक समय पूरे भारत में बहुतायत से पाए जाने वाले गिद्ध आज कुछ चुनिंदा जगहों पर ही पाए जो हैं।

### पर्यावरण के लिए इसलिए है खास

पशुओं के मरने के बाद गिद्ध उन्हें सड़ने से पहले ही चट कर जाते हैं। इस कारण इन्हें प्राकृतिक सफाईकर्मी कहते हैं। गिद्धों के पेट में पाया जाने वाला अम्ल सड़े हुए मांस और छोटी हड्डियों को भी पचा जाता है। इस कारण फसलों और मानवों को होने वाले संक्रमण से मुक्ति मिलती है। गिद्ध शर्मीले स्वभाव के होने के चलते बहुत देर से ही अपना जोड़ा बनाते हैं। गिद्धों के अंडों से चूजा निकलने का सक्सेस रेट केवल 50 फीसदी है। इस कारण इनकी संख्या तेजी से नहीं बढ़ती। अंडे से चूजा निकलने के बाद यह चार माह तक घौंसले में ही रहता है। इस दौरान इसे विशेष संरक्षण की जरूरत होती है।

### इन इलाकों में तेजी से बढ़ रहे गिद्ध

मध्य प्रदेश के पन्ना, श्योपुर, मंदसौर और छतरपुर में गिद्ध बहुतायत से पाए जाते हैं। गिद्धों की सबसे ज्यादा संख्या पन्ना टाइगर रिजर्व में पाई जाती है। यहां आसानी से गिद्ध देखे जा सकते हैं। रिजर्व के अंदर पिछले साल 900 से ज्यादा गिद्ध पाए गए थे। इस साल इनकी संख्या में और बढ़ोत्तरी होने की संभावना है। यहां एशियाई गिद्ध या भारतीय काला गिद्ध पाया जाता है। लाल सिर होने के कारण इसे लाल सिर वाला गिद्ध भी कहते हैं। भोपाल के पास भी विदिशा, ओबेदुल्लागंज के पास रातापानी और रायसेन में भी गिद्धों की बस्तियां हैं। वन विहार नेशनल पार्क के सहयोग से यहां भी गिद्धों की गणना की जाएगी।

## प्रथम पेज की खबरों का शेष

### अफरा-तफरी के बीच...

एलजी वीके सक्सेना देर रात एलएनजेपी अस्पताल पहुंचे और उन्होंने कहा कि घायलों की संख्या 25 से ज्यादा है। बताया जा रहा है कि रेलवे के अधिकारी भीड़ का अंदाजा नहीं लगा पाए। इसलिए भीड़ प्रबंधन की कोई तैयारी नहीं थी, जबकि तीन ट्रेनों के जाने में विलंब से प्लेटफार्म पर यात्री संख्या काफी बढ़ गई थी। भीड़ बढ़ने के बावजूद जनरल और प्लेटफार्म टिकटों को बेचना जारी रखा गया। आरपीएफ ने सीढ़ियों व उनके आसपास बैठे लोगों को हटाने का कोई प्रयास नहीं किया। इसलिए हादसा हो गया। गौरतलब है कि नई दिल्ली भीड़भाड़ वाला रेलवे स्टेशन है। यहां रोजाना पांच लाख से अधिक लोगों की आवाजाही होती है। ऐसे में यहां पर आरपीएफ की ओर से खुफिया इनपुट जुटाने के लिए विशेष कर्मी तैनात रहते हैं। इसके बावजूद उनकी ओर से भी भीड़ को लेकर कोई इनपुट नहीं दिया गया। साथ ही रेलवे के अधिकारी भी स्टेशन पर भीड़ की मॉनिटरिंग नहीं कर सके।

### 25 फीसदी महंगी....

15 अगस्त और 2 अक्टूबर को साल में तीन दिन शराब दुकानें अनिवार्य रूप से बंद रहेंगी। इसके अलावा, स्थानीय जिलों के कलेक्टर को साल में चार दिन शराब दुकानें बंद रखने के अधिकार बरकरार रखे गए हैं। इन दिनों में शराब दुकानें बंद होने पर उस दिन की लाइसेंस फीस लौटाई जाएगी। इसके अलावा चुनाव के मद्देनजर आयोग के निर्देश पर शराब दुकानें बंद रखने की पॉलिसी में भी कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसके अलावा नई नीति में ये साफ है कि सभी शराब दुकानें कंपोजिट होंगी, यानी यहां से देशी और विदेशी दोनों तरह की शराब बेची जाएगी।

### नप का पूर्व दैनिक ...

इस दौरान उसके ठिकानों से अब तक हुई छानबीन के दौरान 4 प्लॉट, 1 मकान, आधा दर्जन बैंकों की पासबुक, बैंक एफडी, 4 कार समेत 3 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति की जानकारी मिली है। झारिया बिछिया में शिवांशी इंडिया निधि लिमिटेड नाम की एक माइक्रो फाइनेंस कंपनी भी चलाता है, जिसमें हरिप्रसाद पाल और वीरेंद्र झारिया पार्टनर हैं। इस कंपनी के बिछिया में ही चार ऑफिस हैं। शिव की एक ट्रेवल कंपनी भी है, जिसमें चार लग्जरी कारें हैं।

32 लाख नकदी बरामद, अभी आंकड़ा बढ़ेगा: आरोपी शिवांगी ट्रेवल्स का भी डायरेक्टर है, जिसकी कंपनी दिल्ली में 3 इनोवा क्रिस्टा, एक एमजी हेक्टर ग्लोबल कार किराए पर चलाती है। झारिया ने शिवांशी ग्रीन सॉल्यूशन नाम की एक फर्म भी बना रखी है, जिसके जरिए वह सोलर पैनल लगाने का काम करता है। छापे में 32 लाख 85 हजार की नकदी और जेवर भी मिले हैं। जांच में जुटे अफसरों ने बताया कि छानबीन के बाद यह आंकड़ा बढ़ सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### सिलेक्ट कमेटी को भेजा नया आयकर बिल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने नए इनकम टैक्स बिल के लिए 31 सदस्यीय सिलेक्ट कमेटी गठित कर दी। भाजपा सांसद और ओडिशा के केंद्रपाड़ा से सांसद बैजयंत पांडा को इसका चेयरमैन बनाया गया है। कमेटी को अगले सत्र के पहले दिन रिपोर्ट सौंपनी है। मौजूदा बजट सत्र 4 अप्रैल को समाप्त होगा। मानसून सत्र जुलाई के तीसरे या चौथे हफ्ते में शुरू हो सकता है। कमेटी के सदस्यों में निशिकांत दुबे, जगदीश शेट्टार, पीपी चौधरी, सुधीर गुप्ता, नवीन जिंदल, अनिल बलूनी, दीपेंद्र हुड्डा, महुआ मोइत्रा, सुप्रिया सुले आदि शामिल हैं। नए इनकम टैक्स बिल पर ये समिति अपनी सिफारिशें देगी, फिर सरकार कैबिनेट के माध्यम से इस पर निर्णय लेगी कि क्या इन संशोधनों को शामिल करने की जरूरत है। इसके बाद विधेयक संसद में वापस आएगा।

### 3 पार्षद आए, एमसीडी में भी होगा बीजेपी का कब्जा



**नई दिली, जेएनएन।** आम आदमी पार्टी (आप) के तीन पार्षद शनिवार को बीजेपी में शामिल हो गए। ऐसे में एमसीडी मेयर चुनाव में उसकी जीत की संभावना बढ़ गई है। पार्षदों का स्वागत करते हुए दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, दिल्ली में केंद्र, विधानसभा और नगर पालिका स्तर पर एक 'ट्रिपल इंजन' सरकार होगी। जो तीन पार्षद बीजेपी में शामिल हुए हैं उनमें अनीता बसोया (एंड्रयूज गंज), निखिल चपराना (हरिनगर), धर्मवीर (आरके पुरम) शामिल हैं। सचदेवा ने कहा, दिल्ली को स्वच्छ, सुंदर शहर बनाने पार्षद आए हैं।

### केमिकल फैक्ट्री से गैस लीक, स्कूली बच्चे बेहोश

**नई दिल्ली।** कोटा में एक केमिकल प्लांट से गैस का रिसाव होने के कारण कई स्कूली बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। उन्हें सांस लेने में परेशानी के बाद दम घुटने से वे बेहोश हो गए। चारों ओर अफरातफरी मच गई। स्कूल के कर्मचारी बच्चों को अस्पताल लेकर पहुंचे। कई बच्चों को उल्टियां हुईं। गांव के भी दो लोगों को भर्ती कराया गया है। कुछ बच्चों की हालत काफी गंभीर है, जिन्हें कोटा जिला अस्पताल रेफर किया गया है। गैस लीक चंबल फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल लिमिटेड के प्लांट में हुआ। फैक्ट्री के पास एक सरकारी हायर सेकंडरी स्कूल है। फैक्ट्री और स्कूल की बाउंड्री जुड़ी हुई हैं। जैसे ही फैक्ट्री से अमोनिया गैस छोड़ी गई, बच्चों की तबियत बिगड़ने लगी। अधिकारियों ने बताया कि अस्पताल में 15 बच्चों, एक स्टाफ और दो ग्रामीणों को लाया गया है।

### महाराष्ट्र में लव जिहाद के खिलाफ कानून बनेगा

**मुंबई, जेएनएन।** महाराष्ट्र की भाजपा सरकार ने लव जिहाद, जबरन धर्मांतरण जैसे मामलों के खिलाफ कानून बनाने के लिए 7 सदस्यीय कमेटी बनाई है। कमेटी डीजीपी संजय वर्मा की अध्यक्षता में बनाई गई है। पैनल में महिला एवं बाल कल्याण, अल्पसंख्यक मामले, कानून एवं न्यायपालिका, सामाजिक न्याय, विशेष सहायता और गृह जैसे प्रमुख विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल किए गए हैं। कमेटी यह सुझाव देगी कि जबरन धर्मांतरण और लव जिहाद की शिकायतों को कैसे निपटाया जाए। दूसरे राज्यों में लागू कानूनों की स्टडी करेगी और इस आधार पर कानूनी सलाह देगी। हालांकि, एनसीपी की लीडर सुप्रिया सुले ने कहा, शादी या प्रेम निजी इच्छा है। मैं सरकार से निवेदन करती हूं कि वह असल मुद्दों पर ध्यान दे। मोदी जी अभी अमेरिका से लौटे हैं। अमेरिका ने हम पर नए टैरिफ लगा दिए हैं, जिसका प्रभाव हमारे देश पर पड़ेगा। ऐसे मामलों पर ध्यान देना चाहिए।

### चंडीगढ़ में मिला 4 क्विंटल सोना चोरी का मास्टरमाइंड

**चंडीगढ़।** कनाडा के इतिहास में सबसे बड़ी सोने की चोरी में वांटेड, 32 वर्षीय पूर्व एयर कनाडा प्रबंधक सिमरनप्रीत पनेसर वर्तमान में चंडीगढ़ के बाहरी इलाके में परिवार के साथ रह रहे हैं। कनाडा की पील पुलिस ने उन्हें खोज निकाला है। उनकी पत्नी प्रीति पनेसर भी पूर्व मिस इंडिया युगांडा, गायिका और अभिनेत्री हैं। सोने की यह चोरी अप्रैल 2023 में हुई थी,जिसमें टोरंटो के पियर्सन इंटरनेशनल एयरपोर्ट के कार्गो कॉम्प्लेक्स से 6,600 सोने की छड़ें, जिनका कुल वजन 400 किलोग्राम था। 2.5 मिलियन डॉलर की विदेशी मुद्राएं चोरी हो गई थीं। यह घटना उस समय हुई जब ज्यूरिख से आई एक फ्लाइट से सामान उतारा जा रहा था। उस समय ओंटारियो के ब्रैम्पटन में रहने वाले सिमरनप्रीतडकैती के बाद कनाडा छोड़कर भारत आ गए। हालांकि, जून 2024 में उनके वकीलों के माध्यम से यह खबर आई कि वे आत्मसमर्पण करेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।



# महाकुंभ-वीकेंड पर रिकार्ड भीड़, डेढ़ करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

- शहर में वाहनों की एंट्री रोकी संगम स्टेशन बंद किया
- दो दिन महाकुंभ मेला क्षेत्र में लागू रहेंगी पाबंदियां

**मयंक जैन, प्रयागराज।** महाकुंभ में वीकेंड के चलते शनिवार को जबरदस्त भीड़ रही। प्रशासन ने शनिवार-रविवार दो दिन मेला क्षेत्र में वाहनों की एंट्री रोक दी है। सभी तरह के पास भी रद्द कर दिए हैं। दो दिन के लिए संगम स्टेशन भी बंद रखा गया है। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के वाहन संगम से 10-12 किमी पहले अस्थायी पार्किंग में रोके जा रहे हैं। यहां से शटल बस से ले जाया जा रहा है। रास्ते में भीड़ के कारण शटल बस भी जाम में रेंग रही हैं। ट्रेन से आने वालों को स्टेशन से पैदल जाना पड़ रहा है। पार्किंग और स्टेशन से 15 किमी की दूरी लोगों को पैदल तय करनी पड़ रही है। शनिवार को डेढ़ करोड़ से अधिक लोगों ने डुबकी लगाई है।

### महाकुंभ में 28 दिन में चौथी बार आग, कई टेंट जले

प्रयागराज। प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले के सेक्टर 18 और 19 के बीच शनिवार शाम 6 बजे श्रीराम चरित मानस सेवा प्रवचन मंडल के शिविर के पंडालो में आग लग गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया गया। फिलहाल इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग लगने की वजह का भी अभी तक पता नहीं चल सका है। मेले में जबरदस्त भीड़ के कारण दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचने में देरी हुई। इसके पहले 19 जनवरी, 30 जनवरी, 7 फरवरी को भी पंडालों में आग लग चुकी है।

# शीर्ष संगठन के बाद अब कांग्रेस में चुनावी राज्यों में होगा फेरबदल

## कांग्रेस में कई राज्यों में बदलाव की कवायद, युवा नेतृत्व पर जोर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** कांग्रेस के शीर्ष संगठन में फेरबदल के बाद अब कुछ राज्यों के संगठनात्मक ढांचे में बदलाव को लेकर सरगर्मी बढ़ गई है। पार्टी की नजर विशेष रूप से उन राज्यों पर हैं, जहां अगले कुछ वर्षों में चुनाव होने हैं या जहां कांग्रेस चुनावी दौड़ में प्रमुख भागीदार है। इसमें पंजाब, गुजरात, राजस्थान के साथ कर्नाटक जैसे राज्य हैं, जहां प्रदेश संगठन के नेतृत्व में फेरबदल को लेकर विचार मंथन चल रहा है।

### दिल्ली आ सकते हैं गहलोत



छग के पूर्व सीएम भूपेश बघेल को केंद्रीय संगठन में महासचिव की भूमिका देकर छग में दूसरी पीढ़ी के नेतृत्व को उभारने का दांव चला गया है, उसे देखते हुए चर्चा है कि राजस्थान के पूर्व सीएम व दिग्गज नेता अशोक गहलोत को भी केंद्र में जिम्मेदारी मिल सकती है। राजस्थान में गत चुनाव में हार के बाद से गहलोत पार्टी में अभी किसी आधिकारिक पद पर नहीं है। यहां चुनाव में करीब 4 साल हैं, मगर पार्टी भविष्य की चुनौतियों के हिसाब से नए नेतृत्व को आगे लाने को बेचैन है। गहलोत की दिल्ली में वापसी हुई, तो सचिन पायलट के लिए राह एक बार फिर खुल सकती है। जम्मू-कश्मीर प्रभारी से मुक्त भरत सोलंकी को फिर गुजरात में सक्रिय करने की मंशा दिख रही है।

### इन राज्यों में हुई नियुक्तियां

कर्नाटक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की जिम्मेदारी अभी भी डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के पास है। वहां भी पार्टी के अंदरूनी सत्ता समीकरण की सियासी हलचलें तेज है। महाराष्ट्र और ओडिशा में इसी हफ्ते नए प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। बघेल को पंजाब का प्रभारी महासचिव बनाए जाने के बाद प्रदेश संगठन में बदलाव की चर्चाएं भी हैं। पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वारिंग वैसे तो हाईकमान की पसंद माने जाते हैं, लेकिन सूबे के अगले चुनाव में सत्ता पर दांव लगाने के लिए नेतृत्व परिवर्तन के विकल्प पर मंत्रणा कर रहा है। इधर, पूर्व सीएम व लोकसभा सांसद चरणजीत सिंह चन्नी सूबे की सियासत में लौटने को उत्सुक हैं और इसीलिए महासचिव की भूमिका के लिए रुचि नहीं दिखाई। शीर्ष संगठन में फेरबदल के बीच बिहार के लिए नियुक्त प्रभारी कृष्णा अलावरू को लेकर गलियारे में चर्चा गरम रही कि लालू, तेजस्वी की धुरंधर राजनीति से निपटना सहज नहीं होगा। दिग्विजय सिंह, सुशील शिंदे जैसे नेताओं के लिए गठबंधन की सियासत में लालू को साधना आसान नहीं रहा, तो अलावरू को यहां बनाए रखना चुनौतीपूर्ण होगा।

### छग निकाय चुनाव: सभी 10 निगमों में बीजेपी आप का खुला खाता

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में नगर निकाय चुनावों के नतीजे आ गए हैं। एक बार फिर से बीजेपी को छत्तीसगढ़ में प्रचंड जीत मिली है। सभी नगर निगमों पर बीजेपी का कब्जा हो गया है। छत्तीसगढ़ में कुल 10 नगर निगम हैं। इन 10 नगर निगम में मेयर पद पर बीजेपी को जीत मिली है। कांग्रेस दिल्ली की तरह छत्तीसगढ़ मेयर चुनाव में भी 0 पर आउट हो गई है।

**कांग्रेस का खाता भी नहीं खुला**

कांग्रेसी दिग्गजों के गढ़ में पार्टी के उम्मीदवार चुनाव हार गए हैं। 49 में से 49 नगर पालिकाओं में से भाजपा के खाते में 35 गई हैं। कांग्रेस ने 8 पर जीतीं। आप ने बिलासपुर की बोधरी नगर पालिका में जीत दर्ज की। निकाय चुनाव में आप की यह पहली जीत है। 113 नगर परिषदों पर 11 फरवरी को चुनाव हुए थे। छत्तीसगढ़ में 10 निगम, 49 नगर पालिका और 113 नगर पंचायतों के लिए चुनाव हुए थे। नतीजे शनिवार को घोषित किए गए।

# एलएसी पर स्ट्राइकर की गरज से थर्रा उठेगा चीन

## ट्रंप ने पीएम मोदी को गिफ्ट किया खतरनाक युद्ध वाहन



**नई दिल्ली, जेएनएन।** पीएम मोदी का अमेरिका दौरा कई मायनों में अहम है। भारत और अमेरिका के बीच रक्षा सहयोग में बड़ा कदम उठाते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारतीय सेना को जल्द स्ट्राइकर इंफैंट्री कॉम्बैट व्हीकल सौंपने जा रहे हैं। पीएम नरेंद्र मोदी और डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई बैठक में इस फैसले को अंतिम रूप दिया गया। रिपोर्ट्स की मानें तो स्ट्राइकर मिलने से भारतीय सेना को लद्दाख में चीनी आर्मी का मुकाबला करने में काफी मदद मिलेगी। स्ट्राइकर इंफैंट्री कॉम्बैट व्हीकल हल्का और शक्तिशाली युद्ध वाहन है जो कठिन इलाकों में लड़ाई के लिए बेहद कारगर साबित हो सकता है। इससे पहले, यूक्रेन युद्ध में भी इस वाहन ने क्षमताओं का प्रदर्शन किया था, जहां इसने बर्फीले और पहाड़ी इलाकों में प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

### भारत को क्यों चाहिए

लद्दाख में चीनी सेना की चुनौती से निपटने के लिए भारतीय सेना को हल्के टैंकों की जरूरत काफी पहले से महसूस हो चुकी थी। 2020 में गालवान घाटी में हुई हिंसक झड़प में 20 भारतीय सैनिकों की शहादत के बाद इसको और मजबूती मिली। उस समय भारतीय सेना को चीन के हल्के टैंक जेडटीक्यू-15 का मुकाबला करने पुराने रूसी बीएमपी-2 इंफैंट्री फाइटिंग व्हीकल पर निर्भर रहना पड़ा था। हालांकि, भारतीय सेना के पास अर्जुन, टी-90 (भीष्म) और टी-72 (अजेय) जैसे टैंक हैं, लेकिन ये भारी वजन के कारण लद्दाख के पहाड़ी इलाकों में कारगर नहीं माने जाते। ऐसे में अमेरिकी स्ट्राइकर वाहन भारतीय सेना के लिए एक बड़ा सामरिक लाभ साबित हो सकता है।

### कितना ताकतवर स्ट्राइकर

स्ट्राइकर में 105 मिमी की एम-68 तोप लगी है, जिसने यूक्रेन युद्ध में कई बार रूसी टी-72 टैंकों को परास्त किया है। इसमें 50 मिमी की एम—2 ब्राउनिंग हैवी मशीन गन, एमके-19 ग्रेनेड लांचर और एम-240 मीडियम मशीन गन जैसे आधुनिक हथियार लगे हैं, जो पहाड़ी इलाकों में युद्ध के लिए बेहद प्रभावी हैं।

### स्किमर को बनाया बर्ड फेस्टिवल का मैसकट



**लखनऊ/महाकुंभनगर।** महाकुंभ-2025 में जलवायु सम्मेलन व बर्ड फेस्टिवल योगी सरकार के वन, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन विभाग की देखरेख में होगा। 16 फरवरी को महाकुंभ में कुंभ की आस्था व जलवायु परिवर्तन विषय पर जलवायु का शुभारंभ सीएम योगी आदित्यनाथ करेंगे। इसमें धर्मगुरु, पर्यावरणविद्, अनेक सामाजिक संगठन, उद्योग व व्यापारिक जगत के साथ ही गणमान्य नागरिक भी रहेंगे। आस्था व संरक्षण के संगम की भावना से होने वाले नेचर एवं बर्ड फेस्टिवल-2025 का मैसकट स्किमर पक्षी को बनाया गया है। भारतीय स्किमर नदियों के स्वास्थ्य का संकेत देने वाला महत्वपूर्ण पक्षी है। यह पक्षी नदी, झीलों और मुहानों के किनारे बसे दलदली क्षेत्रों में पाया जाता है।

### इलाहाबादिया का केस लड़ रहे अभिनव चंद्रचूड़



**जेएनएन, नई दिल्ली।** यूट्यूबर समय रैना के शो इंडियाज गॉट लेटेंट में की गई आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में सुप्रीम कोर्ट में यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया की पैरवी पूर्व सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ के बेटे अभिनव चंद्रचूड़ कर रहे हैं। रणवीर ने देश के कई हिस्सों में दर्ज एफआईआर में राहत पाने के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

**'भागा नहीं, डरा हुआ हूं'**

मुंबई पुलिस एक विवादित यूट्यूब शो में दिए गए बयान को लेकर पॉडकास्टर रणवीर इलाहाबादिया की तलाश कर रही है, लेकिन उनका फोन बंद होने के कारण उनका पता नहीं चल पा रहा है। कॉमेडियन समय रैना को 10 मार्च तक पेश होने के लिए कहा गया है। अनेक राज्यों में मुकदमे दर्ज होने के बाद फरार चल रहे रणवीर इलाहाबादिया ने एक्स पर पोस्ट कर एक बार फिर लोगों से माफी मांगी है।

# एशिया के टॉप-20 धनकुबेर परिवारों में भारतीयों का दबदबा

### ब्लूमबर्ग की लिस्ट में टॉप-20 में 6 भारतीय

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत में अरबपतियों की संख्या बढ़ती जा रही है। अब एशिया में सबसे अमीर लोगों की सूची जारी की गई है, इसमें भी भारतीयों का जलवा कायम है। ब्लूमबर्ग की एक ताजा रिपोर्ट में एशिया के टॉप 20 अमीर परिवारों की एक लिस्ट जारी की है। इसमें भारतीयों का ही दबदबा है। एशिया के टॉप 20 अमीर परिवारों में 6 भारत के हैं। सूची में नंबर 1 पर अंबानी परिवार है। इनकी नेटवर्थ करीब 90.5 बिलियन डॉलर है।

### टॉप 5 में ये परिवार शामिल



अंबानी परिवार में बिजनेस की शुरुआत धीरूभाई ने की थी। ब्लूमबर्ग की लिस्ट में अंबानी परिवार ने टॉप किया है। फ्लैगशिप फर्म रिलायंस इंडस्ट्रीज है, जिसे मुकेश अंबानी संभालते हैं। दूसरे नंबर पर थाईलैंड का चेरावनॉन्ट परिवार है, जिनकी संपत्ति 42.6 बिलियन डॉलर है। तीसरे नंबर पर इंडोनेशिया का हार्टोनो परिवार है, जिसकी संपत्ति 42.2 बिलियन डॉलर है। चौथे नंबर पर भारतीय मिस्त्री परिवार है। उनकी कुल संपत्ति 37.5 बिलियन डॉलर है। 5वें नंबर पर हांगकांग का क्वोक हैं, जिनकी संपत्ति 35.6 बिलियन डॉलर है। बजाज परिवार के पास बजाज ग्रुप और और हिंदुजा परिवार हिंदुजा ग्रुप की जिम्मेदारी संभालता है।

### सूची में कितने भारतीय?

ब्लूमबर्ग की एशिया के टॉप 20 अमीरों की लिस्ट में 6 भारतीय हैं। अंबानी और मिस्त्री परिवा के अलावा 7वें नंबर पर जिंदल परिवार है, जिनकी संपत्ति 28.1 बिलियन डॉलर है। 9वें नंबर पर बिरला परिवार है, जिनकी कुल संपत्ति 23 बिलियन डॉलर है। 10वें नंबर पर बजाज परिवार है, जिनकी नेटवर्थ 23.4 बिलियन डॉलर है। 19वें नंबर पर हिंदुजा परिवार है, जिनकी संपत्ति 14 बिलियन डॉलर है। जिंदल परिवार ओपी जिंदल ग्रुप संभालता है। बिरला परिवार के पास आदित्य बिरला ग्रुप की कमान है। बजाज परिवार के पास बजाज ग्रुप और और हिंदुजा परिवार हिंदुजा ग्रुप की जिम्मेदारी संभालता है। हालांकि, इसमें अदाणी, अलीबाबा के जैक मा का नाम नहीं है।

### 10 हजार सरकारी कर्मचारियों को ट्रंप ने नौकरी से निकाला

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने करीब 10 हजार लोगों को नौकरी से निकाल दिया। शुक्रवार को लिए इस फैसले के पीछे कथित फिजूलखर्ची का हवाला दिया गया। अमेरिका में कुल 23 लाख सरकारी कर्मचारी हैं। इससे पहले 75 हजार लोगों ने ट्रंप और मस्क का बायआउट ऑफर (स्वेच्छा से नौकरी छोड़ने पर भुगतान) स्वीकार करते हुए मर्जी से सरकारी नौकरी से इस्तीफा दे दिया था। ट्रंप ने 11 फरवरी को कार्यकारी आदेशों पर साइन किए थे, जिसमें छंटनी और कई पदों को खत्म करने के तरीकों को तलाशने के आदेश दिए गए थे। ट्रंप का कहना है कि केंद्रीय सरकार काफी कर्ज में डूबी हुई है और सरकार को बर्बादी, धोखाधड़ी से बहुत ज्यादा नुकसान हुआ है। पिछले साल के 1.8 ट्रिलियन डॉलर घाटे के साथ हमारे देश पर 36 ट्रिलियन डॉलर का कर्ज है।

# 119 अप्रवासी भारतीयों को लेकर अमृतसर पहुंचा अमेरिकी विमान

### दूसरी खेप में पंजाब के 67 हरियाणा के 33 लोग

**अमृतसर, जेएनएन।** अमेरिका से 119 और अवैध अप्रवासी भारतीयों को डिपोर्ट किया गया है। दूसरा बैच लेकर अमेरिकी सैन्य विमान सी-17ए ग्लोबमास्टर 3 शनिवार रात साढ़े 11 बजे अमृतसर एयरपोर्ट पर लैंड हुआ। इसमें पंजाब के 67 और हरियाणा के 33 लोग सवार होने की खबर है। इमिग्रेशन अधिकारियों ने डिपोर्ट हुए लोगों से पूछताछ की। इन्हें रिसीव करने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत मान, केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू, अमृतसर से कांग्रेस सांसद गुरजीत औजला एयरपोर्ट पहुंचे।

### मान बोले- अमृतसर को डिटेंशन सेंटर न बनाएं

सीएम मान ने अमृतसर एयरपोर्ट पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें उन्होंने बताया कि डिपोर्ट होकर आ रहे सभी भारतीयों के रहने, खाने और उन्हें घर तक छोड़ने की सारी व्यवस्था पंजाब सरकार ने कर दी है। मान ने कहा- अमृतसर को डिटेंशन सेंटर न बनाएं।

एक युवक भी एयरपोर्ट के बाहर पहुंचा। उसने खालिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए। ऐसा कहा जा रहा है कि 16 फरवरी को भी एक और विमान अप्रवासी भारतीयों को लेकर आएगा।

**रहस्य** | कैमरे में कैद अंतरिक्ष का रोमांचक नजारा, गुत्थी सुलझाने में मिलेगी मदद

# पहली बार देखा नवजात ग्रह, ब्रह्मांड में नया जीवन

**नई दिल्ली, जेएनएन।** आकाशगंगा में असंख्य तारे और ग्रह हैं, लेकिन एक नया ग्रह कैसे जन्म लेता है? वैज्ञानिकों को लंबे समय बाद पहली बार इसका सीधा सबूत मिला है। नासा के जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप (जेडब्ल्यूएसटी) ने एक ऐसा ही तारा देखा है, जिसके चारों ओर नए ग्रह बन रहे हैं। यह खोज ग्रहों के जन्म की अब तक की सबसे स्पष्ट तस्वीरें लेकर आई है, जिससे विज्ञान की अनसुलझी गुत्थी को हल करने में मदद मिलेगी।

### नए ग्रह ले रहे आकार

370 प्रकाशवर्ष दूर स्थित पीडीएस—70 नाम का तारा बेहद खास है। युवा तारा के चारों ओर गैस और धूल का घना बादल घूम रहा है। बादल के बीच से नए ग्रह उभर रहे हैं। वैज्ञानिकों ने पहले ही इसके दो ग्रहों पीडीएस—70बी और पीडीएस—70सी की खोज कर ली थी। अब नई तस्वीरों से संकेत मिला है कि शायद यहां तीसरा ग्रह भी बन रहा है।



### वीएलटी ने ली नए ग्रह की सीधी तस्वीर

2018 में यूरोपियन सदर्न ऑब्जर्वेटरी (ईएसओ) के वेरी लार्ज टेलीस्कोप (वीएलटी) ने पहली बार पीडीएस—70बी नामक नवजात ग्रह की सीधी तस्वीर ली थी। यह बड़ी उपलब्धि थी। इससे पहले कभी भी किसी बनने वाले ग्रह को प्रत्यक्ष रूप से नहीं देखा गया। इस खोज के बाद खगोलविदों ने इस ग्रह प्रणाली का और गहराई से अध्ययन करना शुरू किया।

### तीसरा ग्रह भी हो सकता है मौजूद!

अब जेडब्ल्यूएसटी ने और भी साफ तस्वीरें ली हैं, जिससे पता चला कि पीडीएस—70 के आसपास दो नहीं, तीन ग्रह हो सकते हैं। वैज्ञानिकों को वहां कुछ ऐसा दिखा जो या तो तीसरा ग्रह हो सकता है या फिर धूल और गैस का घना गुच्छा। ग्रहों के चारों ओर गैस और धूल का एक घना घेरा है, यानी ये ग्रह अभी भी बन रहे हैं। अगर यह सच में एक ग्रह निकला तो यह हमारे ब्रह्मांड को समझने के लिए एक नई दिशा खोल सकता है। हालांकि, कुछ अरबों साल पहले हमारे सौरमंडल में भी ऐसा हुआ होगा, जब पृथ्वी और अन्य ग्रह बने थे।

### कैसे करता है इतनी शानदार खोजें?

जेडब्ल्यूएसटी के पास एक खास तकनीक है, जिसे एपर्चर मास्किंग इंटरफेरोमेट्री (एएमआई) कहा जाता है। यह टेलीस्कोप को बेहद साफ और हाई-रिजॉल्यूशन वाली तस्वीरें लेने में मदद करती है, इसेक जरिए वैज्ञानिक उन चीजों को भी देख सकते हैं, जो सामान्य टेलीस्कोप नहीं दिखते।

# प्रेमी के साथ शारीरिक संबंध नहीं बनाए हैं तो पत्नी भरण-पोषण की हकदार

## हाईकोर्ट का महत्वपूर्ण आदेश, पति की आपराधिक पुनरीक्षण याचिका निरस्त

**जबलपुर।** हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति गुरपाल सिंह अहलूवालिया की एकलपीठ ने अपने एक महत्वपूर्ण आदेश में साफ किया कि यदि प्रेमी के साथ शारीरिक संबंध नहीं है, तो पत्नी भरण-पोषण की हकदार है। व्याभिचार के आरोप में अनिवार्य रूप से यौन संबंध शामिल होना चाहिए। पत्नी किसी अन्य के साथ बिना किसी शारीरिक संबंध के प्रेम और स्नेह रखती है, तो इससे यह साबित नहीं होता कि वह व्याभिचार में है। कोर्ट ने कहा कि पति का यह तर्क स्वीकार करने योग्य नहीं है कि उसकी पत्नी किसी और से प्रेम करती है, इसलिए भरण-पोषण राशि पाने की अधिकारी नहीं है। पति की कम आय गुजारा-भत्ता देने से इनकार का मानदंड नहीं हो सकती। यदि किसी ने यह जानते हुए किसी लड़की से शादी की है कि वह अपनी दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम नहीं है, तो इसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार है। आप शारीरिक रूप से सक्षम हैं, तो पत्नी को भरण-पोषण राशि देने के लिए कमाना होगा। पति की आपराधिक पुनरीक्षण याचिका निरस्त की जाती है और आदेश दिया जाता है कि वह पत्नी को चार हजार रुपये मासिक अंतरिम भरण-पोषण राशि प्रदान करे। ऐसा इसलिए भी क्योंकि सीआरपीसी की धारा 125(4) से यह स्पष्ट है कि पत्नी पर व्यभिचार के आरोप के आधार पर भरण-पोषण राशि से इनकार नहीं किया जा सकता है।इंदौर निवासी अमित कुमार खोडके की तरफ से दायर की गई आपराधिक पुनरीक्षण याचिका में अनावेदक पत्नी द्वारा लिखी एक डायरी भी पेश की गई थी, जिसका हवाला देते हुए कहा गया था कि पत्नी के किसी दूसरे व्यक्ति से प्रेम संबंध है।

## संक्षिप्त बाजार

### बढ़ सकती हैं पीएफ की ब्याज दर, जल्द हो सकता है ऐलान

**नई दिल्ली, जेएनएन।** प्राइवेट सेक्टर में काम करने वाले एम्पलाई के लिए राहत भरी खबर है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन 2024-25 के ब्याज दरों में बदलाव की तैयारी में है। इसे 8 फीसदी से लेकर 8.25 फीसदी के बीच तय किया जा सकता है। ऐसा माना जा रहा है कि 28 फरवरी को होने वाली केंद्रीय बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज की बैठक में दी जा सकती है। किसी भी वर्ष के लिए पीएफ जमा पर ब्याज दर पहले ईपीएफओ द्वारा प्रस्तावित की जाती है। इसके बाद उसे सीबीटी द्वारा पास किया जाता है। उसके बाद ही इसे वित्त मंत्रालय द्वारा मंजूरी दी जाती है। ईपीएफओ के 65 मिलियन से अधिक मेंबर हैं। हर कर्मचारी को एक यूनिवर्सल अकाउंट नंबर दिया जाता है। इससे वे कई पीएफ खातों को अपने अलग अलग एम्प्लॉयर से लिंक करने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं यूएएन के जरिए आप ईपीएफ बैलेंस को देख और अन्य सर्विस का फायदा उठा सकते है। ईपीएफ बैलेंस को चेक करने के कई तरीके है. इसे आप ईपीएफओ पोर्टल, मिस्ड कॉल के जरिए, एसएमएस भेजकर भी चेक कर सकते है।



### रैपिडो महिलाओं के लिए शुरू करने वाली है खास सर्विस

**नई दिल्ली, जेएनएन।** देश की जानी मानी कैब एग्रीगेटर कंपनी रैपिडो जल्द ही महिलाओं के लिए खास सर्विस शुरू करने जा रही है। इस सर्विस में कंपनी 25 हजार महिलाओं को रोजगार देगी, जिसके बाद महिलाएं गर्व से कह सकेंगी कि वो आत्मनिर्भर है। दरअसल रैपिडो देश की टॉप थ्री कैब सर्विस देने वाली कंपनी है, जो देशभर में टैक्सी, ऑटो और बाइक से यात्रा करने की सुविधा देती है। अभी तक रैपिडो में केवल पुरुष ही कैब, ऑटो और बाइक ड्राइव कर सकते थे, लेकिन अब वो दिन दूर नहीं जब आप रैपिडो की बाइक को किसी महिला के द्वारा चलाते हुए देखेंगे।




**देश के इस राज्य में पहले शुरू होगी सर्विस:** ऑनलाइन मंच के जरिये कैब बुकिंग की सुविधा देने वाली कंपनी रैपिडो कर्नाटक में 'पिंक रैपिडो' मोटरसाइकिल का अपना नया बेड़ा पेश करेगी। यह सेवा विशेष रूप से महिलाओं के लिए होगी। कंपनी ने शुक्रवार को कहा कि यह पहल इस वर्ष के अंत तक शुरू कर दी जाएगी। आपको बता दें इस सर्विस को सबसे पहले कर्नाटक के बैंगलुरु शहर में शुरू किया जा सकता है।कंपनी के सह-संस्थापक पवन गुंटुपल्ली ने यहां वैश्विक निवेशक सम्मेलन में एक प्रश्न का उत्तर देते हुए इस पहल की घोषणा की। गुंटुपल्ली ने कहा, 'हमारा लक्ष्य रैपिडो मोटरसाइकिलों पर महिला ड्राइवरों को शामिल करके महिलाओं के लिए 25,000 रोजगार के अवसर पैदा करना है।

# ओपन एआई ने मस्क का 97 अरब डॉलर का प्रस्ताव किया खारिज



**सेम फ्रांसिसको, जेएनएन।** कृत्रिम मेधा (एआई) के क्षेत्र की अमेरिकी कंपनी 'ओपनएआई' के निदेशक मंडल ने उद्योगपति एलन मस्क के कंपनी को 97.4 अरब डॉलर में खरीदने के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से खारिज कर दिया है। ओपनएआई बोर्ड के अध्यक्ष ब्रेट टेलर द्वारा शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा गया, ओपनएआई बिक्री के लिए उपलब्ध नहीं है और बोर्ड ने प्रतिस्पर्धा को बाधित करने के मस्क के नए प्रयास को सर्वसम्मति से अस्वीकार कर दिया है।

ओपनएआई के अधिवक्ता विलियम सैविट ने शुक्रवार को मस्क के अधिवक्ता को लिखे पत्र में कहा कि यह प्रस्ताव ओएआई के लक्ष्यों के हित में नहीं है और इसे अस्वीकार किया जाता है। मस्क और ओपनएआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सैम ऑल्टमैन ने 2015 में ओपनएआई को शुरू करने में मदद की थी और बाद में उनमें इस बात पर प्रतिस्पर्धा थी कि इसका नेतृत्व किसे करना चाहिए।

मस्क के 2018 में बोर्ड से इस्तीफा देने के बाद से स्टार्टअप की दिशा को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। मस्क ने लगभग एक साल पहले चैटजीपीटी-निर्माता के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू करवाई थी, जिसमें उन्होंने अनुबंध के उल्लंघन के लिए मुकदमा दायर किया था। इसके बाद, सोमवार को मस्क, उनके एआई स्टार्टअप 'एक्सएआई' और निवेश कंपनियों के एक समूह ने ओपनएआई को नियंत्रित करने वाली गैर-लाभकारी संस्था को खरीदने के लिए बोली लगाने की घोषणा की।

मस्क ने बाद में कहा कि चैटजीपीटी विनिर्माता ओपनएआई यदि खुद को लाभ के लिए कार्यरत कंपनी बनाने का विचार छोड़ देती है वह इसे खरीदने की अपनी पेशकश वापस ले लेंगे। मस्क के वकीलों ने बुधवार को कैलिफोर्निया की एक अदालत में दायर एक दस्तावेज में कहा, 'अगर ओपनएआई का बोर्ड यह तय करता है कि वह अपनी गैर-लाभकारी स्थिति को बनाए रखेगा और इसे लाभ के लिए कार्यरत कंपनी में बदलने की योजना को रोक देगा, तो मस्क अपनी बोली वापस ले लेंगे।' वकीलों की ओर से कहा गया कि अगर कंपनी ऐसा नहीं करती है तो उसे अपनी संपत्तियों का सही मूल्य किसी बाहरी खरीदार से प्राप्त करना होगा।

# नया इनकम टैक्स बिल, 150 अफसर 60 हजार घंटे की मेहनत, 20 हजार सुझाव आए

## आयकर विधेयक 2025 आयकर कानून 1961 का स्थान लेगा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को लोकसभा में आयकर विधेयक 2025 पेश किया था। विधेयक पेश करते समय वित्त मंत्री ने स्पीकर से इसे प्रवर समिति को भेजने का आग्रह किया था। नया आयकर विधेयक 2025 आयकर कानून 1961 का स्थान लेगा। इसे अप्रैल 2026 से लागू करने का प्रस्ताव है। इसे तैयार करने में 60 हजार घंटे लगे हैं। स्पीकर ओम बिरला ने शुक्रवार को निचले सदन की 31 सदस्यीय प्रवर समिति का गठन किया। कमेटी को संसद के अगले सत्र के पहले दिन तक रिपोर्ट सौंपनी होगी। इस बिल को बनाने में 150 अफसरों की कमेटी ने काफी मशक्कत की है।




**क्यों पड़ी नए बिल की जरूरत ?:** नए आयकर बिल का उद्देश्य आयकर से जुड़े विवादों को कम करना है। मौजूदा इनकम टैक्स बिल 1961 में पारित किया गया था। यह 1 अप्रैल 1962 से प्रभावी हो गया था, लेकिन इसमें 65 बार में 4000 से ज्यादा संशोधन किए गए हैं।

**कितना समय लगा ?:** नए इनकम टैक्स बिल को तैयार करने में 60 हजार से ज्यादा घंटे लगे। 150 अफसरों की टीम ने मिलकर इसे तैयार किया। इसके लिए 20,976 ऑनलाइन सुझाव मिले।

**आईटीआर फाइल करने में कैसे मिलेगी मदद ?:** नए बिल में वेतन संबंधी सभी प्रावधान एक ही जगह पर हैं। इसका फायदा ये है कि रिटर्न फाइल करते समय अलग-अलग अध्याय का संदर्भ नहीं लेना पड़ेगा।

**नए बिल में टैक्स वर्ष का मतलब क्या?**

नए इनकम टैक्स बिल में पिछले वर्ष और मूल्यांकन वर्ष की जगह टैक्स वर्ष का जिक्र है। इसमें टाइम और कैलकुलेशन उस वित्त वर्ष के हिसाब से होगा, जिसमें सैलरी पर टैक्स लगाया जाना है।

**टीडीएस को लेकर बदलाव**

नए बिल में टीडीएस, टीसीएस के प्रावधान को आसान बना दिया गया है। आयकर विभाग की बेवसाइट पर सेक्शन-वाइज मैपिंग उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे लोगों को कोई असुविधा न हो।

**नए- पुराने अधिनियम में कितना फर्क?**

मौजूदा आयकर अधिनियम सभी संशोधनों के बाद 1647 पेज का है, जबकि नए इनकम टैक्स बिल में सिर्फ 622 पन्ने हैं। मौजूदा अधिनियम में 819 प्रभावी धाराएं हैं, जबकि नए बिल में 536 धाराएं हैं।

# मप्र की बस से भिड़ी छत्तीसगढ़ की बोलेरो, 10 की मौत, 19 घायल

## महाकुंभ जा रहे थे श्रद्धालु, प्रयागराज के पास हादसा




**प्रयागराज, जेएनएन।** प्रयागराज में शुक्रवार देर रात करीब ढाई बजे बोलेरो की बस से टक्कर हो गई। हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई, 19 घायल हैं। जान गंवाने वाले सभी लोग बोलेरो में सवार थे। वे छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले से महाकुंभ आ रहे थे। हादसा प्रयागराज-मिर्जापुर हाईवे पर मेजा इलाके में हुआ। घायल हुए 19 लोग बस में सवार थे, जो कि मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के रहने वाले हैं। वे संगम स्नाान के बाद वाराणसी जा रहे थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि बोलेरो बुरी तरह डैमेज हो गई। श्रद्धालु छिटककर सड़क पर जा गिरे। किसी का हाथ टूटा तो किसी का सिर फट गया। कई लोग बोलेरो में ही फंस गए। इन्हें निकालने में ढाई घंटे का समय लगा। पुलिस ने बताया- बोलेरो में सभी पुरुष सवार थे। इसकी स्पीड बहुत ज्यादा थी। बस वाले ने ब्रेक लगाया, लेकिन सामने से आ रही बोलेरो बस में सामने से भिड़ गई। मरने वाले कोरबा के दर्री और जांजगीर चांपा जिले के रहने वाले हैं।

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने घटना पर दुख जताया है। छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने सभी शवों को वापस लाने की व्यवस्था करने की घोषणा की है।

# गबन के आरोप में न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक के महाप्रबंधक को किया गिरफ्तार




**मुंबई, जेएनएन।** मुंबई पुलिस ने शनिवार को न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक के महाप्रबंधक और लेखा प्रमुख हितेश मेहता को बैंक से 122 करोड़ रुपये के कथित गबन के आरोप में गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने बताया कि मेहता को शहर पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने तीन घंटे से अधिक समय तक पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया। बैंक के कार्यवाहक मुख्य कार्यकारी अधिकारी देवर्षि घोष ने शुक्रवार को मध्य मुंबई के दादर पुलिस स्टेशन में जाकर धन के दुरुपयोग की शिकायत दर्ज कराई थी।

शिकायत के अनुसार मेहता ने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर साजिश रची और बैंक के प्रभादेवी तथा गोरेगांव कार्यालयों की तिजोरियों में रखे धन से 122 करोड़ रुपये का गबन किया। अधिकारी ने बताया कि मेहता को इस मामले के संबंध में जांच एजेंसी के दक्षिण मुंबई कार्यालय में अपना बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया गया था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि उन्हें रविवार को स्थानीय अदालत में पेश किया जाएगा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बृहस्पतिवार को सहकारी बैंक पर कई प्रतिबंध लगाए थे, जिसमें जमाकर्ताओं द्वारा धन की निकासी पर प्रतिबंध भी शामिल है। आरबीआई ने शुक्रवार को एक साल के लिए बैंक के बोर्ड को भंग कर दिया था और कामकाज के प्रबंधन के लिए एक प्रशासक नियुक्त किया।

प्रशासक की मदद के लिए सलाहकारों की एक समिति भी नियुक्त की गई। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर मेहता और अन्य के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 316 (5) (लोक सेवकों, बैंकरों और भरोसेमंद पदों पर बैठे अन्य लोगों द्वारा आपराधिक विश्वासघात), धारा 61 (2) (आपराधिक साजिश) के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि जांच के दायरे को देखते हुए मामले को ईओडब्ल्यू को सौंप दिया गया है। एजेंसी ने जांच शुरू कर दी है। इस सहकारी बैंक की 28 शाखाओं में ज्यादातर मुंबई महानगर में हैं। गुजरात के सूरत में इसकी दो शाखाएं और पुणे में एक शाखा है।

### अब सस्ते में पी सकेंगे अमेरिका की बरबन व्हिस्की, सरकार ने इंपोर्ट ड्यूटी 150 से घटाकर

**नई दिल्ली।** अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर बातचीत की तैयारी के बीच भारत ने बरबन व्हिस्की पर आयात शुल्क घटाकर 50 प्रतिशत कर दिया है। पहले यह 150 प्रतिशत था। बरबन व्हिस्की अपनी मिठास के लिए जानी जाती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बातचीत से ठीक पहले 13 फरवरी को बरबन व्हिस्की पर सीमा शुल्क में कटौती की अधिसूचना जारी की गई थी। हालांकि अन्य शराब के आयात पर सीमा शुल्क में कोई कटौती नहीं की गई है। उन पर 100 प्रतिशत शुल्क लगता रहेगा।अमेरिका भारत में बरबन व्हिस्की का सबसे बड़ा निर्यातक है। कुल बरबन व्हिस्की का एक चाथाई हिस्सा अमेरिका से ही आयात किया जाता है।

**बरबन व्हिस्की के आयात पर अब 50 प्रतिशत सीमा शुल्क लगेगा** : राजस्व विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, बरबन व्हिस्की के आयात पर अब 50 प्रतिशत सीमा शुल्क लगेगा। भारत ने 2023-24 में 25 लाख अमेरिकी डॉलर मूल्य की बरबन व्हिस्की का आयात किया।

### सौरभ, चेतन और शरद के खिलाफ दर्ज होगी ईसीआईआर, अब जमानत मिलना हो जाएगा मुश्किल

# बिना सूचना दिए हो सकेगी मददगारों की गिरफ्तारी

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** सौरभ शर्मा मामले में अब ईडी ने ईसीआईआर दर्ज करने की तैयारी कर ली है। ईडी पीएमएलए के तहत मामलों में ईसीआईआर दर्ज करती है जो आपराधिक मामलों में दर्ज एफआईआर (प्रथम सूचना रिपोर्ट) के समान है। सीआरपीसी के तहत आरोपी को एफआईआर की एक प्रति प्रदान करना अनिवार्य है, जबकि ईसीआईआर (एनफोर्समेंट केस इनफॉरमेशन रिपोर्ट) को आरोपी के साथ साझा करना अनिवार्य नहीं है। ईसीआईआर आंतरिक दस्तावेज होता है क्योंकि इसमें संबंधित अधिकारी द्वारा जब्त की गई सामग्री की डिटेल शामिल होती है। यदि जांच और पूछताछ के दौरान इस विवरण का खुलासा किया जाता है तो परिणाम प्रभावित हो सकता है। ईडी के पास ईसीआईआर के आधार पर किसी भी व्यक्ति को उसकी गिरफ्तारी के आधार के बारे में लिखित रूप में सूचित किए बिना गिरफ्तार करने का अधिकार मिल जाता है। इसके कारण आरोपियों को जमानत मिलना कठिन हो जाता है। सौरभ शर्मा के केस में एफआईआर के बजाए ईडी ईसीआईआर दर्ज करने जा रही है। ऐसे में करोड़ों की संपत्ति मिलने के बाद चर्चाओं में आए सौरभ और उसके पार्टनर चेतन एवं शरद की जमानत हो पाना बेहद मुश्किल हो जाएगा। इसके साथ ही ईडी को केस से जुड़े सभी संदेहियों की गिरफ्तारी करने का आसान रास्ता मिल जाएगा। इस मामले की पड़ताल ईडी केवल लोकायुक्त पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआईआर के आधार पर कार्रवाई कर रही थी।


सौरभ शर्मा


चेतन सिंह गौर


शरद जायसवाल

**रिमांड के दौरान सौरभ ने बताए रिश्तेदारों के नाम**

ईडी द्वारा 6 दिनों की रिमांड पर लिए गए सौरभ शर्मा, चेतन सिंह गौर और शरद जायसवाल से शनिवार को हुई पूछताछ में कई अहम खुलासे हुए हैं। शुक्रवार को अपनी डायरी में दर्ज परिवहन विभाग और ज्वैलरों के साथ मददगारों का नाम बताने के अगले दिन सौरभ ने ईडी को अपने उन रिश्तेदारों के नाम गिना दिए, जो भ्रष्टाचार के काले खेल में उसका साथ दे रहे थे। हालांकि इन नामों का खुलासा नहीं किया गया है, लेकिन इतना तय है कि अब ईडी जांच का दायरा बढ़ाकर सौरभ के रिश्तेदारों को पूछताछ के लिए बुलाएगा। इसके बाद इन्हें केस में सह आरोपी भी बनाया जा सकता है। सौरभ ने जिन 5 लोगों के नाम ईडी को गिनाए हैं, उनमें उसके 4 रिश्तेदार और एक ग्वालियर का कारोबारी है।

**रिश्तेदारों के नाम प्रॉपर्टी पेपर्स में दर्ज**

सौरभ के ठिकानों पर लोकायुक्त, ईडी और आयकर विभाग की छापेमारी के बाद 300 करोड़ से अधिक की प्रॉपर्टी के दस्तावेज मिले थे। आयकर विभाग को लोकायुक्त छापे के अगले दिन मेंडोरा के जंगलों से सौरभ के पार्टनर चेतन सिंह गौर के नाम पर रजिस्टर इनोवा कार से 52 किलो सोने और 10 करोड़ की नकदी भी मिली थी। जांच के दौरान एक डायरी भी मिली थी, जिसमें परिवहन विभाग के चैक पोस्टों और जिलों में तैनात आरटीओ से हर महीने मिलने वाली करोड़ों की रकम का ब्यौरा लिखा था। इस डायरी में सौरभ के कुछ रिश्तेदारों और ज्वेलर्स के नाम भी थे।

# मेटा ने कहा, भारत सबसे लंबी समुद्री केबल परियोजना वाटरवर्थ से जुड़ेगा

**नयी दिल्ली, जेएनएन।** सोशल मीडिया प्रमुख मेटा ने शनिवार को कहा कि भारत दुनिया की सबसे लंबी समुद्री केबल परियोजना 'वाटरवर्थ' से जुड़ेगा, जिसके इस दशक के अंत तक चालू होने की उम्मीद है।

मेटा ने 'प्रोजेक्ट वाटरवर्थ' की घोषणा की है, जो पांच प्रमुख महाद्वीपों तक पहुंचेगा और 50,000 किलोमीटर से अधिक लंबा होगा। इसकी लंबाई पृथ्वी की परिधि से भी अधिक है।

यह परियोजना अमेरिका-भारत संयुक्त नेतृत्व बयान का हिस्सा थी, जिसे 13 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा के बाद जारी किया गया था। मेटा के प्रवक्ता ने शनिवार को कहा, मेटा भारत में निवेश कर रहा है, जो इसके सबसे बड़े बाजारों में से एक है। भारत, अमेरिका और अन्य स्थानों को जोड़ने के लिए दुनिया की सबसे लंबी, सबसे अधिक क्षमता वाली और सबसे तकनीकी रूप से उन्नत समुद्री केबल परियोजना लाई जा रही है। इंटरनेट संचालन के लिए समुद्री केबल महत्वपूर्ण हैं। ये केबल देशों को एक-दूसरे से जोड़ते हैं। स्थानीय दूरसंचार परिचालक

अपने ग्राहकों को इंटरनेट पहुंच देने के लिए समुद्री केबल से जुड़ते हैं। यह निवेश इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि दूरसंचार परिचालक डेटा भार को कम करने और ग्राहकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए मेटा सहित बड़ी तकनीकी कंपनियों से निवेश करने की मांग कर रहे हैं।

प्रवक्ता ने कहा, डिजिटल सेवाओं के लिए भारत की बढ़ती मांग से प्रेरित, यह निवेश आर्थिक वृद्धि, लचीले बुनियादी ढांचे और डिजिटल समावेशन के लिए मेटा की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। इससे भारत के डिजिटल परिदृश्य और तकनीकी नवाचार को बढ़ावा मिलेगा।

# प्रतिबंधित कोरेक्स सिरप मामले में हाईकोर्ट सख्त

**जागरण, जबलपुर।** केंद्र सरकार ने मानव जीवन के लिए हानिकारक कोरेक्स कफ सिरप पर प्रतिबंध के बावजूद भी सिरप का उत्पादन और खुले बाजार में बिक्री को चुनौती देने वाले मामले को गंभीरता से लिया। मामले में पूर्व में न्यायालय ने प्रतिबंधित सिरप का उत्पादन करने वाली कंपनियों के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो व पुलिस को देते हुए एक्शन टेकन रिपोर्ट पेश करने के आदेश दिये थे। मामले में आगे हुई सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से एक्शन टेकन रिपोर्ट पेश करने समय प्रदान करने का आग्रह किया गया। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने चार सप्ताह का समय प्रदान करने हुए अगली सुनवाई 17 मार्च को निर्धारित की है। यह मामला जबलपुर निवासी अधिवक्ता अमिताभ गुप्ता की ओर से दायर किया गया है। जिसमें कहा गया है कि सरकार ने जून 2023 में नोटिफिकेशन जारी कर क्लोफेनिरामाइन तथा कोडिन से युक्त कफ सिरप पर प्रतिबंध लगा दिया था। इसके बावजूद भी ऐसे कप सिरप का उत्पादन जारी है। याचिका में कहा गया है कि ऐसे कफ सिरप का उत्पादन नशे के लिए किया जाता है। देश सहित प्रदेश के कई स्थानों में बड़ी संख्या में प्रतिबंधित सिरप पकड़े गये हैं। अधिसूचना के तहत इस तरह की गतिविधियों पर ड्रग कंट्रोलर, ड्रग इंस्पेक्टर तथा नारकोटिक्स कंट्रोल को मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी सौंपी गयी थी। अधिकारियों के द्वारा दायित्व का सही तरीके से परिपालन नहीं किये जाने पर प्रतिबंधित सिरप के उत्पादन जारी है।

**एक्शन टेकन रिपोर्ट पेश करने चार सप्ताह की मोहलत**

# जबलपुर में बने बख्तरबंद का जीआईएस में किया जाएगा प्रदर्शन

## 1500 किलो विस्फोट झेलने में सक्षम है एमपीवी, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में अपने नवाचारों को भी दिखाएगा वीएफजे

**जागरण, जबलपुर।** राजधानी भोपाल में 24 और 25 फरवरी को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया जाएगा, जिसमें न सिर्फ देश बल्कि विदेशों से भी उद्योगपति शामिल होंगे। इस समिट में केंद्रीय सुरक्षा संस्थान व्हीकल फैक्ट्री जबलपुर (वीएफजे) द्वारा निर्मित आधुनिक सुरंग रोधी व्हीकल भी अपनी तकनीक और शक्ति का प्रदर्शन करेगा।

वीएफजे द्वारा बनाई गई मॉडिफाई माइंस प्रोटेक्टिव व्हीकल (एमपीवी) इस समिट का मुख्य आकर्षण होगा। यह वाहन आतंकवाद और नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा बलों को विस्फोटक हमलों से बचाने में कारगर साबित होगी। जंगलों में होने वाले आईईडी धमाकों और अन्य घातक हमलों के प्रभाव को कम करने के लिए यह वाहन विशेष रूप से डिजाइन की गई है। इस समिट में वीएफजे के अलावा कई अन्य औद्योगिक और तकनीकी संस्थान अपनी नवीनतम तकनीक और नवाचारों का प्रदर्शन करेंगे। उद्योगपतियों के साथ निवेश के नए अवसरों पर चर्चा होगी, जिससे प्रदेश में औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। व्हीकल फैक्ट्री जबलपुर (वीएफजे) द्वारा निर्मित माइंस प्रोटेक्टिव व्हीकल (एमपीवी) भोपाल में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में अपनी ताकत और तकनीक का प्रदर्शन करेगा।



### एमपीवी की खासियत

**1500 किलो विस्फोटक झेलने की क्षमता :** वीएफजे के जनरल मैनेजर संजीव कुमार ने बताया कि इस वाहन को तैयार करने में लगभग तीन साल लगे हैं। यह इतना मजबूत है कि यदि 1500 किलो विस्फोटक के ऊपर से भी गुजर जाए, तो भी इसमें बैठे जवान सुरक्षित रहेंगे। इसमें स्पेशल ब्लास्ट प्रोटेक्शन शीट्स लगाई गई हैं, जिससे विस्फोट के बाद भी वाहन को नुकसान नहीं होता।

**35 सेकंड में 45 किमी की स्पीड :** इस वाहन में 15 से अधिक सैनिकों के बैठने की सुविधा है। यह पूरी तरह एयर कंडीशंड है और 35 सेकंड में 0 से 45 किमी प्रति घंटे की गति पकड़ सकता है। इसकी अधिकतम रफ्तार 85 किमी प्रति घंटा है। इसमें 260 एचपी का हैवी इंजन लगाया गया है और इसके 6 पहिए स्टीयरिंग से जुड़े हैं, जिससे यह कठिन इलाकों में भी आसानी से चल सकता है।

**जवाबी हमले के लिए गन पोर्ट्स :** एमपीवी में 360-डिग्री रियर व्यू कैमरा लगा है, जिससे सैनिक अंदर बैठे-बैठे ही चारों ओर निगरानी रख सकते हैं। इसमें ऊपर निकलने के लिए हैच मौजूद हैं और जवाबी कार्रवाई के लिए गन पोर्ट्स दिए गए हैं, जिससे सैनिक बिना वाहन से बाहर निकले ही हमला कर सकते हैं।

**एचडी नाइट विजन से लैस :** संजीव कुमार के अनुसार, यह सेना का पहला वाहन है, जिसमें एचडी नाइट विजन कैमरा लगा है। इसके चारों ओर रिमोट से ऑपरेट होने वाली लाइट्स भी लगी हैं, जिससे घने अंधेरे में भी दुश्मनों की हरकतों पर नजर रखी जा सके।

**ट्यूबलैस और बुलेटप्रूफ टायर :** इसकी सीटें जवानों को अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करती हैं। इसके टायर ट्यूबलैस और बुलेटप्रूफ हैं, जिससे गोली लगने के बावजूद यह वाहन 50 से 60 किलोमीटर तक चल सकता है। यह पूरी तरह से गोलीबारी से सुरक्षित है।

**पूरी तरह मेक इन इंडिया वाहन :** वीएफजे जबलपुर वर्षों से भारतीय सेना को भारी वाहन उपलब्ध करा रही है। यह एमपीवी पूरी तरह मेक इन इंडिया के तहत बनाया गया है। जल्द ही पड़ोसी देशों से इसके ऑर्डर मिलने की उम्मीद है। भारतीय सेना के पास अभी तक एमपीवी 4 बाय 4 था, जिसे अपग्रेड कर एमपीवी 6बाय 6 बनाया गया है।

**18,000 फीट ऊंचाई पर सफल परीक्षण :** हाल ही में इस वाहन का परीक्षण हिमालय की 18 हजार फीट ऊंची चोटी पर किया गया। वीएफजे के सीनियर ड्राइवर ने इसे जबलपुर से हिमालय तक चलाकर परीक्षण किया, जो पूरी तरह सफल रहा। कठिन परिस्थितियों में यह वाहन बिना क्रेन के खुद को बाहर निकाल सकता है, क्योंकि इसमें सेल्फ-रिकवरी सिस्टम लगाया गया है।

### ढाबों पर छलका रहे थे जाम, अमले को देख भागे तो दौड़कर पकड़ा

**भोपाल।** शहर के बाहर स्थित ढाबों और रेस्टोरेंट में बेखौफ होकर शराबखोरी की जा रही है। शनिवार को भी गांधी नगर और बैरागढ़ बायपास स्थित छह से ज्यादा ढाबों और रेस्टोरेंट पर शराब परोसी जा रही थी। इसी दौरान आबकारी अमले ने दबिश देकर खुले में शराब पी रहे लोगों को पकड़ा और प्रकरण दर्ज किए। कार्रवाई के दौरान कुछ युवतियां भी हुक्के के कश लगाते और जाम छलकाते मिलीं तो उन्हें सख्त हिदायत देकर जाने को कहा। इस दौरान अमले को देख कुछ जगहों पर भगदड़ मच गई, जिसके बाद भाग रहे लोगों को अमले ने दौड़कर पकड़ा और सभी छह ढाबों पर 23 से ज्यादा प्रकरण दर्ज किए और सभी होटल और क्लब संचालकों पर भी मामले दर्ज किए हैं। इसके पहले भी कई बार समझाइश के बाद होटल संचालक फिर से शराब और हुक्का परोसना शुरू कर देते हैं। वहीं इन क्लबों पर बड़ी संख्या में युवतियां और किशोर भी पहुंचने लगे हैं।

## साहित्य सृजन

### बन जाना



अगर लुभाना चाहे तो, तुम परियां बन जाना
अगर डुबाना चाहे तो, तुम दरिया बन जाना
बेगारों के मुँह पर यदि मुस्कान देखना है
रोजगार मिल जाए, तुम वह जरिया बन जाना
दिखे देश पर आंच, बनों तुम राणा का भाला
लो कर में भगवती, वीर केसरिया बन जाना
मिले सत्य को जीत, सारथी भी बन जाना तुम
हो अबला परित्यक्त,आप सांवरिया बन जाना
बेबस लाचारों या जिनका पैरोकार नहीं
`सरित' बेसहारों का तुम मुड़धरिया बन जाना

**सन्तोष पाण्डेय, गढ़**

----------------

### प्रेम दिवस



चलो आपको एक, कहानी सुनाता हूँ ।
वेलेंटाइन क्या है, ये बताता हूँ ।।
सबसे पहले आपको,
गुलाब दिया जाएगा ।
फिर अगले दिन प्रेम का,
प्रस्ताव किया जाएगा ।
फिर आ जाएगी,
चॉकलेट की वारी ।
प्यारे प्यारे टेडीबियर,
की होगी खरीददारी ।।
ऐसे ही आपसे,
वादा लिया जाएगा ।
आहिस्ता से प्रेम वाला,
आलिंगन किया जाएगा ।।
फिर आ जायेगी,
चुम्बन की बारी ।
अगले दिन मिलेंगे,
उपहार भारी भारी ।।
ऐसे ही वेलेंटाइन,
मनाया जाएगा ।
झूठा मूठा प्यार,
दिखाया जाएगा ।।
आप नादान हो,
कुछ नहीं जानते ।
इस प्रेम वाले जाल को
क्यों नहीं पहचानते ?
झूठे प्यार के लिए,
माँ का दिल मत दुखाना ।
कोई कितना भी लालच दे,
घर मत छोड़ जाना ।।
बाप की इज्ज़त को
यूं नीलम मत करना ।
फरेब की दुनियां में,
कदम मत धरना ।।
प्रेम करना है तो,
अपने वतन से करो ।
मां बाप की झोली,
खुशियों से भरो ।।

**शिवेन्द्र मिश्रा `प्रखर', रीवा**

--------------

### मातृ-पितृ पूजन दिवस



वेलेंटाइन डे नहीं,
मातृ-पितृ दिवस मनाना है।
पाश्चात्य सभ्यता त्यागे,
सनातन धर्म निभाना है।
प्रेम का इजहार
कोई बुराई नहीं।
अपितु अमर्यादित प्रेम में, कोई अच्छाई नहीं।
मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के हम अनयायी हैं।
संस्कारों पर प्रहार करें, वो आततायी हैं।
प्रेम वासना मुक्त, साधना स्वरूप है।
प्रेम उन्माद नही, आराधना अनुरूप है।
अश्लीलता-अशिष्टता, अपनी संस्कृति नहीं,
मर्यादाओं को तोड़ना, अपनी प्रवृत्ति नहीं।
धर्मो रक्षति रक्षितः, चरितार्थ करना होगा,
मात-पिता के चरणों मे, नित शीश झुकाना होगा।

**बुद्धसेन शर्मा, मऊगंज**

---------------------

### इम्तिहान




परीक्षा एक अवसर है इससे
ना घबराओ तुम!
इम्तिहान को किसी उत्सव
जैसा बनाओ तुम!!
मंजिलें भी सिर झुका देंगी जब
दमदार तैयारी होगी!
मुट्ठी में होगा मुकद्दर जब किताबों संग यारी होगी!!
बड़े आराम से ये भी इम्तिहान पार हो जाएगा!
कुछ इस तरह से अपना सपना साकार हो जाएगा!!
हर पल तैयार रहना हर एक इम्तिहान के लिए!
जरूरी है ये बनाने को अपनी पहचान के लिए!!
घबरा जाये जो चुनौतियों से वो भी कैसा इंसान!
जीना सिखाये जो बुरे वक्त में वही असल इम्तिहान!!
कोई फर्क नहीं पड़ता अगर दिल में है कोई अरमान!
डरना क्या जिन्दगी में हुए होंगे कई इम्तिहान!!
सफल होंगे हम हर हाल में खुद से ये वादा करो!
विश्वास छूटे नहीं हिम्मत टूटे नहीं दृढ़ इरादा करो!!
परीक्षा एक अवसर है इससे ना घबराओ तुम!
इम्तिहान को किसी उत्सव जैसा बनाओ तुम!!

**बीडी मिश्रा, रीवा**

----------------------

### पुराने लोग



सपनों की तरह सुहाने लोग
अच्छे बहुत थे पुराने लोग
चाहे मानें या ना मानें लोग
पहले होते थे दीवाने लोग
उनके बारे में भी बातें हो
उनके बारे में भी जाने लोग
दिल का हाल जान लेते थे
पहले बातचीत के बहाने लोग
वो सिद्धांत तथ्यों से प्रमाणित है
जो बात कह गए सयाने लोग

**रोहित पाठक, ग्राम पांती गुढ़**

### अम्मा



पढ़िस एक्कव नही अम्मा!
पै मन का बांचि लेथी।
लिखिस एक्कव नहीं अम्मा!
पै सबका जांचि लेथी।
जबई परदेश निकरी थे!
छुपुक के खूब रोबथी!
नजरि लगाय न दादू का!
काजर आंजी देथी !
लिहिस एक्कव नहीं अम्मा!
सब कुछ बांटि देथी ।
दिहिस एक्कव नही अम्मा!
बला सब छांटि लेथी !
निर्जल पुन्नमासी अउर,
हरछठि सब उपासथी।
दादू के डीठ टोना कष्ट
सगला काटि लेथी ।

**ललित पांडे `विंध्यपुत्र'**

# स्वर्गीय भैयालाल शुक्ल स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच आज



**नईगढ़ी, नि.प्र.।** स्वर्गीय श्री भैयालाल शुक्ल स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट ढेरा स्टेडियम में खेले जा रहा है जहां शनिवार को 2 मैच हुए, जिसमें पहले मुकाबले में एमपी बिल्डर रीवा एवं डीसीए के बीच मैच हुआ। जिसमें डीसीए की टीम विजयी हुई, वहीं दूसरे मुकाबले सिंगरौली और तमरी के बीच रोमांचक मैच में तमरी ने जीत हासिल कर दी फाइनल में जगह बनाई, इस मुकाबले मुख्य अतिथि के रूप में अगस्त क्रान्ति मंच के संयोजक और नईगढ़ी जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि कुंजबिहारी तिवारी रहे एवं भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता अमिय शुक्ला (ममल दादा) की अध्यक्षता एवं डीसीए सचिव सनत शुक्ला मोनू जी के उपस्थिति मे कार्यक्रम सफल हुआ।

## आज उप मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में होगा समापन

स्वर्गीय श्री भैया लाल शुक्ल स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट ढेरा के 10वें सीजन 2025 का भव्य समापन फाइनल मैच आज 12.30 बजे दोपहर से फाइनल मैच खेला जाएगा जिसके मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल होंगे। स्वर्गीय श्री भैया लाल शुक्ल स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजकों द्वारा आमजन से अधिक से अधिक संख्या अपनी उपस्थिति दर्ज़ करवा के फाइनल मुकाबले का आनन्द लेने और खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने का अनुरोध किया गया है।

# फरियादी सरपंच ने आईजी को आवेदन सौंपकर की निष्पक्ष जांच की मांग

## ग्राम पंचायत जोन्हा में गाली गलौज एवं मारपीट का है मामला



**जवा ब्यूरो।** ग्राम पंचायत जोन्हा के सरपंच धनेंद्र द्विवेदी ने पुलिस महानिरीक्षक रीवा संभाग को आवेदन देकर अपने साथ हुई मारपीट की घटना की वरिष्ठ अधिकारियों से जांच कराकर न्याय की गुहार लगाई है। इस संबंध में फरियादी धनेंद्र द्विवेदी द्वारा बताया गया कि वह 9 फरवरी को रात्रि 9 बजे अपने गृह ग्राम जोन्हा जा रहा थे कि मोहरा मोड़ से जोन्हा जाने वाली प्रधानमंत्री ग्राम सड़क की बीच सड़क में जेसीबी मशीन लगाकर खुदाई कर सड़क को नष्ट किया जा रहा था।

### सड़क खोदने का विरोध करने पर की मारपीट

सरपंच द्वारा जेसीबी चालक से सड़क न खोदने के मना किया तो पास में ही बैठे नरेन्द्र सिंह, शिवम् सिंह, अनुराग सिंह गाड़ी का ड्राइवर सहित अन्य लोग प्रार्थी को मां बहन की गाली देने तथा मना करने पर मारपीट करने के आरोप लगाए गए हैं। सरपंच का आरोप है कि नरेंद्र सिंह द्वारा सरिया से सिर पर मारा व अन्य लोगों द्वारा सरपंच पर लाठी डंडे से मारपीट की गई। लोगों के बीच बचाव करने पर जान बचाकर भागा व थाने पहुंचने पर रिपोर्ट तक नही लिखी जा रही थी। किसी तरह से रिपोर्ट दर्ज की गई तो सिर्फ नरेंद्र सिंह की जबकि उक्त घटना में आधा दर्जन से ज्यादा लोगों द्वारा सरपंच साथ मारपीट की गई। राजनीतिक दबाव के चलते मार-पीट में शामिल अन्य आरोपियों का एफआईआर में नाम तक दर्ज नही किया गया है। सरपंच का कहना है कि उनकी जान को खतरा बना हुआ है अतः वरिष्ठ अधिकारियों से निष्पक्ष जांच कराकर प्रार्थी के साथ मारपीट करने वाले अन्य आरोपियों के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग करते हुए न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।

## हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने दिव्य आयोजन संपन्न

**चाकघाट।** हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने के संकल्प अभियान के तहत संस्कारधानी जबलपुर में गत दिवस विशाल हिंदी महाकुंभ का आयोजन किया गया। हिंदी महाकुंभ में भारत के 16 राज्यों के 160 कवि-कवियित्रियों द्वारा हिन्दी पर केन्द्रित एक से बढ़कर एक रचनाएँ जो राष्ट्रभाषा बनाने के समर्थन में रची-पढ़ी गयीं। राष्ट्रीय प्रेरणा हिन्दी प्रचारिणी सभा राष्ट्रीय मुख्यालय, आयोजक कवि संगम त्रिपाठी, संयोजन सशक्त हस्ताक्षर परिवार सहित संस्थापक गणेश श्रीवास्तव प्यासा का प्रयास सराहनीय रहा । माँ सरस्वती की प्रतिमा के पूजन-अर्चन उपरांत वंदना तरूणा खरे ने की । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अटल विश्व हिंदी संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष, धर्म प्रकाश बाजपेई रहे जबकि अध्यक्षता महामहोपाध्याय आचार्य डॉ. हरिशंकर दुबे, ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में साध्वी अरून्धती गिरि की गरिमामय उपस्थिति रही। इस अवसर पर श्री जानकी रमण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी,मंचमणि राजेश पाठक प्रवीण को सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में पाथेय से कवि संगम त्रिपाठी,गणेश श्रीवास्तव प्यासा सहित सशक्त हस्ताक्षर के पदाधिकारियों का सम्मान किया। संतोष नेमा संतोष मंथन श्री ने कवि संगम त्रिपाठी का सम्मान किया।

## ग्रामीण क्षेत्रों में गंदगी का अंबार

**गंगेव, नि.प्र.।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए सरकार द्वारा पंचायतों को ई-रिक्शा कचरा वाहन उपलब्ध कराए गए हैं। लेकिन ग्राम पंचायत गढ़, जनपद पंचायत गंगेव, जिला रीवा में इन वाहनों का सही उपयोग नहीं किया जा रहा है। इसका नतीजा यह है कि सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी का अंबार लगा हुआ है और पंचायत क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।

**सार्वजनिक स्थलों पर लगे कचरे के ढेर :** ग्राम पंचायत गढ़ में प्राथमिक विद्यालय बालक, हायर सेकेंडरी स्कूल, बस स्टैंड, पुरानी राष्ट्रीय राजमार्ग-27 के किनारे सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर कचरे के ढेर लगे हुए हैं। यह न केवल स्वच्छता मिशन के उद्देश्यों को विफल कर रहा है, बल्कि आम नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए भी खतरा बनता जा रहा है। खुले में पड़े कचरे से दुर्गंध, मच्छरों और बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है।

# सपा को बूथ स्तर पर मजबूत करने का लिया संकल्प

## समाजवादी पार्टी ने डभौरा में लगाई पीडीए कार्यशाला



**सिरमौर।** सिरमौर विधानसभा के डभौरा मे दो दिवसीय पीडीए कार्यशाला के सयोजक प्रदेश सचिव सपा जगदीश सिंह यादव ने विधानसभा सिरमौर के कार्यकर्ताओं की पहली बार कैडर बेस कार्यशाला का आयोजन किया। मुख्य अतिथि एड शिव सिंह पटेल राष्ट्रीय सचिव रहे। अध्यक्षता अमरेश पटेल जिला अध्यक्ष रीवा ने की। विशेष आमंत्रित संगठन के युवजन सभा के राष्ट्रीय सचिव राकेश कुमार यादव सपा सचिव संतकुमार पटेल सपा सचिव राजमणि यादव प्रदीप वंसल उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति उषा सिंह यादव पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामकिशोर आदिवासी विधानसभा अध्यक्ष सिरमौर शिवनाथ यादव सपा विधानसभा अध्यक्ष रीवा जवाहर लाल पाल अध्यक्ष सपा जवा शिव बहादुर साहू पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ अध्यक्ष जवा राजेश यादव मऊगंज मयंक सिंह ज्वाला सिंह ने संविधान मुताबिक पीडीए के पक्ष में लड़ाई का ऐलान किया। संगठन को गांव पोलिंग स्तर पर खड़ा करने की रणनीति तैयार की गई। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सचिव एड शिव सिंह पटेल ने कहा समाजवादी पार्टी ही देश की एक ऐसी पार्टी है जो पिछड़ों दलितों आदिवासियों अल्पसंख्यक किसान मजदूर महिलाओं नौजवान छात्र बेरोजगारों और कर्मचारियों की आवाज उठाने का काम सदन में सपा सुप्रीमो अखिलेश सिंह यादव ने किया। समाजवादी पार्टी पूरे देश मे संविधान के सम्मान मे पीडीए यात्रा और चौपाल कार्यशाला कर पार्टी के मिशन को आगे बढ़ाने के लिए पोलिंग बूथ स्तर पर काम कर रही है। किसान मजदूर के दम पर देश चलता है लेकिन आज किसान और मजदूर की हालत बहुत दयनीय होती जा रही है। मध्यप्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने पार्टी मे संगठन और ईमानदार कार्यकर्ता तैयार करना होगा। जगदीश सिंह यादव प्रदेश सचिव ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनोज यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी को हर गांव मे एक संविधान यात्रा कर पीडीए चौपाल लगाकर गांव में यात्रा कर उनके हक अधिकारों के लिए आवाज उठाकर सपा की सरकार बनाने के लिए संगठन को खड़ा करने का लक्ष्य बनाया गया है। सपा जिला अध्यक्ष अमरेश पटेल युवजन के राष्ट्रीय सचिव राकेश कुमार यादव प्रदेश सचिव संतकुमार पटेल राजमणि यादव अनुसूचित जाति उपाध्यक्ष प्रदीप बंसल ने कहा कि रीवा सिरमौर से पीडीए कार्यशाला शुरू की गई है जिसे पूरे मध्य प्रदेश में समाजवादी पार्टी जारी रखेगी । सभी ने एक साथ समाजवादी पार्टी को हर बूथ स्तर पर मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यशाला में लगभग डेढ़ सौ बूथ के कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला में सभी कार्यकर्ता अपने-अपने घरों से भोजन सामग्री लेकर पहुंचे और एक साथ सभी ने भोजन किया। यही सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।

# सरपंच-सचिव पर लगे नाली की सफाई नहीं कराने के आरोप



## ग्रामीणों ने नाली की सफाई व पुर्ननिर्माण कराये जाने की मांग

**सोहागी, नि.प्र.।** जनपद पंचायत त्योथर अंतर्गत ग्राम पंचायत राजापुर वार्ड नंबर दस सफाई व पुर्ननिर्माण न होने की वजह से गंदगी से पट जाने की वजह से घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़क में भर जाने से लोगों को आने जाने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। आम रास्ते में कीचड़ जमा होने के कारण यहां से निकलने वाले लोग और स्कूली बच्चों के कपड़े खराब हो जाते हैं। कई बार छात्र यहां फिसलकर गिर जाते हैं। जिससे गणवेश और बस्ते में रखी किताबें आदि खराब हो जाती हैं। ग्रामवासियों को इसी गंदे पानी को पार कर निकलने को मजबूर होना पड़ता है। इस समस्या को लेकर ग्रामवासी परेशान हैं। स्थानीय लोगों ने कई बार इस समस्या की ओर लिखित व मौखिक रुप से सरपंच व सचिव का ध्यान आकर्षित कराया किन्तु वर्तमान सरपंच व सचिव द्वारा उक्त वार्ड में स्थित नाली की सफाई व पुर्ननिर्माण का कार्य नहीं हो सका।

### गंदे पानी से फैल रही है बदबू

नाली की सफाई व पुर्ननिर्माण न होने से जगह - जगह गंदे पानी का भराव होने से मच्छर पनप रहे हैं। मच्छर बढ़ने से संक्रामक बीमारी फैलने का खतरा रहता है। साथ ही गंदे पानी से चारों ओर बदबू फैलती है। बताया गया है कि दिनेश उपाध्याय के घर से टमस नदी तक जाने वाले मार्ग में पच्चीस वर्ष पूर्व तत्कालीन सरपंच द्वारा नाली का निर्माण कराया गया था। वर्तमान समय में ग्राम पंचायत का मजरा होने के कारण कचरा गांव उपेक्षित है। कचरा गांव में मुख्य मार्ग पर कचरा जमा है। स्थानीय लोगों ने समाचार पत्र में प्रकाशित समाचार के माध्यम से एसडीएम व सीईओ जनपद पंचायत त्योथर से ग्राम पंचायत राजापुर के वार्ड दस में स्थित उक्त नाली की सफाई व पुर्ननिर्माण कराये जाने हेतु निर्देशित करने की मांग की है।

## राम सहोदर राजू बने अखिल भारत हिंदू महासभा के मंडल अध्यक्ष



**आंचलिक डेस्क।** अखिल भारत हिंदू महासभा के रीवा जिला अध्यक्ष लालजी पांडे द्वारा राम सहोदर राजू मिश्रा को सेमरिया मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। बताया गया है कि श्री मिश्रा को मंडल अध्यक्ष बनाने में महासभा के प्रदेश प्रवक्ता एवं प्रभारी दीपक तिवारी की अनुशंसा रही है। सेमरिया मंडल अध्यक्ष बनने पर श्री मिश्रा ने खुशी जाहिर करते हुए राष्ट्रीय महासचिव, प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश महामंत्री, प्रदेश संगठन मंत्री, एवं जिले के पदाधिकारियों का आभार व्यक्ति किया। अखिल भारत हिंदू महासभा प्रदेश उपाध्यक्ष बीपी पटेल, रीवा जिला सचिव बृजेश दुबे, जिला संयोजक सोमदत्त मिश्रा, जिला अध्यक्ष लालजी पांडे ने श्री मिश्रा को शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि संगठन को मजबूती प्रदान करने सनातन धर्म की रक्षा, गौरक्षा हिंदुओं की रक्षा तथा उनके मठ मंदिरों की रक्षा व युवाओं को धार्मिक धाराओं में मोड़ने का कार्य किए जाने की आवश्यकता है।

# ठेकेदार पर बरात घर का निर्माण घटिया सामग्री से करने के आरोप

## रेत की जगह मिलाया जा रहा डस्ट

**नईगढ़ी, नि.प्र.।** नगर परिषद के अधिकारियों की मिलीभगत से निर्माण कार्यों में जमकर धांधली करने के अरोप स्थानीय लोगों द्वारा लगाया गया है। नगर के वार्ड 08 में बरात घर का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस कार्य में जमकर मनमानी की जा रही है । स्थानीय निवासी सुमन पटेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार दिनेश मिश्रा उर्फ लालू के द्वारा नगर परिषद में बस स्टैंड का निर्माण जो अभी आधा अधूरा पड़ा है और वार्ड 9,10,11,13,14 में पीसीसी सड़क का निर्माण भी डस्ट से ही कराया गया है वो सड़के उखड़ रही है ।

### 1 करोड़ 47 लाख रुपए की राशि होगी खर्च

नगर परिषद के द्वारा बरात घर का निर्माण किया जाना है। जिसमे निकाय की 1 करोड़ 47 लाख रुपए की राशि खर्च होगी। निर्माण कार्य में ठेकेदार दिनेश मिश्रा उर्फ लालू के द्वारा लगातार धांधली बरतने के आरोप लगाए गए हैं। जिससे यह निर्माण कार्य गुणवत्ता विहीन हो रहा है। यह पूरा का पूरा कार्य सीएमओ और उपयंत्री की मिलीभगत और उनके सह पर किया जा रहा है। हास्यपद बात ये है कि इतना बड़ा काम चल रहा है परंतु किसी को नहीं पता कि निर्माण स्थल पर बालू की जगह पर डस्ट गिराया जा रहा है।

### नगर परिषद के सीएमओ पर भी उठे सवाल

नगर परिषद के सीएमओ, उपयंत्री और अध्यक्ष की मिलीभगत से ही ठेकेदार दिनेश मिश्रा उर्फ लालू के द्वारा धांधली युक्त कार्य करवाया जा रहा है। यह जिम्मेदार अधिकारियों को तनिक भी फर्क नही पड़ रहा है। कार्य शुरू होने से लेकर अभी तक न तो इसका उपयंत्री के द्वारा निरीक्षण किया गया है और न ही अभी तक किसी जनप्रतिनिधि ने इसका निरीक्षण कर जायजा लिया। यह स्पष्ट शब्दों में कहें तो इन सभी लोगों ने मौन स्वीकृति देकर कार्य को आरंभ करवाया हैं।

## रोजगार सहायक ने पिता की पुण्यतिथि पर साथियों सहित किया रक्त दान

**बड़ी हर्दी, नि.प्र.।** सिरमौर के ग्राम बेलवा के रोजगार सहायक दिलीप शुक्ला व उनके साथी कररिया रोजगार सहायक योगेद्र सिंह व खैरहन रोजगार सहायक अनिल सिंह ने उनके पिता स्व. राम गोपाल शुक्ला के पुण्यतिथि पर एक अभिनव पहल करते हुए, संजय गांधी जिला चिकित्सालय, रीवा, ब्लड बैंक पहुंचकर सामाजिक चेतना का संदेश देते हुए रक्तदान कर, पिता के बताए संस्कारों, सामाजिक हितों के रास्ते पर जीवन पर्यन्त चलने का संकल्प लिया। रक्तदान के दौरान 20 बार रक्तदान कर चुके खैरहन सरपंच व भरोशा सेवा समिति अध्यक्ष रजनीश कुशवाहा ने रक्तदाताओं के साथ ब्लड बैंक जाकर रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते हुई सराहना की है।

## कमांडो अरुण गौतम ने अनुविभागीय अधिकारी को किया सम्मानित

**ब्यूरो।** रीवा जिले की त्योंथर तहसील प्रयागराज में लगें महा कुम्भ के सभी पर्वों पर गंगा स्नान को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ के कारण प्रयागराज के आस-पास के सभी जिलों में जाम की स्थिति उत्पन्न हुई। चाकघाट वार्डर पर जिले की सीमा समाप्त होती है। जहां पर ऐसा भी दृश्य देखने को मिला कि सम्पूर्ण उत्तर भारत और दक्षिण भारत प्रयागराज में आ गया हो व्यवस्थाएं चुस्त दुरुस्त हो ऐसे में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व संजय जैन और उनकी पूरी टीम अपने दायित्वों के निर्वहन में मुस्तैदी के साथ लगी रही और क्षेत्रीय जन-मानस के साथ-साथ सभी जनप्रतिनिधियों ने कुम्भ मेला में जाने वाले श्रद्धालुओं को लंच पैकेट से लेकर सभी सुविधाएं देने में अपना अहम योगदान दिया। कांग्रेस नेता कमांडो अरुण गौतम द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व संजय जैन को सप्त दशी घोड़ो की पेंटिंग भेंट कर सम्मानित कर एवं उन्हें बधाई देते हुए सफल आयोजन के साथ-साथ पूरी टीम को भी बधाई दिया। बताया जाता है कि सप्त दशी घोड़ो की पेंटिंग शक्ति और सफलता का प्रतीक माना जाता है ,जो जन चर्चा का भी विषय बना हुआ है ।

## 157 लोगों का हुआ नि:शुल्क नेत्र परीक्षण

**नौवस्ता, निप्र।** रीवा जिले के अल्ट्राटेक बेला सीमेंट कंपनी के द्वारा बेला शासकीय विद्यालय परिसर में नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि आनंद पाठक एवं शिव संतारा ने संयुक्त रूप से रहे। वही शिविर नेत्र चिकित्सक के द्वारा बेला गांव के ग्रामीण सहित विद्यालय के छात्रों ने आंखों की जांच की गई, इस मौके पर उन्हें नि:शुल्क आई ड्रॉप सहित दवाइयां वितरित की गई। बताया गया है कि शिविर में 157 लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया।

## मध्येपुर स्कूल में शौचालय सहित चेक डैम का निर्माण कार्य शुरू

**नौवस्ता, निप्र।** अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड की बेला इकाई के द्वारा अपने सीएसआर मद से शासकीय विद्यालय मध्येपुर में शौचालय भवन का जीर्णोद्धार कार्य शुरू कराया गया है। निर्माण एजेंसी के द्वारा कार्य को शुरू कराया गया है विद्यालय में करीब 150 छात्र छात्राएं अध्यनरत है। विद्यालय में बच्चों के लिए फर्नीचर, स्कूल बैग वितरण, पौधरोपण, हैंडपंप रिपेयरिंग, मेडिकल कैंप जैसे अन्य कार्य कराती रहती है, विगत वर्ष पूर्व में शासकीय माध्यमिक विद्यालय मध्येपुर के विद्यालय भवन का जीर्णोद्धार कार्य कराया गया था, जिसमें टाइल्स, रंग रोशन, खिड़की व बाउंड्री वॉल की ऊंचाई बढ़ाने का कार्य कराया गया था, लेकिन शौचालय का कार्य नहीं हो पाया था। सीएसआर मद के तहत ही करियारी नदी में चेक डैम का निर्माण कार्य भी कराया जा रहा है, जो कि निर्माण एजेंसी को दिया गया है, जिसका निर्माण कार्य भी शुरू हो चुका है।



## सामूहिक कन्या विवाह का आयोजन 23 फरवरी को

**मऊगंज ब्यूरो।** जिले के मऊगंज जनपद में शासन द्वारा 06 फरवरी को सामूहिक कन्या विवाह / निकाह की तिथि सुनिश्चित की गई थी किंतु कतिपय कारणों से निरस्त किया गया है अब 23 फरवरी को कन्या सामूहिक विवाह की तारीख सुनिश्चित की गई है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद राम कुशल मिश्रा द्वारा यह जानकारी दी गई है । शेष पात्र हितग्राहियों के आवेदन 17 फरवरी तक स्वीकार किये जाएंगे। इसके पूर्व 237 आवेदन जमा किए गए हैं । नई तारीख आने के बाद अब नए आवेदन फिर से स्वीकार किया जा रहे हैं ताकि पात्र हितग्राही फिर से आवेदन कर सके और इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ ले सकें।

# एनसीसी कंपनी पर घर गिराकर बेघर करने के लगे आरोप



## फरियादी ने आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग

**अतरैला नि.प्र.।** पुलिस थाना अतरैला ग्राम कोटवा निवासी रमाकांत साकेत पिता रामगोपाल साकेत ने जिला कलेक्टर रीवा एसडीएम जवा सहित थाना प्रभारी अतरैला को आवेदन देकर एनसीसी कंपनी द्वारा जबरन जेसीबी से घर गिराये जाने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की है। इस संबंध में पीड़ित का कहना है कि मैं रमाकांत साकेत अनुसूचित जाति का हूं मैं अपने पुस्तैनी घर में परिवार के साथ रह रहा था कि अचानक एनसीसी कंपनी के द्वारा मेरा घर गिरवा दिया गया जिससे मैं बेघर हो गया हूं व मेरे एवं बच्चों के रहने के लिए घर तक नही है अतः प्रार्थी को शासकीय जमीन उपलब्ध कराकर आवास योजना का लाभ दिलाने की गुहार जिला कलेक्टर रीवा से करते हुए आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

## मैदान से हटकर

# ललित मोदी ने वैलेंटाइन डे पर नई गर्लफ्रेंड के साथ शेयर की फोटो



आईपीएल के संस्थापक और पूर्व चेयरमैन ललित मोदी ने एक्ट्रेस और पूर्व मिस वर्ल्ड सुष्मिता सेन के साथ अपने कुछ समय के रिलेशनशिप को लेकर सुर्खियां बटोरीं। हालांकि, थोड़े समय के बाद ही यह रिश्ता टूट गया। अब, वैलेंटाइन डे के मौके पर ललित मोदी ने खुलासा किया कि वह एक बार फिर प्यार में हैं। इंस्टाग्राम पर उन्होंने अपनी गर्लफ्रेंड के साथ एक वीडियो मोंटाज शेयर किया। हालांकि ललित ने अपनी लेडी लव का नाम नहीं बताया, लेकिन उन्होंने उसके साथ कई तस्वीरें शेयर कीं, जिससे पता चला कि उनकी 25 साल की दोस्ती अब रिश्ते में बदल गई है। अपनी गर्लफ्रेंड के साथ वीडियो मोंटाज शेयर करते हुए ललित ने लिखा, मैं दो बार भाग्यशाली रहा। जब 25 साल की दोस्ती प्यार में बदल गई। आप सभी के साथ भी ऐसा हो। आप सभी को हैप्पीवेलेंटाइन डे। वीडियो क्लिप में कपल के प्यारे पलों और साथ में बिताए खूबसूरत समय की झलक दिख रही है। जैसे ही ललित ने वीडियो शेयर किया, फैंस ने कमेंट सेक्शन में खूब प्यार लुटाया। वहीं इससे पहले 2022 में ललित मोदी ने सोशल मीडिया पर आकर हलचल मचा दी थी, जब उन्होंने खुलासा किया कि वह सुष्मिता सेन के साथ रिश्ते में हैं। ललित मोदी ने मालदीव की छुट्टियों से अपनी और सुष्मिता की कई तस्वीरें शेयर की थीं। (जेएनएन)

# भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी के लिए दुबई पहुंची, रोहित और कोहली पर होगी नजर

**मुंबई, जेएनएन।** सफेद टी-शर्ट और काली ट्रैक पहने रोहित शर्मा जब शनिवार को यहां चैंपियंस ट्रॉफी के लिए दुबई रवाना होने के लिए अपनी कार से उतरे तो छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के प्रवेश द्वार के पास इंतजार कर रहे प्रशंसकों ने जोर-जोर से रोहित भाई और रोहित सर कहकर उनका ध्यान अपनी तरफ खींचा। भारतीय कप्तान मुस्कुराते हुए प्रस्थान लाउंज में अपने साथियों की ओर बढ़े। मुख्य कोच गौतम गंभीर, उप-कप्तान शुभमन गिल और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली सहित टीम के अधिकतर सदस्य टीम बस में हवाई अड्डे पहुंचे। इनमें से कुछ खिलाड़ियों ने कुछ प्रशंसकों को ऑटोग्राफ देकर या हाथ हिलाकर उनका आभार व्यक्त किया। भारतीय टीम पिछले साल जून में टी20 विश्व कप जीतने के बाद एक और वैश्विक ट्रॉफी हासिल करने की उम्मीदों के बीच आगामी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए दुबई के लिए दोपहर की उड़ान में सवार हो गई।

**बिना बुमराह के चैंपियंस ट्रॉफी में खेलेगी टीम इंडिया :** भारतीय टीम स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बिना चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने के लिए गई है। बुमराह चोटिल होने के कारण इस टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। भारत लीग चरण में अपना पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगा जबकि 23 फरवरी को उसका सामना चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान से होगा। भारत अपना आखिरी लीग मैच दो मार्च को न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलेगा। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम ने हाल ही में अपनी घरेलू धरती पर इंग्लैंड के खिलाफ तीनों मैच जीते थे जिससे प्रशंसकों और टीम का आत्मविश्वास बढ़ा है। मुंबई हवाई अड्डे पर इकट्ठे हुए समर्थक उम्मीद कर रहे होंगे कि रोहित और कोहली के नेतृत्व में ये दिग्गज एक और जीत हासिल करेंगे जैसा कि उन्होंने पिछले साल वेस्टइंडीज में किया था।



### स्टार बल्लेबाजों से है उम्मीद

भारत को अगर चैंपियंस ट्रॉफी में टी20 विश्व कप की कहानी दोहरानी है तो उसके दोनों स्टार बल्लेबाज रोहित और कोहली को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। टेस्ट क्रिकेट में विफल रहने के कारण इन दोनों को हाल में आलोचनाओं का सामना भी करना पड़ा। इंग्लैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला में इन दोनों ने हालांकि फॉर्म में वापसी करने के संकेत दिए। रोहित ने कटक में खेले गए दूसरे वनडे में 90 गेंद पर 119 रन बनाए जबकि कोहली ने अहमदाबाद में तीसरे वनडे में अर्धशतक लगाया था।

### रोहित पर्सनल कार से पहुंचे एयरपोर्ट

बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के बाद बीसीसीआई ने भारतीय खिलाड़ियों के लिए कुछ दिशा-निर्देश जारी किए थे, जिसमें एक नियम यह था कि सभी खिलाड़ियों को एक साथ टीम बस में ट्रैवल करना था। मगर रोहित के मुंबई एयरपोर्ट पर्सनल कार से पहुंचने पर फैंस सवाल उठा रहे हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में टीम इंडिया अपने अभियान का आगाज 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ करेगी, वहीं चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से उनका मुकाबला 23 फरवरी को होगा।

### कोहली को 14000 रन बनाने का मौका

कोहली को वनडे इतिहास में 14,000 रन बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज बनने के लिए 37 रन की जरूरत है, जबकि रोहित 11,000 रन पूरे करने वाले 10वें बल्लेबाज बनने से केवल 12 रन दूर हैं। लेकिन ट्रॉफी के बिना इन आंकड़ों पर कोई गौर नहीं करेगा। भारतीय टीम में शामिल कुछ युवा खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करके अपनी जगह मजबूत करना चाहेंगे। उप कप्तान गिल अपनी शानदार फॉर्म जारी रखकर उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपने के चयन समिति के फैसले को सही साबित करना चाहेंगे। चोट के कारण बुमराह की अनुपस्थिति अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा जैसे खिलाड़ियों के लिए यह एक अवसर है, जबकि वरुण चक्रवर्ती साबित करना चाहेंगे कि वह टीम के मारक हथियार हैं।

## आईसीसी वनडे रैंकिंग

# चैंपियंस ट्रॉफी से पहले टीम इंडिया शीर्ष पर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** ट्राई सीरीज के फाइनल में पाकिस्तान को 5 विकेट से रौंदने के बाद न्यूजीलैंड को लेटेस्ट आईसीसी वनडे रैंकिंग में बंपर फायदा हुआ है। चैंपियंस ट्रॉफी से पहले यह कीवी टीम के हौसले बुलंद करने में मदद करेगा। 243 रनों के लक्ष्य का पीछा न्यूजीलैंड ने डेरिल मिशेल (57) और कप्तान टॉम लेथम (56) के अर्धशतकों के दम पर 45.2 ओवर में आसानी से किया। हालांकि न्यूजीलैंड के गेंदबाज ने न्यूजीलैंड की जीत का मंच तैयार किया। तेज गेंदबाज विल ओरुरके ने शानदार प्रदर्शन किया, जिन्होंने 9.3 ओवर में 43 रन खर्च कर चार विकेट चटकाए और पाकिस्तान को 250 से कम के स्कोर पर रोका। विजडन के अनुसार ट्राई सीरीज जीतने के बाद न्यूजीलैंड की आईसीसी वनडे रैंकिंग में रेटिंग 100 से बढ़कर 105 हो गई, जिससे टीम चौथे स्थान पर पहुंच गई है। फाइनल हारने के बाद पाकिस्तान 107 की रेटिंग के साथ तीसरे स्थान पर खिसक गया। ट्राई सीरीज के अलावा ऑस्ट्रेलिया को श्रीलंका के खिलाफ 0-2 से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बाद उनके खाते में 110 रेटिंग रह गई है। वर्ल्ड चैंपियन टीम इस समय दूसरे पायदान पर है।

**टीम इंडिया टॉप पर कायम :** वनडे क्रिकेट में भारतीय टीम का दबदबा जारी है। वहीं रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम इंडिया ने हाल ही में इंग्लैंड को वनडे सीरीज में 3-0 से रौंदा था आईसीसी की ताजा वनडे रैंकिंग में टीम इंडिया 119 रेटिंग के साथ शीर्ष पर बनी हुई है।

## खेल एक नजर

# फिरोजा से हारकर अंतिम स्थान पर रहे डी गुकेश

**हैम्बर्ग (जर्मनी), जेएनएन।** विश्व चैंपियन डी गुकेश यहां फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम में सातवें स्थान के प्लेऑफ मैच की दूसरी बाजी में ईरानी मूल के फ्रांसीसी खिलाड़ी अलीरेज़ा फिरोजा से हारकर अंतिम स्थान पर रहे। गुकेश इस तरह से इस टूर्नामेंट में एक भी जीत हासिल नहीं कर पाए और उनके अभियान का निराशाजनक अंत हुआ। गुकेश और फिरोजा के बीच पहली बाजी ड्रॉ रही थी। भारतीय खिलाड़ी दूसरी बाजी सफेद मोहरों से खेल रहा था लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाए और 30 चाल तक चली बाजी में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इस बीच जर्मनी के विंसेंट कीमर ने अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए खिताब जीता। उन्हें टूर्नामेंट के शुरुआत में सबसे कमजोर खिलाड़ी माना जा रहा था। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को टूर्नामेंट से पहले खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा था लेकिन आखिर में उन्हें तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। टूर्नामेंट में भाग ले रहे खिलाड़ियों की अंतिम स्थिति इस प्रकार रही। 1. विंसेंट कीमर; 2. फैबियानो कारुआना; 3. मैग्नस कार्लसन; 4. जावोखिर सिंदारोव; 5. हिकारू नाकामुरा; 6. नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव; 7. अलीरेज़ा फिरोज़ा; 8. डी गुकेश।



# आरसीबी के कप्तान रजत के पिता बोले- सचिन से सीखी टीम स्पिरिट

**इंदौर, जेएनएन।** इंदौर के रजत पाटीदार रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु (आरसीबी) फ्रेंचाइजी के आठवें कप्तान बने हैं। 2008 से शुरू हुए आईपीएल में यह टीम तीन बार 2009, 2011 और 2016 में फाइनल में पहुंची लेकिन एक बार भी चैंपियन नहीं बन सकी। पिछले तीन साल से फाफ डूप्लेसिस और उसके पहले विराट कोहली भी कप्तान रह चुके हैं, लेकिन टीम एक बार भी ट्रॉफी नहीं उठा सकी। 2025 के आईपीएल में आरसीबी रजत के भरोसे गोल्ड मैडल उठाने की रणनीति बना रही है। दरअसल कप्तानी के बारे में रजत को पिछले आईपीएल खत्म होने के बाद ही इशारा कर दिया गया था। तब रजत ने टीम मैनेजमेंट से कहा था कि पहले मैं स्टेट टीम की कप्तानी करना चाहूंगा। इसके बाद रजत ने मप्र स्टेट टीम की कप्तानी की। वे दो माह पहले हुए मुश्ताक अली क्रिकेट टूर्नामेंट में मप्र को फाइनल तक ले गए। इसके बाद उनकी कप्तानी आईपीएल में पक्की हो गई। बल्लेबाजी की टेक्नीक को और बेहतर करने के लिए पाटीदार ने पूर्व भारतीय बल्लेबाज अमय खुरासिया से ट्रेनिंग ली है। रजत के पिता मनोहर पाटीदार बताते हैं कि रजत में टीम को संभालने की पूरी क्षमता है। वह अपनी टीम की कमजोरियों और खूबियों की बारीकी से स्टडी करता है। वह बहुत कूल है। वह पूरी टीम को अपने साथ लेकर चलना जानता है। यह बात उसने सचिन तेंदुलकर से सीखी है।



# डब्ल्यूपीएल : दिल्ली कैपिटल्स ने रोमांचक मैच में आखिरी गेंद पर मुंबई को हराया

**वडोदरा, जेएनएन।** दिल्ली कैपिटल्स ने शानदार गेंदबाजी के बाद बल्लेबाजों के संयमित प्रदर्शन के दम पर महिला प्रीमियर लीग के रोमांचक मैच में शनिवार को मुंबई इंडियंस को आखिरी गेंद पर दो विकेट से हराया। पहले क्षेत्ररक्षण चुनते हुए दिल्ली ने मुंबई इंडियंस को 19.1 ओवर में 164 रन पर रोक दिया। मुंबई के लिये नेट स्किवेर ब्रंट ने नाबाद 80 और हरमनप्रीत कौर ने 22 गेंद में 42 रन बनाये। जवाब में शेफाली वर्मा ने 18 गेंद में 43 रन बनाकर दिल्ली को आक्रामक शुरूआत दी और 60 रन तक दिल्ली ने कोई विकेट नहीं गंवाया लेकिन 16 रन के भीतर चार विकेट गंवा दिये। इसके बाद मुंबई इंडियंस ने मैच में वापसी की और लगभग जीत के करीब पहुंच ही गई थी। एलिसे कैपसी (16), अनाबेल सदरलैंड (13) और सारा ब्राइस (21) टिक नहीं सकी लेकिन निकी प्रसाद ने नाबाद 27 रन बनाकर टीम को जीत तक पहुंचाया। दिल्ली को आखिरी 12 गेंद में 21 रन चाहिये थे और उसके चार विकेट सुरक्षित थे। नौवे नंबर की बल्लेबाज राधा यादव ने छक्का जड़ दिया और निकी ने चौका लगाया लेकिन पांचवीं गेंद पर आउट हो गई। अरूंधति यादव ने आखिरी गेंद पर दो रन लेकर जीत दिलाई। इससे पहले मुंबई के लिये स्किवेर ब्रंट ने शानदार अर्धशतक जड़ा लेकिन दूसरे बल्लेबाजों से उन्हें सहयोग नहीं मिल सका जिससे दिल्ली कैपिटल्स ने मुंबई इंडियंस को 164 रन पर आउट कर दिया। स्किवेर ब्रंट ने 80 रन की नाबाद पारी में 13 चौके लगाये। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने भी 22 गेंद में 42 रन बनाये और इसके साथ ही टी20 क्रिकेट में 8000 रन पूरे किये।



### आखिरी ओवर में दिल्ली ने 10 रन बनाए

दिल्ली को मैच जीतने के लिए आखिरी ओवर में 10 रन की जरूरत थी। मुंबई से जिंतिमनी कलिता ओवर फेंकने आईं। शुरुआती 2 गेंदों पर निकी प्रसाद ने 6 रन बना दिए। आखिरी 2 गेंद पर 2 रन चाहिए थे, यहां निकी प्रसाद आउट हो गईं। आखिरी गेंद पर अरुंधति रेड्डी ने 2 रन लिए और टीम को जीत दिला दी।

# करारी हार के बाद जीत के जज्बे के साथ उतरेगा गुजरात जायंट्स

**वड़ोदरा, जेएनएन।** पहले मैच में करारी हार झेलने के बाद गुजरात जायंट्स को अगर महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में वापसी करनी है तो यूपी वारियर्स के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले मैच में उसे गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण में सुधार करना होगा। गुजरात जायंट्स के बल्लेबाजों में अच्छा प्रदर्शन करते हुए गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के सामने 202 रन का मुश्किल लक्ष्य रखा था लेकिन उसके गेंदबाज अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए और उसकी फील्डिंग भी अच्छी नहीं रही। भारत की विकेटकीपर बल्लेबाज रिचा घोष को अगर पहली गेंद पर ही जीवनदान नहीं मिला होता तो इस मैच का परिणाम भिन्न हो सकता था। घोष ने इसका पूरा फायदा उठाकर 26 गेंद पर 64 रन की तूफानी पारी खेल कर मैच का पासा पलट दिया। गुजरात जायंट्स की तनुजा कंवर ने भी एलिसे पेरी का कैच टपका दिया था जब वह दो रन पर बल्लेबाजी कर रही थीं। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने भी इसका पूरा फायदा उठाया और 34 गेंदों में 57 रन बनाकर बेंगलुरु की जीत में अहम भूमिका निभाई। गुजरात जायंट्स के लिए उसके बल्लेबाजों का प्रदर्शन राहत की बात रही। उसकी तरफ से पूर्व कप्तान बेथ मूनी (56) और एशले गार्डनर (नाबाद 79) ने अर्धशतक लगाए। दूसरी तरफ यूपी वारियर्स एक नई कप्तान, भारत की दीप्ति शर्मा के नेतृत्व में मैदान पर उतरेगी क्योंकि उनकी नियमित कप्तान एलिसा हीली ने लगातार चोटों के कारण प्रतियोगिता से बाहर होने का विकल्प चुना है। दीप्ति सभी प्रारूपों में भारतीय टीम का अहम अंग हैं लेकिन इस 27 वर्षीय खिलाड़ी ने कभी भारत की कप्तानी नहीं की है। यूपी वॉरियर्स का इस सत्र में सबसे मजबूत पक्ष उसका स्पिन आक्रमण माना जा रहा है। उसके पास अनुभवी स्पिनर दीप्ति के अलावा इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन जैसी धुरंधर स्पिनर भी है। इसके अलावा पिछले साल पांच टीमों की लीग में चौथे स्थान पर रहने वाली टीम ने ऑस्ट्रेलिया की अलाना किंग को भी अपनी टीम में शामिल किया है। वारियर्स के पास राजेश्वरी गायकवाड़ और गौहर सुल्ताना के रूप में अच्छी स्पिनर है।




# रोहित का टेस्ट करियर खत्म होगा?

**नई दिल्ली, जेएनएन।** चैंपियंस ट्रॉफी के लिए बुमराह को लेकर भारतीय टीम मैनेजमेंट ने शायद इस वजह से रिस्क नहीं लिया क्योंकि बीसीसीआई उन्हें भविष्य के कप्तान के रूप में देख रही है। नितिन पटेल की अगुवाई वाली अध्यक्षता वाली राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि बुमराह की लेटेस्ट स्कैन रिपोर्ट में कुछ भी गलत नहीं है, लेकिन उन्होंने अभी तक पूरी तरह से गेंदबाजी शुरू नहीं की है। चूंकि चैंपियंस ट्रॉफी मुश्किल से एक हफ्ते दूर थी, इसलिए चयनकर्ता और टीम प्रबंधन कोई जोखिम नहीं लेना चाहते थे। भारत को जून में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेलनी है, उम्मीद है कि इस सीरीज में बुमराह टीम की अगुवाई कर सकते हैं। ऐसे में रोहित शर्मा का क्या होगा? मौजूदा भारतीय कप्तान रोहित।को अब टेस्ट मैचों के लिए टीम में शामिल किए जाने की संभावना नहीं है और टेस्ट टीम के उप-कप्तान बुमराह इस साल जून-जुलाई में इंग्लैंड दौरे से कप्तान के रूप में कार्यभार संभालेंगे। ऐसा समझा जाता है कि विवाद का मुख्य कारण यह है कि बुमराह ने अभी पूरी क्षमता से गेंदबाजी शुरू नहीं की है और मामले की जानकारी रखने वालों का कहना है कि इतने कम समय में मैच के लिए फिट होना बहुत मुश्किल है। इसके बजाय, वह आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए वापस आ सकते हैं और फिर इंग्लैंड में भारतीय टीम को लीड कर सकते हैं क्योंकि रोहित शर्मा को फिर से टेस्ट के लिए चुने जाने की संभावना नहीं है।



# सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन और स्वर्ण पदक हो लक्ष्य : सारंग

### 38वें नेशनल गेम्स में मप्र 82 पदकों के साथ तृतीय स्थान पर

**भोपाल, खेल प्रतिनिधि।** सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने शनिवार को अपने निवास पर 38वें नेशनल गेम्स में पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों से भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों से उनके अनुभव साझा किए और उनकी मेहनत, समर्पण और सफलता की सराहना की। मंत्री सारंग ने कहा कि मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों, कोचों और सपोर्ट स्टाफ की कड़ी मेहनत और समर्पण भाव के कारण ही प्रदेश ने 38वें नेशनल गेम्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 82 पदकों के साथ राज्यों की सूची में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर मध्यप्रदेश ओलंपिक संघ के अध्यक्ष एवं विधायक रमेश मेंदोला, संघ के सचिव दिग्विजय सिंह, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। मंत्री श्री सारंग ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि प्रत्येक खिलाड़ी अपने खेल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने का संकल्प लें और स्वर्ण पदक हासिल करने को अपना लक्ष्य बनाएं। उन्होंने कहा, आपकी मेहनत, आत्मविश्वास और समर्पण ही आपकी सबसे बड़ी ताकत है। मंत्री सारंग ने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए यह भी कहा कि प्रदेश सरकार हर स्तर पर खिलाड़ियों को सहयोग प्रदान करने के लिए तत्पर है, जिससे वे अपने खेल कौशल को निखारकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश और देश का नाम रोशन कर सकें।



### बॉक्सिंग

**54 किग्रा महिला वर्ग -** दिव्या पवार (स्वर्ण पदक)
**50 किग्रा महिला वर्ग -** मलिका मोर (कांस्य पदक)
**57 किग्रा पुरुष वर्ग -** हिमांशु श्रीवास (कांस्य पदक)
**57 किग्रा महिला वर्ग -** माहि लामा (कांस्य पदक)
**92 किग्रा पुरुष वर्ग -** पारस (रजत पदक)

### एथलेटिक्स

**1500 मीटर पुरुष वर्ग -** रितेश ओहरे (रजत पदक)
**शॉटपुट पुरुष वर्ग -** समरदीप सिंह गिल (रजत पदक)
**पोल वॉल्ट पुरुष वर्ग -**देव मीना (स्वर्ण पदक)।

# सिनेर ने डोपिंग मामलों में तीन माह का प्रतिबंध स्वीकार किया

**लंदन, जेएनएन।** शीर्ष रैंकिंग वाले टेनिस खिलाड़ी यानिक सिनेर ने डोप टेस्ट के दो पॉजीटिव मामलों को लेकर विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी से समझौते के तहत तीन महीने का प्रतिबंध स्वीकार कर लिया है। वाडा ने पिछले साल सिनेर पर प्रतिबंध नहीं लगाने के इंटरनेशनल टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी के फैसले को चुनौती दी थी। वाडा पिछले साल सिनेर पर कम से कम एक साल का प्रतिबंध लगाना चाहती थी। सिनेर के शरीर में पिछले साल मार्च में प्रतिबंधित एनाबॉलिक स्टेरायड क्लोस्टेबोल के अंश पाये गए थे। सिनेर ने कहा था कि एक ट्रेनर से मालिश के दौरान यह अंश उनके शरीर में आ गए क्योंकि उसने अपनी ऊंगली कटने के बाद इस पदार्थ का इस्तेमाल किया था। जनवरी में आस्ट्रेलियाई ओपन जीतने वाला इटली का यह खिलाड़ी अगला ग्रैंडस्लैम खेल सकेगा। फ्रेंच ओपन 25 मई से शुरू होगा। सिनेर ने एक बयान में कहा यह मामला एक साल से लटक रहा था और प्रक्रिया इतनी लंबी है कि फैसला साल के आखिर में ही आता। मैंने हमेशा स्वीकार किया है कि मेरी टीम के लिये मैं जिम्मेदार हूं और मुझे लगता है कि खेल की सुरक्षा के लिये वाडा के कड़े नियम जरूरी है। यही वजह है कि मैने मामला निपटाने के लिये तीन महीने के प्रतिबंध की वाडा की पेशकश स्वीकार कर ली। वाडा ने लुसाने स्थित खेल पंचाट में आईटीआईए के फैसले के खिलाफ अपील की थी जो अब वापिस ले ली है।



# वाह! वही बैक लिफ्ट, वही बल्ले का फ्लो... धोनी की याद दिलाता ऋचा का विनिंग सिक्स



**वडोदरा, जेएनएन।** डब्ल्यूपीएल 2025 सीजन के पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने गुजरात जायंट्स को छह विकेट से हराकर अपने खिताब की रक्षा की शुरुआत धमाकेदार अंदाज में की। गुजरात ने 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 201 रन बनाए थे। इसके जवाब में आरसीबी ने 18.3 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 202 रन बनाकर मैच जीत लिया। ऋचा घोष ने मैच जिताऊ छक्का लगाया और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। सोशल मीडिया पर ऋचा घोष की तारीफों का दौर शुरू हो गया। लोग उनकी तुलना पूर्व भारतीय कप्तान एमएस धोनी से करने लगे, जो अपने मैच जिताऊ छक्कों और चौकों के लिए जाने जाते हैं। गुजरात जायंट्स की तरफ से एश्ले गार्डनर ने 37 गेंदों में नाबाद 79 रन की पारी खेली।

# विराट कोहली ने क्यों ठुकराया आरसीबी की कप्तानी का ऑफर?

**नई दिल्ली, जेएनएन।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु यानी आरसीबी ने हाल ही में इंडियन प्रीमियर लीग यानी आईपीएल के आगामी संस्करण के लिए रजत पाटीदार को अपना कप्तान नियुक्त किया। उनसे पहले फाफ डुप्लेसिस कप्तान थे, जिन्होंने आपीएल 2025 से पहले आरसीबी ने ना तो रिटेन किया और ना ही मेगा ऑक्शन में उनको खरीदा। रजत पाटीदार को कप्तान नियुक्त करने के कदम का आरसीबी के प्रशंसकों ने स्वागत किया, लेकिन प्रशंसकों का एक समूह निराश था, क्योंकि वे दिग्गज विराट कोहली को फिर से टीम के कप्तान के पद पर देखना चाहते थे। अगर विराट को कप्तानी का ऑफर मिला भी होगा तो उन्होंने इससे इनकार किया होगा, इसके बारे में पूर्व क्रिकेटर क्रिस श्रीकांत ने बात की। 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रहे और 2011 वर्ल्ड कप के दौरान टीम के चीफ सिलेक्टर रहे के श्रीकांत ने कहा है कि विराट कोहली ने अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान केंद्रित करने के लिए आरसीबी की कप्तानी का प्रस्ताव ठुकरा दिया होगा। मुझे लगता है कि यह सब विराट कोहली से कंसल्ट करने के बाद हुआ होगा। पाटीदार ने घरेलू क्रिकेट में मध्य प्रदेश की कप्तानी की है। श्रीकांत ने कहा कि चूंकि वह आईपीएल कप्तानी के लिए नए हैं, इसलिए उन पर अपेक्षाओं का बहुत अधिक दबाव नहीं होगा। उन्होंने कहा, रजत पाटीदार एक अच्छा विकल्प हैं। वे आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। अच्छी बात यह है कि उनसे बहुत ज्यादा उम्मीदें नहीं होंगी। जब हमने 2007 में धोनी को टी20 विश्व कप का कप्तान नियुक्त किया था, तो उनसे और टीम से बहुत ज्यादा उम्मीदें नहीं थीं। यह कुछ-कुछ वैसा ही है। वे विराट कोहली से सलाह लेंगे, जो उनके लिए मार्गदर्शक होंगे।



# चैंपियंस ट्राफी से पहले फिट हुए इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज डकेट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** चैंपियंस ट्रॉफी से पहले इंग्लैंड के लिए बड़ी खुशखबरी आई है। टीम के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट टूर्नामेंट के लिए एकदम फिट है। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने पुष्टि की है कि बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट की कमर की चोट के लिए स्कैन किया गया है और वह 19 फरवरी से शुरू होने वाली आगामी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए फिट और उपलब्ध हैं। ईसीबी ने एक बयान जारी कर कहा कि बल्लेबाज को बुधवार को अहमदाबाद में भारत के खिलाफ तीसरे और अंतिम वनडे मैच के दौरान फील्डिंग करते समय चोट लग गई थी, जिसके बाद उनके खेलने या ना खेलने पर खतरे के बादल मंडरा रहे थे। भारत के खिलाफ सीरीज में डकेट ने तीन मैचों में 43.66 की औसत और 122.42 की स्ट्राइक रेट से 131 रन बनाए थे और वह इंग्लिश टीम के हाइएस्ट स्कोरर रहे थे। ईसीबी के बयान में कहा गया है, कमर की बायीं ओर चोट के स्कैन से पुष्टि हुई है कि इंग्लैंड के बल्लेबाज बेन डकेट फिट हैं और आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए उपलब्ध हैं।



## पेंशन प्रकरणों की संभागीय समीक्षा बैठक 18 को

**रीवा।** कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद की अध्यक्षता में 18 फरवरी को संभागीय पेंशन प्रकरणों की समीक्षा की जायेगी। कमिश्नर ने निर्देश दिये हैं कि लंबित पेंशन प्रकरणों को पेंशन अधिकारी के समक्ष प्रस्तुतकर निराकरण कराया जाना सुनिश्चित करें।

## उल्लास नवभारत साक्षरता के तहत परीक्षा आज

**रीवा।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत आज 16 फरवरी को रीवा एवं मऊगंज जिले में 48000 असाक्षरों को परीक्षा आयोजित कर साक्षर बनाया जाएगा। जिले की समस्त प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। यह परीक्षा सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक चलेगी।

# लकी ढाबा सहित कई प्रतिष्ठानों में छापा अमानक स्तर की मिली दाल और पनीर

### कोल्ड ड्रिंक के वसूल रहे थे ज्यादा रुपये

### फेमिली ढाबा संचालक ने कार्रवाई बाधित करने किया हंगामा, एसडीएम पहुंचे



जागरण, रीवा

महाकुंभ में तीर्थयात्रियों को उचित दर पर तथा शुद्ध सामग्री उपलब्ध कराने एवं ठहरने की व्यवस्था के संबंध में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने आदेश दिए हैं। इस संबंध में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर होटलों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

खाद्य सुरक्षा, नागरिक आपूर्ति निगम तथा मापतौल विभाग की संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई के दौरान विवेक फैमिली ढाबा मढ़ीकला, मनगवां बाईपास के बिल की जाँच की गई। कस्टमर द्वारा 40 रुपये का कोल्ड ड्रिंक पचास रुपये का विक्रय करने की शिकायत करते पाया गया। संचालक विनोद गुप्ता के पास खाद्य सुरक्षा का कोई लाइसेंस नहीं पाया गया एवं घरेलू सिलेंडर का उपयोग करते पाया गया। संचालक विनोद गुप्ता द्वारा टीम को कार्रवाई करने में हंगामा एवं बाधा उत्पन्न की जा रही थी। तत्काल एसडीएम मनगवां को इसकी सूचना दी गई जो स्वयं ढाबों पर उपस्थित हुए एवं उनकी उपस्थिति में ढाबा संचालक के विरुद्ध एमआरपी से अधिक कीमत पर विक्रय करने, घरेलू सिलेंडर का इस्तेमाल करने तथा अस्वच्छ परिस्थितियों में खाद्य पदार्थों का निर्माण करने का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

**जब्त किये घरेलू सिलेण्डर :** इसके पश्चात गंगेव बाईपास स्थित बटोही ढाबा की जाँच की गई। मोबाइल लैब से मौके पर जाँच कराने पर पनीर एवं अरहर दाल के नमूने के मानक न होने से लीगल नमूना कार्रवाई की गई एवं घरेलू सिलेंडर जब्त किया गया। टीम द्वारा गंगेव बायपास स्थित लकी फैमिली ढाबा की जाँच की गई जिसमें कोल्ड ड्रिंक पाँच रुपये अधिक कीमत पर विक्रय करते पाया गया, संचालक के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। टीम द्वारा ढाबा से सात घरेलू सिलेंडर जब्त किए गए एवं मानक स्तर की जाँच हेतु पनीर दही एवं पेड़ा के नमूने लिए गए। कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमरीश दुबे, साबिर अली, नापतौल से सहायक नियंत्रक विजय खातरकर, खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग से अनमोल जैन सम्मिलित रहे।

### कुछ पर किया रहम

राष्ट्रीय राजमार्ग में कई ढाबा हैं लेकिन टीम ने केवल कुछ चिंहित ढाबों के खिलाफ कार्रवाई करना दर्शित किया है। कई ढाबों में सेंपल लिए जाने की खबर है लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। इससे प्रतीत होता है कि खाद्य एवं औषधि विभाग की टीम दोहरा मापदंड अपना रही है। महाकुंभ यात्रियों से ढाबा संचालक ने खूब वसूला अब जांच के नाम पर विभागीय अधिकारी वसूली में जुट गए हैं। यहां जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमरीश दुबे को सतना में ईमानदारी का ईनाम भी मिल चुका है जिसका प्रकरण विशेष अदालत में प्रचलन में होने की चर्चा है।

## साली के यहां तिलक कार्यक्रम में गये जीजा की मौत

**रीवा।** अपनी साली के यहां तिलक समारोह में शामिल होने रामपुर बघेलान गये बिछिया निवासी एक युवक की कार्यक्रम के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ने के कारण मौत हो गई। उसकी मौत से तिलक कार्यक्रम की खुशियां मातम में तब्दील हो गई। आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। घटना के संबंध में बताया गया है कि बिछिया निवासी उमेश रजक रामपुर बघेलान अपने साली के यहां तिलक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गया था जहां शराब पीने के कारण रात तकरीबन 12 बजे कार्यक्रम के दौरान उमेश की हालत बिगड़ने पर परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। परिजनों ने बताया कि शराब के नशे में होने के कारण अचानक उमेश अचेत हो गया। तबीयत खराब होने के कारण उसे रीवा के संजय गांधी अस्पताल भेजा गया लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।

## सड़क दुर्घटना में जीजा की हुई मौत, साला गंभीर रूप से घायल

**रीवा।** जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार बाइक सड़क से उतरकर सीधे तालाब में जा गिरी। बीते शाम तकरीबन 4 बजे हुई इस घटना में जीजा की मौत हो गई जबकि साला गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार डिहिया निवासी अमरजीत सिंह अपने साले के साथ बाइक से खम्हरिया गांव जा रहा था। बाइक साला चला रहा था। खम्हरिया गांव से डिहिया की ओर जाते समय रास्ते में अचानक मोड आ जाने के कारण बाइक चला रहे साले कृष्णपाल सिंह ने नियंत्रण खो दिया और गाड़ी तालाब में जा गिरी। इस घटना में अमरजीत सिंह की मौत हो गई जबकि उसका साला कृष्णपाल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### परिजनों से नाराज होकर लापता किशोरी को पुलिस ने किया दस्तयाब

जागरण,रीवा। शहर से एक सप्ताह पूर्व परिजनों से नाराज होकर घर से लापता हुई किशोरी को कई जिलों में खेजबीन करने के बाद आखिरकार अमहिया पुलिस ने दस्तयाब कर लिया है। उसके गुमशुदगी की शिकायत होने के बाद हरकत में आई पुलिस ने किशोरी को खेजकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। अमहिया थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल ने बताया कि घर वापसी के बाद किशोरी के न्यायालय में बयान भी दर्ज कराए गए हैं।

## प्रयागराज से आ रही कार ने चाकघाट में महिला को कुचला, मौके पर मौत



**जागरण, रीवा।** जिले के चाकघाट थाना अंतर्गत बघेड़ी के पास दोपहर के समय नेशनल हाईवे तीस में उस वक्त अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया जब प्रयागराज से तेज रफ्तार कार ने पैदल चल रही महिला को कुचलते हुए लोगों के देखते-देखते रुकने के बजाय मौके से फरार हो गई। दुर्घटना का शिकार हुई महिला की मौके पर मौत हो गई। लोगों की सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस ने घेराबंदी करके कार को सोहागी के पास दबोच लिया। कार प्रयागराज से जबलपुर जा रही थी। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रयागराज से आ रही कार क्रमांक एमपी 20 जेडई 272 से चाकघाट में बघेड़ी के पास पैदल जा रही महिला को ठोकर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान चाकघाट थाना क्षेत्र के रामलली मिश्रा पति रूप कुमार मिश्रा उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम पंडापूर्वा के रूप में की गई है। बताया गया कि मृतक महिला प्रयागराज नारीबारी अपने बहन के यहां एक कार्यक्रम में शामिल होकर लौटी थी। वह बघेड़ी पहुंचने पर सड़क हादसे का शिकार हो गई। मिली जानकारी के अनुसार बघेड़ी में महिला को कुचलने के बाद कार चालक रुकने के बजाय मौके से फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों की सूचना पर पुलिस द्वारा घेराबंदी कर सोहागी से पकड़ लिया गया है। फिलहाल पुलिस द्वारा वाहन को जब्त कर लिया है व उसके विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

## स्कूल से लापता हुए छात्र का तीन बाद भी नहीं लगा सुराग

**जागरण, रीवा।** जिले के तराई अंचल में कक्षा सातवीं में पढ़ने वाला 12 वर्षीय छात्र रहस्यमय ढंग से लापता हो गया है जिसका तीन दिन बाद भी सुराग नहीं लग पाया है। छात्र घर से स्कूल जाने के लिए निकला, लेकिन वह ना तो स्कूल पहुंचा और ना ही वापस घर लौटा। परिजनों ने छात्र की काफी तलाश किये जाने के दौरान छात्र की साइकिल स्कूल के ग्राउंड में खड़ी मिली लेकिन वहां ना तो छात्र का स्कूल बैग मिला और ना ही छात्र का कोई सुराग हाथ लगा। परिजनों की शिकायत पर अतरैला थाना पुलिस ने छात्र के अपहरण का मामला दर्ज कर उसकी सरगर्मी के साथ तलाश कर रही है। बताया गया है कि अतरैला थाना क्षेत्र निवासी 12 वर्षीय छात्र सत्यम चर्मकार 13 फरवरी की सुबह रोज की तरह घर से स्कूल जाने के लिए निकला था, लेकिन जब देर शाम तक वह वापस घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। छात्र की तलाश में जुटे परिजन जब स्कूल पहुंचे तो उसकी साइकिल स्कूल के ही ग्राउंड में खड़ी मिली, लेकिन छात्र का कहीं भी अतापता नहीं था। बाद में पता चला कि छात्र उस दिन घर से स्कूल जाने के लिए निकला था लेकिन वह कक्षा में उपस्थित नहीं हुआ। अटेंडेंस रजिस्टर में छात्र अनुपस्थित पाया गया है। परिजनों के साथ-साथ पुलिस छात्र की खोजबीन में जुटी हुई है।

चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्किन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी
MBBS, MD (Dermatology & STD)
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
कामता मेडिकल, ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैण्ड रीवा (म.प्र.) 9399312433, 9981287311

कॉस्मेटिक स्किन एंड प्लास्टिक सर्जरी क्लीनिक
डॉ. सौरभ सक्सेना
एम.बी.बी.एस., एम.एस. (सर्जरी), MCH (प्लास्टि सर्जरी)
07662.352194, 9827268788, 9825935433
समयः 4:00 PM से 7:30PM सोमवार से शनिवार, रविवार 12 PM-02:00PM
पता-साक्षी मेडिकोज के बगल में, LIC क्र.-1 के नीचे, सिरमौर चौराहा, रीवा (म.प्र.)

मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा

कैंसर OPD प्रतिदिन रीवा में
डॉ विनीत कुमार तिवारी (कैंसर सर्जन)
MBBS, MS (सर्जरी)
कामता मेडिकल, ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैण्ड रीवा (म.प्र.) मो.: 9399312433, 9981287311

डॉ. निशा डायलिसिस सेंटर
पता- अग्रवाल नर्सिंग होम, खुटेही, रीवा
24/7 Our Services Dialysis (डायलिसिस)
9174566996, 7771009417, 9302496943

कामता मल्टी स्पेशलिटी क्लीनिक एन्ड डायग्नोस्टिक, रीवा में
डॉ.सचिन सिंह
ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो रोग परामर्श OPD 16 फरवरी, रविवार
मो.: 9399312433, 9981287311

द हार्ट क्लीनिक
डॉ. शिरीष मिश्रा
आराध्या मेडिकल स्टोर, समदड़िया गोल्ड मॉल, शॉप नं. 27, सिरमौर चौक, रीवा (म.प्र.)
फोन न.- 07662 454917 मोबाइल न.: 9752244218

भोपाल के हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ रीवा में
16 फरवरी रविवार, रीवा में
डॉ.पवन कुमार मिश्रा
कामता मेडिकल 9399312433, 9981287311

छावा — अभी देखिए सिनेमाघरों में

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
मो.- 7223850184, 7247097637

GYANASTHALI Sr. Sec. School
[Affiliated to CBSE, New Delhi]
Sirmour Chouraha, Rewa (M.P.)
WE ARE HIRING

| Designation | Qualification |
| --- | --- |
| TGT (English) | Graduation + B.Ed. |
| TGT (Maths) | Graduation + B.Ed. |
| TGT (Science) | Graduation + B.Ed. |
| TGT (Computer) | Graduation + B.Ed. |
| PRT (English) | Graduation + B.Ed. |
| PRT (Maths) | Graduation + B.Ed. |
| PRT (EVS) | Graduation + B.Ed. |
| PRT (Hindi) | Graduation + B.Ed. |
| PRT (Computer) | Graduation + B.Ed. |
| PRE-PRIMARY | Graduation |

Proficiency in subject and fluency in written and spoken English.
Submit your resume by 28.02.2024
between 9 A.M.-2 P.M. at school office only shortlisted candidates will be called for interview.
gyanasthali2019@gmail.com, : +91 9981499988

CENTRAL ACADEMY
ADMISSIONS OPEN for Nursery to Grade I & NOW REGISTRATIONS OPEN for classes II to VI
Academic Session 2025-26
Prospectus cum Admission Forms are available at School Office from 10:00am to 3:00pm on all working days
An ISO 9001:2015 Quality Management System Certified Senior Secondary School, Affiliated to CBSE, New Delhi
Near N.C.C. Office, Civil Lines, Rewa (M.P.) - 486001
Phone: 07662-241788, 421665
E-mail : centralacademyrewa@gmail.com
Website : www.centralacademyrewa.com

स्वस्थ हृदय ही अच्छे स्वास्थ्य की पहचान है।
बैद्यनाथ अर्जुनामृत
अर्जुनामृत में अर्जुन के अलावा विडंग, गोखरू एवं नागकेशर जैसे बहुमूल्य जड़ी - बूटियों से युक्त होने से अधिक गुणकारी है।
• बढ़ती उम्र के लिए लाभकारी।
• अर्जुनामृत के साथ शुध्द शिलाजीत युक्त प्रभाकर बटी का सेवन विशेष लाभदायक है।
वैद्यकीय सलाह : 8448444935 www.baidyanath.co

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः-** मोबाइल नं रीवा- 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com